सेंसेक्स 71,731.42 ▲ -354.21

डॉलर 83.039 ▼ +0.040

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 26.0 | 13.0 | 23.0 |
| धनबाद | 27.0 | 15.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 18.0 | 25.0 |
| पलामू | 26.0 | 13.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 06 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 111, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय ▸ आस का प्रयास दिव्यांगों के जीवन में एक उजाला है ...8

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

अपने बच्चों के साथ मैंने काफी उतार-चढ़ाव ...12 ◂ देश/विदेश







## सूचना

'राष्ट्रीय नवीन मेल' कम से कम कीमत में एक साफ सुथरा अखबार आपको देने की नीति पर चलता रहा है पर महंगाई और न्यूज प्रिंट के मूल्य में वृद्धि के कारण इसकी कीमत में मामूली वृद्धि कर तीन रुपए कर दी गई है। आशा है आप सभी का सहयोग पूर्ववत मिलता रहेगा।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,250

चांदी (किलो) 70,880

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के एनएच 98 कौवाखोह के समीप सोमवार की रात सड़क हादसे में नगर पंचायत के अंबा मोहल्ला निवासी उदित प्रजापति 43 वर्ष कि मौत हो गयी। एएसआई संजय कुमार सिंह ने बताया कि उदित कि मौत स्कॉर्पियो वाहन की चपेट में आने से हुई है। वाहन को जब्त कर लिया गया है।

### 53 साल बाद आया फैसला, हिंदुओं को मिला लाक्षागृह पर अधिकार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के बागपत के लाक्षागृह केस में कोर्ट का फैसला हिंदुओं के पक्ष में आया है। इस मामले में 53 साल बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए लाक्षागृह की 100 बीघा जमीन पर हिंदू पक्ष के अधिकार की बात कही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागवत जिले के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पक्ष में पड़े 47 वोट, विपक्ष को मिले 29 मत, विधायक सरयू राय ने बनाई मतदान से दूरी

# चंपाई सरकार ने जीता विश्वास मत, हेमंत का इमोशनल कार्ड

### बीमारी की वजह से वोट नहीं दे सके झामुमो के रामदास सोरेन व भाजपा के इंद्रजीत महतो

### निर्दलीय विधायक अमित महतो अनुपस्थित रहे, कमलेश सिंह ने विपक्ष के समर्थन में दिया वोट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को चंपाई सोरेन की नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार ने सोमवार को आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में चंपाई सोरेन सरकार को 47 मत मिले, जबकि विपक्ष में 29 वोट पड़े। जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मतदान से दूरी बना ली। सत्ता पक्ष के एक विधायक रामदास सोरेन बीमार होने की वजह से सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। विधायक इंद्रजीत महतो बीमारी की वजह से वोट देने के लिए उपस्थित नहीं हो सके। निर्दलीय विधायक अमित महतो अनुपस्थित रहे। कमलेश सिंह ने विपक्ष के समर्थन में वोट किया। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के बाद कुछ देर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। फिर से सदन की कार्यवाही विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में शुरू हुई। फ्लोर टेस्ट की प्रक्रिया को शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया, जिसके बाद विस अध्यक्ष ने पक्ष ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### किसे कितने वोट मिले

सत्ता पक्ष- जेएमएम-28, कांग्रेस-17 (प्रदीप यादव को लेकर), राजद-01, माले-01

विपक्ष- भाजपा- 25 (बाबूलाल को लेकर), आजसू-03, एनसीपी-01 (कमलेश सिंह)

### कड़ी सुरक्षा में वोट देने आए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन

ईडी की कस्टडी में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी कार्यालय से विधानसभा पहुंचे। विधानसभा पहुंचते ही ईडी की टीम गेट नंबर एक पर रुक गयी। वहां से हेमंत सोरेन विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा में विधानसभा में दाखिल हुए। वो पहले की तरह नेता सदन की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सात फरवरी को मंत्रिमंडल का करेंगे विस्तार

बहुमत साबित करने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सात फरवरी को अपना मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। इस दिन मंत्रियों का शपथ ग्रहण कराये जाने की संभावना है। सरकार का विश्वास मत हासिल करने के बाद सदन की कार्यवाही खत्म होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को दूसरी तरफ ले जाकर बैठ गए और लंबी मंत्रणा की। अपने पॉकेट से एक कागज निकालकर चंपाई सोरेन को सौंपा और करीब 20 से 25 मिनट तक बातचीत की। ऐसा माना जा रहा है कि हेमंत सोरेन ने मंत्रिमंडल का खाका और विभागों के बंटवारे की सूची चंपाई सोरेन को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सात फरवरी को अपने बाकी बचे मंत्रियों का शपथ ग्रहण ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भाजपा ने 2019 से ही सरकार को अस्थिर करने की कोशिश शुरू कर दी थी : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में विशेष सत्र की कार्यवाही जारी है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया है। इससे पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के बाद स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो राज्यपाल को सदन के बाहर छोड़कर सदन में आये। सरकार के विश्वास मत कार्यवाही के लिए स्पीकर ने स्टीफन मरांडी, सीता सोरेन, निरल पूर्ति और रामचंद्र सिंह को उप सभापति मनोनित किया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपनी सरकार की ओर से सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपनी बात यह कहते हुए शुरू की कि हेमंत हैं तो हिम्मत है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार की शुरूआत की गयी थी, लेकिन सरकार बनने के बाद से ही भाजपा ने सरकार को गिराने और अस्थिर करने की कोशिश शुरू कर दी थी। चंपाई सोरेन ने कहा कि सरकार बनते ही कोरोना महामारी आ गयी। लेकिन हेमंत सोरेन ने किसी को भूखे मरने नहीं दिया। राज्य के बाहर पलायन कर रहे मजदूरों को हवाई जहाज से झारखंड लाया। इसके बाद जब कोरोना महामारी खत्म हुई तो सरकार ने बड़े पैमाने पर काम शुरू किया। पहले से ही राज्य में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति काफी खराब थी। हेमंत की सरकार ने चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त किया। किसी की भी भूख से जान नहीं गयी। लेकिन फिर से ये लोग सरकार को गिराने और अस्थिर करने के कोशिश में लग गये। अंतत इन लोगों ने अपनी एजेंसी द्वारा हमारे हेमंत को जेल भेजा और सरकार गिरा दिया। चंपई सोरेन ने कहा कि हम हेमंत सोरेन के सभी काम और योजनाओं का आगे लेकर जाएंगे। चंपाई सोरेन ने कहा कि क्या गरीब के बच्चे को विदेश जाकर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हां हम कहते हैं कि हम हेमंत पार्ट 2 है

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि हां हम कहते हैं कि हम हेमंत पार्ट 2 हैं। शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन का नाम मिटने नहीं देंगे। सोरेन ने आरोप लगाते हुए कहा कि सात करोड़ का घोटाला करने वाले भानू प्रताप शाही पर ईडी की कार्रवाई नहीं हुई, क्योंकि भानू उधर चले गए। विपक्ष हमारे विकास को बर्दाश्त नहीं कर सका, इसलिए विपक्ष ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करवा दिया। आज फिर से विश्वास मत हासिल करना पड़ रहा है, जिसे 2019 में ही हासिल कर लिया था। ये लोग देश में अजीब हालात पैदा कर दिये हैं। ऊपर वाले के घर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



रामगढ़ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को रामगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान साइकिल पर कोयला लाकर रांची में बेचने वाले युवक के साथ बातचीत की।

## अगर मुझ पर घोटाले साबित हुए तो राजनीति ही नहीं, झारखंड छोड़ दूंगा : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को प्रदेश के नए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाषण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि चंपाई सोरेन को मेरे पार्टी और सभी सहयोगी का पूरा समर्थन है। देश की यह पहली घटना है, जब किसी मुख्यमंत्री को राजभवन में गिरफ्तार किया गया हो। सोरेन ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर आठ एकड़ जमीन मेरे नाम से है तो कागज लाएं। अगर मुझ पर घोटाले साबित हुए तो राजनीति से संन्यास ही नहीं, झारखंड छोड़ दूंगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग तो बाहर से आए हैं। यहां के है ही नहीं।

**31 जनवरी देश के लोकतंत्र में काला अध्याय :** हेमंत सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी की रात लोकतंत्र की काली रात थी। देश में पहली बार कोई मुख्यमंत्री गिरफ्तार हुआ है। इस घटना को अंजाम देने में कहीं ना कही राजभवन भी शामिल रहा है, जिस तरीके से यह घटना घटी है, मैं काफी अचंभित हूं। मैं एक आदिवासी वर्ग से आता हूं। नियम कानून का थोड़ा अभाव रहता है। बैद्धिक क्षमता अभी हमारे पास विपक्ष जितनी नहीं है। लेकिन सही गलत की समझ हर इंसान और जानवर भी रखता है।

**2022 से ही गिरफ्तारी के पकवान को धीमी आंच में पकाया जा रहा था :** पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 से ही उनके गिरफ्तारी के पकवान को धीमी आंच में पकाया जा रहा था। पकवान पकने को तैयार नहीं था, लेकिन जैसे-तैसे सुनियोजित तरीके से गिरफ्त में ले लिया गया।

**ये लोग चाहते हैं कि आदिवासी जंगल में ही रहे :** सोरेन ने भाजपा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल गांधी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने की पत्नी से की मुलाकात



**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात की तस्वीर कांग्रेस के सोशल मीडिया एक्स पर भी ट्वीट किया। ट्वीट में लिखा गया है कि आज हम सभी एकजुट होकर न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे, जनता की आवाज बुलंद करेंगे। नफरत हारेगी, आईएनडीआईए जीतेगा।

## इंडिया

# अमर धुनों के गुमनाम रचयिता राम सिंह ठाकुर



सुनील बादल

**कहते** हैं शब्द और संगीत अमर होते हैं पर शायद कम ही लोग जानते होंगे कि हमारे राष्ट्रगान 'जन गण मन...' की धुन हिमाचल प्रदेश के एक स्वतंत्रता सेनानी ने बनाई थी। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आजाद हिन्द फौज के कौमी तराना के नाम से जानेजाने मार्चिंग पास्ट गीत 'कदम कदम बढ़ाए जा' जिसे सुनकर फौजियों के साथ देशवासियों में जोश भर जाता था, की धुन के रचयिता महान स्वतंत्रता सेनानी कैप्टन राम सिंह ठाकुर आज देश के साथ हिमाचल में भी उपेक्षित और गुमनाम हैं. आकाशवाणी के प्रातःकालीन कार्यक्रमों में यह गीत अक्सर बजता है जिसके कवर में उनका नाम अंकित है।

2/1 गोरखा राइफल्स के हवलदार दिलीप सिंह के घर 15 अगस्त 1914 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के सल्ला धारी गांव में जन्मे राम सिंह बचपन में जानवर के सींग से वाद्य यंत्र की धुनें निकालते थे. 1922 में 14 साल की उम्र में गोरखा ब्वॉय कंपनी में भर्ती हुए। ब्रिटिश सेना में सेवाएं देने के बाद वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज में आ गए. ब्रिटिश राज में उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध में सिंगापुर में जापानियों के खिलाफ युद्ध लड़ा। मगर उनकी टुकड़ी को जापानियों ने युद्ध में हराकर बंदी बना लिया। 1942 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इन्हीं युद्धबंदियों को छुड़ाकर इंडियन नेशनल आर्मी(आजाद हिंद फौज) की शुरूआत की. राम सिंह ठाकुर भी उनमें से एक थे। चूंकि उन्हें संगीत का शौक था तो उन्होंने नेताजी के लिए धुन बनाकर सुनाई. द्वितीय विश्वयुद्ध में वीरता के लिए कई मेडल भी मिले। उत्तर प्रदेश में सब इंस्पेक्टर के रूप में लखनऊ आए और पीएसी के बैंड मास्टर बने। 15 अगस्त 1947 को कैप्टन राम सिंह के नेतृत्व में आईएनए (इंडियन नेशनल आर्मी) के आर्केस्ट्रा ने लाल किले पर शुभ सुख चैन की बरखा बरसे...गीत की धुन बजाई थी जो रविंद्रनाथ टैगोर के जन गण मन... का हिंदी अनुवाद था। जॉर्ज पंचम , नेताजी गोल्ड मेडल(आजाद हिंद फौज), उत्तर प्रदेश प्रथम राज्यपाल स्वर्ण पदक, राष्ट्रपति पुलिस पदक, यूपी संगीत नाटक अकादमी, जैसे मेडल्स भी मिले ।



15 अप्रैल, 2002 को उन्होंने अंतिम सांस ली। कैप्टन राम सिंह ठाकुर को वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वह हकदार थे। उनके पैतृक गांव में उनका पुश्तैनी घर आज भी है। इसे उनके रिश्तेदार संभाल रहे हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि ऐसे इतिहास पुरुष की याद में एक स्मारक तक नहीं है। हिमाचल सरकार ने घोषणाओं के सिवाय कभी कुछ नहीं किया।

सरकार की हिमाचल के खनियारा में राम सिंह मेमोरियल पार्क बनाने की घोषणा महज भाषण तक सीमित रह गई। सामुदायिक भवन के लिए पैसा तो मिला लेकिन जमीन नहीं मिल पाई।

राम सिंह ठाकुर मेमोरियल विकास समिति के पदाधिकारियों भगवान सिंह गुरंग, शिवराज थापा, नवीन गुरंग, लव कुमार क्षेत्री, विजय भंडारी, रमेश मस्ताना और जगदीश चंद का कहना है कि स्थानीय लोगों के सहयोग से वर्ष 2006 से महान स्वतंत्रता सेनानी की याद में कैप्टन राम सिंह ठाकुर मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट शुरू किया गया। पर इसे सरकार का सहयोग नहीं मिला। गुड़गांव में रह रहे कैप्टन राम सिंह ठाकुर के पुत्र रमेश ठाकुर कहते हैं कि उनके पिता को सरकार से वह सम्मान नहीं मिला जिसके वह हकदार थे। 15 अप्रैल 2002 को गुमनाम की तरह उन्होंने अंतिम सांसें लीं।

### लोकसभा चुनाव में एनडीए 400 पार

# भाजपा अकेले जीतेगी 370 सीट : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव में तीसरी बार भाजपा की बड़ी जीत का दावा करते हुए कहा कि देश का मिजाज देखकर लग रहा है कि इस बार एनडीए गठबंधन को 400 से ज्यादा सीटें मिलेगी और भाजपा को 370 सीटों पर जीत हासिल होगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जब कहा कि अबकी बार... तो, सत्ता पक्ष की तरफ से जवाब आया 400 पार। उन्होंने कहा कि देश कह रहा है कि फिर सत्ता पक्ष की तरफ से जवाब आया 400 पार। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा राज्यसभा में दिए गए बयान का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब तो खड़गे भी कह रहे हैं अबकी बार और फिर सत्ता पक्ष की तरफ से जवाब आया 400 पार। अपना भाषण जारी रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दिन दूर नहीं हैं। केवल 100-125 दिन बचे हुए हैं। अबकी बार, 400 पार। उन्होंने कहा कि देश का मिजाज देखकर लग रहा है कि इस बार एनडीए गठबंधन को 400 से ज्यादा सीटें मिलेगी और भाजपा को निश्चित तौर पर 370 सीटें मिलेंगी। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के 10 वर्षों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### अनुमंडल परिसर से बाइक चोरी

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के झरगड़ा गांव निवासी महेश कुमार यादव की बाइक हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर से चोरी हो गई। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना हुसैनाबाद थाने में दी है। भुक्तभोगी ने बताया कि वह किसी काम से अनुमंडल परिसर में आया था। बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर चला गया। आधे घंटे बाद वापस आने पर देखा कि बाइक वहां नहीं है। पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के ऊपरी गांव के समीप रविवार की देर रात अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत हो गईं। मृतक सुनील कुमार रजक 24 वर्ष गढ़वा जिला के मेराल थाना क्षेत्र के रेजो गांव का रहने वाला था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल 108 नंबर एम्बुलेंस से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया,परंतु सदर अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गईं। जानकारी के अनुसार वह अपने गांव से हुसैनाबाद में एक शादी समारोह में भाग लेने आ रहा था।

### नए एसडीपीओ का किया स्वागत

**हरिहरगंज।** छतरपुर के नए एसडीपीओ अवध कुमार यादव के प्रभार लेने के बाद झामुमो के पलामू जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन ने सोमवार को छतरपुर स्थित कार्यालय में भेंट कर गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एसडीपीओ के नेतृत्व में अनुमंडल क्षेत्र में अपराध पर पूरी तरह से नियंत्रण होगा। इस अवसर पर समाजसेवी विकास यादव, मृत्युंजय कुमार सिंह मौजूद थे।

### छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शुरू




**हरिहरगंज।** नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार से नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश के आलोक में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण देने काम शुरू हो गया है। प्रशिक्षण में शहरी क्षेत्र के विभिन्न समूहों के 28 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। इसमें समूह की महिलाओं को आर्थिक विकास के लिए स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा। प्रशिक्षक पंकज चौबे के द्वारा फिनायल, सर्फ, सत्तू, बेसन, ब्रेड, मिक्सर अगरबत्ती, पापड़, अचार, आंवला मुरब्बा, हर्बल अबीर गुलाल बनाने एवं मिनरल वाटर के व्यवसाय के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में सहायक प्रशिक्षक ज्योतिष कुमार पाण्डेय, सामुदायिक संगठनकर्ता विचीत्रा कुमारी उपस्थित रहीं।

---

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चलाया अभियान

# भारी मात्रा में शराब व जावा महुआ को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना अंतर्गत ग्राम कुकही के टोला खीलपर सहित विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब व जावा महुआ को नष्ट किया। शराब भट्ठी को ध्वस्त कर शराब निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रिष्मा रामेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन के नेतृत्व में की गई। श्री रंजन ने बताया कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ पलामू पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इस गोरखधंधे में लिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। छापेमारी में लगभग 2000 किलो जावा महुआ, शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बरतन, उपकरण व लगभग 40 लीटर अवैध महुआ शराब नष्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब निर्माण में लगे लोग फरार हो गए। आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान में भारी संख्या में सशस्त्र बल शामिल रहा।

---

## नौ फरवरी से पुरुष व 13 फरवरी से महिला अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की होगी जांच

# गृह रक्षकों के नव-नामांकन के लिए चयनित अभ्यर्थियों का औपबंधिक परिणाम प्रकाशित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला अन्तर्गत गृहरक्षकों के नव-नामांकन को लेकर विज्ञापन संख्या 01/2023 में आयोजित शारीरिक जांच परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का औपबंधिक परिणाम प्रकाशित कर दिया गया है। सफल अभ्यर्थियों में नौ फरवरी से पुरूष व 13 फरवरी से महिला अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच पुलिस लाइन रोड, परिसदन के बगल स्थित झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी के जिला समादेष्टा कार्यालय में होगी। नौ फरवरी को विश्रामपुर, चैनपुर, छत्तरपुर, हरिहरगंज व हुसैनाबाद, 10 फरवरी को हैदरनगर, लेस्लीगंज, मोहम्मदगंज, नावा बाजार, नौडीहा बाजार व मनातू, 11 फरवरी को पीपरा, पांडू, पड़वा, पांकी, रामगढ़ व सतबरवा तथा 12 फरवरी को सदर, पाटन, तरहसी, उँटारी रोड, शहरी गैर-तकनीकी एवं शहरी तकनीकी के पुरूष अभ्यर्थियों तथा 13 फरवरी को विश्रामपुर, चैनपुर, छत्तरपुर, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, हैदरनगर, लेस्लीगंज, मोहम्मदगंज व मनातू, 14 फरवरी को नावाबाजार, नौडीहा बाजार, पीपरा, पांडू पड़वा व पांकी तथा 15 फरवरी को रामगढ़, सतबरवा, सदर, पाटन, तरहसी, उँटारी रोड, शहरी गैर-तकनीकी व शहरी तकनीकी प्रखंड के महिला अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र व चिकित्सा जांच की जाएगी। उपायुक्त कार्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि औपबंधिक रूप से चयनित सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अपने एडमिट कार्ड के साथ जिला समादेष्टा कार्यालय पहुंचेंगे। सभी अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन किये जाने के समय अभ्यर्थी द्वारा अपलोड किये गए सभी प्रमाण-पत्र की मूल प्रति एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से साथ लाना है। साथ ही तीन रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो (नाम सहित) एवं एक फाईल जिस पर अभ्यर्थी का नाम, क्रमांक, प्रखण्ड का नाम लिखा हुआ लाना होगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

### जनकपुरी में नवाह्न परायण महायज्ञ 16 से

**मेदिनीनगर।** बारालोटा स्थित जनकपुरी में 16 फरवरी से आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ के 48वें अधिवेशन को लेकर तैयारी तेज हो गई है। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी ने बताया कि श्रीराम जानकी मंदिर न्यास समिति के तत्वाधान में आयोजितअनुष्ठान में चित्रकुट से अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्रीश्री 1008 जगदगुरु धीरेन्द्राचार्ज जी महाराज और ओरछाधाम (मध्य प्रदेश) से अंतरराष्ट्रीय कथावाचिका मानस मोहिनी संध्या दीदी विशेष रूप से भाग लेकर श्रद्धालुओं को कथा सुनायेंगे। अनुष्ठान 24 फरवरी तक चलेगा। तैयारी में संरक्षक ब्रजेश तिवारी, गिरिजाशंकर तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी, विद्या तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, संजय तिवारी, उपाध्यक्ष अजीत कुमार तिवारी, सचिव प्रदीप तिवारी, उपसचिव मिथिलेश तिवारी, कोषाध्यक्ष शैलेश तिवारी, उपकोषाध्यक्ष अभय पांडेय के अलावा सदस्य रूपेश तिवारी, पंजाब तिवारी, दिनेश्वर मेहता, बिगावन राम आदि तत्परता से जुटे हैं।

### लक्ष्मीपुर में प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार की बैठक

**नौडीहा बाजार।** स्थानीय लक्ष्मीपुर पंचायत के कार्यालय में पंचायत स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार की बैठक मुखिया सह अध्यक्ष हेवंती देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक के दौरान लक्ष्मीपुर के 10 सहायक अध्यापकों के संबंध में चर्चा की गयी। इस दौरान जिन शिक्षकों का प्रखंड अनुमोदन नहीं था, उन्हें घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रखंड अनुमोदन की प्रतिपूर्ति की गई। पिछले 15-20 वर्षो से कार्यरत सभी सहायक अध्यापकों के चयन के संबंध में प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में गठित जांच समिति के द्वारा चिन्हित त्रुटियों का निराकरण किया गया। बैठक में पंचायत सचिव अजय कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, प्राधिकार के सदस्य राजदेव साव व अजित कुमार सिंह एवं शिक्षक सदस्य संतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### दीवाल लेखन कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व सांसद



**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के विभिन्न बूथो पर सोमवार को दीवाल लेखन अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता व पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा मेराल, हिसरा, बरवाडीह, सिरमा के बूथों के दीवालों पर कमल का फूल बनाकर किया गया। उन्होंने एक बार फिर से मोदी सरकार का नारा भी लिखा। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने इस दौरान कार्यकर्ताओं को जागरूक कर उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल मंत्री पूनम देवी, कार्य समिति सदस्य छोटू सिंह, भूतपूर्व अध्यक्ष तुलसी सिंह, बबलू सिंह, पलक गणेश सिंह, झड़ी मियां, महेंद्र पांडे, जिला कार्य समिति सदस्य अशोक तिवारी, कन्हाई राम, महेंद्र साव,अशोक साव उपस्थित थे।

### सीएम चंपाई को निभानी होगी बड़ी जिम्मेदारी

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नए नेता चंपई सोरेन ने आज विधानसभा में बहुमत सिद्ध कर लिया है लेकिन इसके साथ ही उन्हें बड़ी जिम्मेवारी निभानी है। कम समय में झामुमो के चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप कार्य कर राज्य के ऊपर लगे कलंक को मिटाना है। सबसे पहले बालू के कालाबाजारी, खनिज संपदा की लूट व ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग पर रोक, पिछड़ा वर्ग आरक्षण व अतिपिछड़ी वर्ग आयोग का गठन समेत कई कार्य करने हैं। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी कामना करती है कि सरकार उक्त कार्य को पूरा करेगी।

### तीसरी बार जिलाध्यक्ष चुने गए मनोज

**मेदिनीनगर।** विश्वकर्मा समाज पलामू के संगठनिक चुनाव को लेकर लोगों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार मनोज कुमार विश्वकर्मा को अध्यक्ष चुना गया। इससे पूर्व पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने गिरजा विश्वकर्मा की अध्यक्षता में गढ़वा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र विश्वकर्मा व पलामू प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र विश्वकर्मा के निर्देशन मे प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष के निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि जब तक प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव नहीं होगा तब तक जिलाध्यक्ष के रूप मे मनोज विश्वकर्मा ही बने रहेंगे। उपस्थित लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष पर विश्वकर्मा समाज के लोगों को तोड़ने का आरोप लगाया। बैठक में जिला महासचिव लवकुमार विश्वकर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रभु विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र विश्वकर्मा, अजीत विश्वकर्मा, अंबिका विश्वकर्मा, धरमदेव शर्मा, अवधेश विश्वकर्मा, जिला सचिव चंद्रेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, अवधेश शर्मा, कोषाध्यक्ष बिहारी विश्वकर्मा, प्रवक्ता मनोज विश्वकर्मा, मंजीत विश्वकर्मा, सुरज विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, सिंकदर विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### बिल्डिंग डिविजन बना भ्रष्टाचार का अड्डा : विजय ओझा

**मेदिनीनगर।** सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने कहा कि पलामू बिल्डिंग डिविजन भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। इसकी स्पष्ट बानगी इससे पता चलता है कि जिन संवेदकों का बिल्डिंग डिविजन इक्जीक्यूटिव से ग्रुप संख्या ओके था उसी संवेदक को पेपर दिया जा रहा था। कई संवेदकों ने इस पर गहरी आपत्ति जताई है। संवेदकों ने सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा से भी इसकी शिकायत की है। उन्होंने बताया कि पिछले 17 जनवरी को भी हुये टेंडर मैनेज किये गये हैं। श्री ओझा ने डीसी का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

---

# विद्यार्थियों का एडमिट कार्ड नहीं आने के मामले ने पकड़ा तूल

### मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय डंडार कला के प्राचार्य और कंप्यूटर ऑपरेटर पर गिर सकती है गाज

**राष्ट्रीय नवीन मेल में छपी खबर का असर**


इण्टर का एडमिट कार्ड नहीं आने से परीक्षा से हुई वंचित, कार्रवाई की मांग

प्राचार्य व शिक्षकों की लापरवाही से छात्रा का एक साल बर्बाद

नवीन मेल संवाददाता

क्या कहते है प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही के कारण इंटर की छात्रा रिशु कुमारी का नहीं आया एडमिट कार्ड का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रकाशित खबर के बाद शिक्षा विभाग रेस हो गया है। मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य अवध बिहारी सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर को तत्काल तलब करते हुए जबाब मांगा गया है। इधर कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही से कई छात्र - छात्राओं का एडमिट कार्ड नहीं आने की सूचना पर छात्र संगठन ने भी कॉलेज प्रबंधन पर सवाल उठाया है। सोमवार को आइसा छात्र संगठन के प्रदेश सचिव त्रिलोकीनाथ, तरुण कुमार, गुड्डू कुमार समेत कई छात्र संगठन के लोग और अभिभावकों ने कॉलेज पहुंचकर रोष जताया। त्रिलोकीनाथ ने कहा कि अगर छात्र - छात्राओं को एडमिट कार्ड नहीं उपलब्ध कराया जाता है तो कॉलेज में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। गौरतलब हो कि पांकी प्रखंड के डंडार कला स्थित मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय प्रबंधन की लापरवाही के कारण कॉलेज के लाल सूरज कुमार, अनुराग कुमार और रिशु कुमारी का एडमिट कार्ड नहीं आया है।

---


## कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (जिला कृषि कार्यालय, लातेहार)

### आवश्यक सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में कृषि मेला, कार्यशाला, प्रदर्शनी, प्रशिक्षण, भ्रमण, प्रोत्साहन, पुरस्कार एवं प्रचार–प्रसार की योजना अन्तर्गत दिनांक 09.02.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से जिला खेल स्टेडियम, लातेहार के प्रांगण में "जिला स्तरीय कृषि मेला–सह–प्रदर्शनी" का आयोजन किया जा रहा है। इस मेला में प्रगतिशील कृषकों के द्वारा उत्पादित उत्कृष्ट सब्जी, फल, फूल एवं अन्य उत्पादों का प्रदर्शनी लगाया जाएगा एवं उत्कृष्ट उत्पादों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

अतः सभी किसान भाईयों/बन्धुओं/माननीय त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि को किसान मेला–सह–प्रदर्शनी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

निवेदकः
जिला कृषि पदाधिकारी,लातेहार

PR 317922 Agriculture(23-24).D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लोहरदगा

### आवश्यक सूचना

शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों का पंजीयन शिविर आयोजन करने का स्थान एवं तिथि।

| SL. No. | Place | Date | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Kuru Block Premises | 06-02-2024 | |
| 2 | Senha Block Premises | 07-02-2024 | |
| 3 | Bhandra Block Premises | 08-02-2024 | |
| 4 | Kisko Block Premises | 09-02-2024 | |
| 5 | Lohardaga Block Premises | 10-02-2024 | |

शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को अपनी इच्छा अनुसार निर्धारित तिथि एवं प्रखण्ड मुख्यालय में भाग लेकर निबंधन लाभ उठा सकते है

**नोट :–** सभी आवेदक अपने साथ शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छाया प्रति, स्थानीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं 01 (एक) फोटो के साथ भाग लें एवं समय 11:00 बजे।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR.NO.317852 Lohardaga(23-24):D



## कार्यालय–झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा
## विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर, प्रथम–तल

### कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन संबंधी आवश्यक सूचना

गढ़वा जिला अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, गढ़वा रंका, नगर उँटारी, मझिआंव, भवनाथपुर, भण्डरिया, मेराल, धुरकी, चिनियां, रमना, कांडी, खरौन्धी, रमकण्डा, डंडई एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, डंडा, विशुनपुरा, सगमा, केतार एवं बरडीहा में प्रखण्ड के अनामांकित/छीजित बालिकाओं को सम्मिलित करते हुए अद्यतन शीशु पंजी में चिन्हित अथवा माता समिति से अनुशंसित छात्राओं का शैक्षिक सत्र 2024–25 में वर्ग छः में नामांकन कराया जाना है। प्रखण्डवार जनसंख्या प्रतिशत के आधार पर रिक्ति निम्नवत् है–

| क्रं. | क.गां.बा./ झा. बा.आ. विद्यालय का नाम | कोटिवार जनसंख्या प्रतिशत | | | | | नामांकन हेतु रिक्त सीट | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ST | SC | OBC | MIN | BPL/OTH | ST | SC | OBC | MIN | BPL/OTH | कुल |
| 1 | गढ़वा | 7 | 26 | 50 | 17 | 25 | 3 | 10 | 18 | 6 | 13 | **50** |
| 2 | रंका | 31 | 22 | 28 | 19 | 0 | 12 | 8 | 10 | 7 | 13 | **50** |
| 3 | रमकण्डा | 36 | 30 | 27 | 8 | 25 | 20 | 17 | 15 | 4 | 19 | **75** |
| 4 | भण्डरिया | 62 | 17 | 15 | 5 | 0 | 35 | 10 | 8 | 3 | 19 | **75** |
| 5 | मझिआंव | 5 | 37 | 38 | 21 | 25 | 3 | 20 | 21 | 12 | 19 | **75** |
| 6 | चिनियां | 50 | 16 | 27 | 7 | 0 | 28 | 9 | 15 | 4 | 19 | **75** |
| 7 | नगर उँटारी | 27 | 12 | 39 | 22 | 0 | 10 | 5 | 14 | 8 | 13 | **50** |
| 8 | रमना | 12 | 27 | 46 | 13 | 1 | 7 | 16 | 26 | 7 | 19 | **75** |
| 9 | मेराल | 6 | 21 | 33 | 15 | 25 | 5 | 15 | 25 | 11 | 19 | **75** |
| 10 | भवनाथपुर | 19 | 29 | 39 | 13 | 25 | 11 | 16 | 22 | 7 | 19 | **75** |
| 11 | धुरकी | 33 | 23 | 21 | 23 | 25 | 12 | 9 | 8 | 8 | 13 | **50** |
| 12 | काण्डी | 1 | 37 | 57 | 6 | 0 | 1 | 20 | 31 | 4 | 19 | **75** |
| 13 | खरौन्धी | 14 | 27 | 51 | 7 | 25 | 8 | 15 | 29 | 4 | 19 | **75** |
| 14 | डण्डई | 15 | 26 | 45 | 15 | 25 | 12 | 21 | 11 | 12 | 19 | **75** |
| 15 | डण्डा | 0 | 8 | 83 | 9 | 25 | 0 | 3 | 31 | 3 | 13 | **50** |
| 16 | बिशुनपुरा | 6 | 26 | 52 | 16 | 25 | 3 | 10 | 19 | 6 | 12 | **50** |
| 17 | सगमा | 10 | 34 | 44 | 12 | 25 | 4 | 12 | 17 | 4 | 13 | **50** |
| 18 | केतार | 18 | 32 | 45 | 5 | 25 | 6 | 12 | 17 | 2 | 13 | **50** |
| 19 | बरडीहा | 30 | 7 | 48 | 15 | 0 | 2 | 16 | 17 | 2 | 13 | **50** |

विद्यालयवार रिक्ति व नामांकन प्रक्रिया संबंधी आवश्यक जानकारी संबंधित प्रखण्ड संसाधन केन्द्र अथवा विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन फॉर्म संबंधित विद्यालय में उपलब्ध है।

**आवेदन/अभिलेख जमा करने हेतु सामान्य निर्देशः–**

1. नामांकन हेतु अपना आवेदन/अभिलेख संबंधित प्रखण्ड के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/ झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय/प्रखण्ड शिक्षा कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान हाथोंहाथ/डाक के माध्यम से दिनांक– 06.02.2024 से 15.02.2024 तक जमा किया जा सकता है।
2. विद्यालय स्तर पर प्राप्त आवेदन में अंकित बालिकाओं के अभ्यर्थित्व जाँच, प्रखण्ड स्तरीय समिति द्वारा करते हुए नामांकन सूची (प्राथमिकता व प्रतीक्षा सूची) का निर्धारण कर अनुमोदित सूची दिनांक– 20.02.2024 तक जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।
3. राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त दिशा–निर्देश के आलोक में जिला स्तरीय नामांकन समिति द्वारा निम्नवत् कोटि के छात्राओं को प्राथमिकता देते हुए माह फरवरी के अन्त तक अंतिम रुप से मेधा सूची तैयार की जायेगी।
   (क)आदिम जनजाति के समूह की छात्राएं।
   (ख)टैफेकिंग से प्रभावित बालिकाएं।
   (ग)नक्शल प्रभावित बालिकाएं।
   (घ)अनाथ बच्चें।
   (ङ.)एकल अभिभावक बच्चें।
   (च)सुदूरवर्ती क्षेत्र की बालिकाए।
   (छ)अन्य।
4. मार्च 2024 में चयनित छात्राओं को सूचित करते हुए नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर अप्रैल 2024 से शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ किया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी– आकाश कुमार
मो0– 7004961849
ईमेल– s.s.a.garhwa@gmail.com

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR317893 (Human Resource Developement)23-24*D


---

## सम्मान

### भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारी सम्मानित, बढ़ेगा जनाधार

# पार्टी व जनता के विश्वास पर खरा उतरने का जताया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड बारालोटा में सनातन द्वार के पास भाजपा नेता नित्यानंद तिवारी उर्फ फुटनी तिवारी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संचालन सेवानिवृत्त बीपीआरओ सह सामाजिक कार्यकर्ता मनु प्रसाद तिवारी ने किया। कार्यक्रम मे झारखंड प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष जवाहर पासवान , महामंत्री मनोज सिंह तथा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी का नए दायित्व के लिए अभिनंदन किया गया। जवाहर पासवान ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि पार्टी के कार्य को सिद्धि तक पहुंचाने में वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मनोज सिंह ने कहा कि यह सम्मान समारोह पलामू की समस्त जनता को समर्पित है। उनके विश्वास के कारण ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने उन पर विश्वास व्यक्त करते हुए इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। अमित तिवारी ने कहा कि पार्टी व जनता के विश्वास पर वे खरा उतरेंगे। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय नंद पाठक ,अभिमन्यु तिवारी,जितेंद्र तिवारी मुना मिश्रा,विपिन बिहारी सिंह, राजनाथ तिवारी, विजय तिवारी,विष्णु देव शुक्ला,सुनील तिवारी, चंद्रमणि धर दुबे, मनोज तिवारी, अनिल तिवारी,कृष्णा तिवारी,अशोक तिवारी, मनजीत राम, मोती ठाकुर, श्याम किशोर तिवारी उर्फ लाला तिवारी मौजूद थे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

एक महिला शिक्षित होती है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। ऐसे ही नहीं कहा गया है। आज भी घर में होमवर्क बच्चों की मां ही कराती है। ऐसे में हम सभी को महिला शिक्षा की दिशा में गंभीरता पूर्वक प्रयास करना चाहिये।

**डॉ. मोहिनी गुप्ता, प्रभारी प्राचार्य, वूमेंस कॉलेज**

## झारखंड का हीरो बनकर उभरे हेमंत : गुड्डू सिन्हा



**मेदिनीनगर।** चंपाई सोरेन सरकार के विश्वासमत के दौरान सदन में ऐतिहासिक भाषण देकर झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन झारखंड के हीरो बनकर उभरे हैं। अपने वक्तव्य से उन्होंने भाजपा की साजिश को बेनकाब किया है। जेएमएम पलामू के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा उर्फ गुड्डू सिन्हा ने सरकार के भारी बहुमत से विश्वास मत जीतने पर खुशी का इजहार करते हुये यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत ने स्पष्ट कहा कि उन्हें कुर्सी का कोई लालच नहीं है। वे किसी भी कीमत पर झारखंडियों के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि जब से झारखंड में जेएमएम की सरकार बनी है। बाहरी ताकतों को यहां लूट का मौका नहीं मिल पा रहा है। इससे उनमे बौखलाहट है। प्रदेश में सरकार गिराने की बीजेपी की तमाम नापाक कोशिशें नाकामयाब हो गयी। अब फिर से हेमंत राज की ही तर्ज पर झारखंड निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर होते रहेगा।

### नागरिकों ने जयकारे के साथ किया स्वागत

# रामलला का दर्शन कर लौटा बजरंग दल का पहला जत्था



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला का दर्शन कर विहिप-बजरंग दल का पहला जत्था स्पेशल ट्रेन से वापस लौट आया। डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर भारी संख्या में नागरिकों ने जत्थे में शामिल कार्यकर्ताओं का फूलमाला प्रदान कर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं द्वारा इस दौरान स्टेशन के बाद मौजूद दरिद्र नारायण में भोजन वितरित किया गया। विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के जयकारे के साथ दर्शन कर वापस आने वाले विहिप के प्रांत धर्म प्रसार के कामेश्वर चौधरी, विभाग सहमंत्री महेंद्र नाथ, जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, अमित तिवारी, राजीव गोयल, सुरेश वर्मा, गोपाल तिवारी, संदीप प्रसाद गुप्ता, विकास कश्यप, रामव्रत सिंह आदि का स्वागत किया। मौके पर उपाध्यक्ष लाला प्रसाद यादव, सुरक्षा पदाधिकारी नवेंदु त्रिपाठी, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ आदि मौजूद रहे।

### तस्वीर झूठ ना बोले



तस्वीर बता रहा है कि नगर निगम के निर्माण कार्यों में कैसी लूट मची है। मिट्टी पर अलकतरा डालकर रोड बनाया जा रहा है। ठेकेदार लाखों रुपए डकार रहे हैं और निगम के प्रतिनिधि या अभियंता आँख में सुरमा व कान में तेल डाले पड़े हैं। (छाया- भोला)

## एक नजर

### स्थानांतरित एसडीपीओ व निरीक्षक हुये सम्मानित



**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन की मौजूदगी में शहर में एक समारोह का आयोजन कर पलामू से स्थानांतरित हुये एसडीपीओ सुरजीत कुमार व अजय कुमार सहित 13 निरीक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह, बुके व उपहार प्रदान कर उनके कार्यकाल को याद किया गया। अधिकारियों ने भी यहां बिताये दिनों को याद किया।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ीखास गांव के पास रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कजरी गांव निवासी प्रकाश सिंह और अमित सिंह रविवार की शाम अपनी कार से कहीं जा रहे थे। तभी गाड़ी खास गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बिजली के पोल से टकरा गयी। जिससे दोनों घायल हो गये। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। सूचना पर पहुंची पड़वा पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर घायलों को उपचारार्थ चिकित्सालय भेजवाया।

### अल्पसंख्यक मोर्चा ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को दी बधाई

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अमित तिवारी से उनके आवास पर मुलाकात कर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री लड्डू खान ने उन्हें बधाई दी। श्री खान ने कहा कि जिला अध्यक्ष श्री तिवारी संगठन के समर्पित सिपाही रहे हैं। विद्यार्थी काल में एबीवीपी के प्रदेश मंत्री से लेकर पूर्व में भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता का बखूबी प्रदर्शन किया है। उनके नेतृत्व में भाजपा आने वाले दिनों में लोकसभा का सहित विधानसभा चुनाव में भी अपना परचम लहरायेगी।

### झारखण्ड आन्दोलनकारी मोर्चा की बैठक 11 को

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड आन्दोलनकारी मोर्चा पलामू प्रमंडल की बैठक 11 फरवरी को पलामू परिसदन भवन में होगा। बैठक में पलामू, गढवा व लातेहार के झारखण्ड आन्दोलन से जुड़े कार्यकर्ता शामिल होंगे। बिकेश शुक्ला, राजेश पासवान व मुरलीधर चौरसिया उद्बोधन करेंगे।

### डीएसओ ने एमओ व एजीएम के साथ बैठक कर की विभागीय समीक्षा, कहा

# हर हफ्ते पांच पीडीएस दुकानों का निरीक्षण करें एमओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने सोमवार को एमओ एवं एजीएम के साथ बैठक कर आपूर्ति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।सबसे पहले उन्होंने जनवरी माह अंतर्गत खाद्यान्नो के उठाव व माह सितंबर 2023 के आवंटन के अनुरूप चना दाल के वितरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने हरा राशन कार्ड वाले कार्डधारियों के बीच खाद्यान्न का वितरण ससमय करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत पीवीटीजी समूह के लाभुकों के बीच खाद्यान्नों के वितरण में कहीं कोई गड़बड़ी न हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। कहीं से किसी गड़बड़ी की शिकायत मिली तो सम्बंधितों के खिलाफ कार्रवाई होगी।उप विकास आयुक्त के सभागार में हुई इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी एमओ को कम से कम दो दिन प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिये। कहा कि एमओ उपस्थित रहने वाले तिथि को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ साझा करेंगे। उन्होंने सभी एमओ से 5-5 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण हर सप्ताह करने की बात कही। कहा कि आमजनों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

> लाभुकों के बीच खाद्यान्नों के वितरण में कहीं कोई गड़बड़ी न हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये : जिला आपूर्ति पदाधिकारी



### मध्य विद्यालय हमुनंता के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सम्मानित

# सेवानिवृत्ति जीवन की दूसरी पाली की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय हनुमन्ता के प्रधानाध्यापक सरदार यादव की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रमंडलीय अध्यक्ष राणा मनीष सिंह एवं जिला सचिव उपेंद्र कुमार पांडे की मौजूदगी में आयोजित समारोह में प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील पाण्डेय ने कहा कि नौकरी पेशा में कर्मियों को एक दिन सेवानिवृत्त होना ही पड़ता है। सेवानिवृत्ति जीवन की दूसरी पाली की शुरूआत है। इस दौरान सरदार यादव को अंगवस्त्र, फूलमाला व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक अशोक सिंह, राजेंद्र महतो, नागेंद्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, अजय तिवारी, नागेंद्र सिंह, शाहिद अंसारी, हाजिम अंसारी मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक उमाशंकर सिंह ने किया।

### विश्व कैंसर दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

# समय पर उपचार से ठीक हो जाती है कैंसर की बीमारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व कैंसर दिवस पर सदर अस्पताल एएनएम स्कूल में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कैंसर एवं ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोगियों को रोग की पहचान व सावधानी की जानकारी दी गयी। सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह और डीपीएम दीपक कुमार ने कार्यशाला का शुभारम्भ किया। सिविल सर्जन ने बताया कि समय पर उपचार होने से लाईलाज रोग भी ठीक हो जाता है। अधिकांश रोगी रोग का पता लगने पर डरते है और रोग का निदान सही तरीके नही कराने के कारण उनका रोग असाध्य हो जाता है। जिससे बाद में उपचार में परेशानी होती है। कैंसर रोग में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिये। उन्होंने स्तन कैंसर व गर्भाशय कैंसर के लक्षण भी बताये। तम्बाकू एवं नशीले पदार्थों के सेवन को मुंह के कैंसर का प्रमुख कारण बताया। किसी प्रकार की कोई तकलीफ या कैंसर के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सक

## ओबीसी जागरूकता रथ पहुंचा चैनपुर

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के द्वारा आगामी 11 फरवरी को पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार महासम्मेलन की तैयारी के लिए निकाला गया जागरूकता रथ सोमवार को चैनपुर प्रखंड में पहुंचा। इस दौरान पदाधिकारियों ने समाज के सभी लोगों को शिवाजी मैदान पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया। खुरा पंचायत में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुये शैलेश चंद्रवंशी, मुस्तकीम अंसारी, धीरज चंद्रवंशी, सुरेश ठाकुर आदि ने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से ओबीसी के छात्र-छात्राओं को ना तो शैक्षणिक संस्थानों में निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गयी है ना ही छात्रावास उपलब्ध कराया गया है। यह सरासर अन्याय है।

### मेडिकल दुकानों पर सहजता से मिल रही प्रतिबंधित दवाएं

# नशीली दवा की गिरफ्त में युवा पीढ़ी, खतरे में भविष्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाओं की खुलेआम बिक्री की जा रही है। युवा पीढ़ी तेजी से नशीली दवा की गिरफ्त में आ रही है। इससे देश का भविष्य खतरे में है। लोगों का कहना है कि राज्य में जहां गांजा,पोस्ता,अफीम,चरस आदि मादक पदार्थों पर प्रतिबंधित लगाया गया है। वहीं दूसरी तरफ युवा पीढ़ी विशेषकर किशोरवय लड़के मेडिकल दुकानों पर सहजता से उपलब्ध होने वाली घातक दवाओं का शिकार हो रहे हैं। इसकी वजह से शहर में नशेड़ियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नशापान से उन्हें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आर्थिक सभी दृष्टिकोण से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके बाद भी नशा उनके रग-रग में समाया है। चाहकर भी वे हानिकारक लत से विमुख नहीं हो पा रहे हैं। वहीं दवा दुकानदार भी अपने फायदे के लिए बिना डाक्टर की पर्ची देखे ही ये नशीली दवाएं अंधाधुंध बेच रहे हैं। जिससे उनकी अच्छी आमदनी हो रही है। दर्द और एलर्जी से राहत दिलाने के लिए बनाई गई दवाइयों का उपयोग युवा वर्ग नशे के लिए करने लगे है। नशे का ये सामान मेडिकल स्टोर में 2 रुपए से लेकर 15 रुपए में आसानी से उपलब्ध हो रहा हैं।

#### दवाओं का नशे के रूप में प्रयोग खतरनाक



इस संबंध में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डा. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि कफ सिरप और टैबलेट का नशा के रूप में उपयोग करना काफी खतरनाक है। इससे ब्रेन में सीधा असर पड़ता है। ब्रेन का विकास बाधित होने के साथ इसके सेवन से लीवर व किडनी भी खराब हो जाता है।

> दर्द और एलर्जी से राहत दिलाने के लिए बनाई गई दवाइयों का उपयोग युवा वर्ग नशे के लिए करने लगे है

> नशापान से उन्हें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आर्थिक सभी दृष्टिकोण से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है

### नरसिंहपुर पथरा में खुला किसान सुविधा केंद्र, मिलेगी राहत

# ई-अन्नदाता के तहत बनाया जायेगा कार्ड



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा में सोमवार को किसान सुविधा केंद्र का उद्घाटन पूर्व जिला पार्षद शैलेश कुमार शैलू, चैनपुर उत्तरी पूर्व जिला पार्षद विकास कुमार चौरसिया उर्फ संटू, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह मुखिया पति व्यास राम चौरसिया व पूर्व पंचायत समिति सदस्य इंदल प्रसाद चौरसिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उन्होंने केंद्र के संचालक आशीष कुमार को शुभकामनाएं दी। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र के खुलने से क्षेत्रवासियों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ई- अन्नदाता अंतर्गत किसानों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा ,बीमा, सफल मंडी जैसी सुविधाओं के लिए कार्ड बनाया जायेगा। क्षेत्र में किसान सुविधा केंद्र की शिद्दत से आवश्यकता महसूस हो रही थी। मौके पर जद्दू कुमार सिन्हा, अयोध्या राम उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों का उत्साह

# दौड़ में सिंटू व गणेश ने मारी बाजी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू के तत्वावधान में जिला स्कूल के मैदान में दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन कर 50 मीटर दौड़ के जूनियर व सीनियर वर्ग में सिंटू व गणेश ने बाजी मारी। पांकी के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह एवं एडीपीओ उदय सिंह ने विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया। क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि मजबूत मन-मस्तिष्क के साथ प्रयास करने पर मंजिल अवश्य मिलती है। संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। प्रतियोगिता में कक्षा-1 से 8 एवं कक्षा-9 से 12 तक के 150 दिव्यांग बच्चों ने चित्रकला, रंगोली, कुर्सी रेस एवं 50 मीटर की दौड़ में भाग लिया। आयोजन में प्रभारी राजीव कुमार, आमोद सिन्हा, श्याम किशोर सिंह, अतुल कुमार अखौरी,नीरज कुमार,संतोष कुमार,अजय पाण्डेय, विजय शुक्ला, पुष्पा कुमारी,बीपीओ रोहित कुमार गुप्ता, नरेन्द्र सिंह,अनु सिंह,बीपीएम जरीना प्रवीण व रेखा कुमारी, श्याम सुंदर वर्मा एवं विनोद कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### चंपाई सरकार का बहुमत प्राप्त करना लोकतंत्र की जीत

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने कहा होर्स ट्रेडिंग के प्रयास के अटकलों के बीच झारखण्ड विधानसभा के विशेष सत्र में चंपाई सोरेन सरकार का बहुमत प्राप्त करना लोकतंत्र की जीत है। उम्मीद है कि नयी सरकार चौतरफा विकास को जमीन पर उतारने के साथ ही खासकर पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में पलामू के परम प्रतापी आदिवासी राजा मेदिनी राय अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी नीलाम्बर-पीताम्बर की प्रतिमा शीघ्र स्थापित कर पलामू वासियों के चिरप्रतीक्षित मांग को पूरा कर संविधान बचाओ मोर्चा के आन्दोलन को समाप्त कराएगी। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के आदिवासी-मूलवासी को एकजुट होकर सीएम चंपाई सोरेन का साथ देना चाहिए।

### शहीद सूरज की मनायी गयी पुण्यतिथि

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा पंचायत के कोल्हुआ खुर्द गांव में शहीद सूरज दूबे की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। चैनपुर उत्तरी के जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया की उपस्थिति में आयोजित समारोह के प्रारंभ में गांव के गुरु अगस्त द्विवेदी ने मंत्रोच्चारण के साथ शहीद सूरज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। इस दौरान वातावरण सूरज दूबे अमर रहे, भारत माता की जय, एवं वंदे मातरम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

## चिंताजनक

### जानवरों के लिये नुकसानदेह है माइकेन्या घास, तेजी से होता है प्रसार

# पीटीआर में फैल रहे जापानी लोटा घास ने बढ़ाई चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वन्य जीवों के लिये नुकसानदेह माइकेन्या अर्थात जापानी लोटा घास के बढ़ते फैलाव ने प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि वन्य जीव इस घास का सेवन नहीं के बराबर करते हैं, किंतु तेजी से फैलने वाला यह घास अपने आसपास किसी अन्य घास को पनपने नहीं देता है। क्योंकि काफी घना होने के कारण इसके नीचे सूर्य का प्रकाश प्रवेश नहीं कर पाता है। इससे इसके नीचे अन्य घासों को पनपने का अवसर नहीं मिलता है। जाने-माने वन्य प्राणी विशेषज्ञ डीसी श्रीवास्तव ने बताया कि यह घास अब पलामू टाइगर रिजर्व में काफी देखी जा रही है। इस घास का असल नाम माइकेन्या है। असम प्रदेश में इसी माइकेन्या घास को जापानी लोटा कहा जाता है। यह घास 24 घंटे के अंदर 80 से 90 मिलीमीटर तक बढ़ती है और इसकी एक डाली से एक मौसम में 20 से 40000 बीज हवा में फैल जाते हैं। इसे बोने की आवश्यकता नहीं पड़ती। हवा में उड़कर इस घास के बीज स्वतः ही फैलते जाते हैं।

> असम प्रदेश में इसी माइकेन्या घास को जापानी लोटा कहा जाता है। यह घास 24 घंटे के अंदर 80 से 90 मिलीमीटर तक बढ़ती है




#### सालों भर उगी रहती है घास

जापानी लोटा घास सालों भर उगी रहती है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि सामान्यतया घास मौसमी होते हैं, किंतु जापानी लोटा घास सर्दी, गर्मी, बरसात सभी मौसम में समान रूप से प्रसार करने में सक्षम होते हैं।

#### शाकाहारी जीवों की बढ़ेगी परेशानी



जापानी लोटा घास को घरेलू सहित वन्य जीव भी नहीं खाते हैं। यदि भूलवश कोई इसका सेवन कर ले तो वह बीमार पड़ जाता है। इसके प्रसार से पीटीआर में अन्या घासों का विकास रूक जायेगा। परिणामस्वरूप पीटीआर में रहने वाले चीतल, हिरण, बायसन आदि शाकाहारी जानवरों को आहार की कमी हो जायेगी। उन्होंने प्रबंधन से इस घास के क्षेत्रों की मैपिंग कराकर इसे समूल नष्ट करने का सुझाव दिया है।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### व्यवसायियों ने नवागत एसडीपीओ से की मुलाकात

**श्रीबंशीधर नगर।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रभार लेने के बाद नवागत एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह से सोमवार को वरिष्ठ व्यवसायी व समाजसेवी महमूद आलम एवं तस्लीम खान ने मुलाकात कर बुके देकर गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि यहां सभी लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में परस्पर सद्भाव के साथ रहते हैं। एसडीपीओ श्री सिंह ने कहा कि पुलिस आमजनों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है।

### सड़क दुघर्टना में घायल युवक की मौत

केतार। प्रखंड क्षेत्र के बांसडीह गांव निवासी सड़क दुर्घटना में घायल राम विचार पासवान के पुत्र गोविंद पासवान की इलाज के दौरान सदर अस्पताल गढ़वा में मौत हो गई। जबकि घायल भानु गुप्ता और सत्यनारायण का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये भेजवाया। शव का अंतिम संस्कार सोमवार की देर शाम गांव के पंडा नदी किनारे किया गया। इस घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है।

### शिव शक्ति महायज्ञ के दौरान रासलीला का आयोजन



**सगमा।** भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ के सातवें दिन रासलीला कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव,झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी,राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने संयुक्त रूप से विधिवत आरती कर किया। यज्ञाचार्य द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिनिधियों ने सभी को शुभकामना देते हुये कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष मनोज दुबे,संयोजक डा. हरिदास, पूर्व मुखिया नारायण दास यादव, बसंत पाल,देवचंद यादव,चंद्रकांत यादव,धनंजय यादव,अरुण यादव,अमरनाथ पांडेय,राहत हुसैन, श्रवण सिंह,सरजुल पासवान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

# एसडीओ ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में एसडीओ रतन कुमार सिंह ने 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित मतदान केंद्रों के वेनरेबले मैपिंग के संदर्भ में सभी सेक्टर दंडाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मतदान केंद्रों के वेनरेबले या क्रिक्टिकल बूथ के रूप में चिन्हित करने हेतु बिंदुवार विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में नगर ऊंटारी के राजस्व उपनिरीक्षक बजेंद्र कुमार उपाध्याय, शंभू लाल रजक,नागेश्वर राम, पंचायत सचिव नंदकिशोर मेहता, विरेन्द्र कुमार सिंह, कनीय अभियंता मनरेगा रणधीर कुमार, सहायक अभियंता मनरेगा उज्जवल कुमार अग्रवाल, बीपीओ राजदीप कुमार, जन सेवक प्रशांत कुमार, ज्ञानचंद केशरी, खरौंधी प्रखंड के राजस्व निरीक्षक मुजीब अहमद खान,केतार प्रखंड के राजस्व उप निरीक्षक अरुण कुमार उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय पारंपरिक कुश्ती में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, खिलाड़ी होंगे प्रेरित

# पहलवान इंद्र बहादुर ने जीता स्वर्ण पदक




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता में गढ़वा जिले के इंद्र बहादुर सिंह ने 90 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। जबकि 59 किग्रा भार वर्ग में दीपक कुमार ने रजत पदक झटका। इससे पूर्व दो बार राष्ट्रीय पुलिस खेलकूद कुश्ती प्रतियोगिता में इंद्र बहादुर रजत पदक जीत चुके हैं। वहीं दीपक कुमार भी राष्ट्रीय स्कूल कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहार, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त ,वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, समाजसेवी सह पारंपरिक कुश्ती संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विजय केसरी आदि ने हर्ष जताते हुये कहा कि इससे अन्य खिलाड़ियों को भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।

**दीपक कुमार ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में झटका रजत**

### ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा पत्रक, जताई नाराजगी

# अबुआ आवास के लाभुक चयन में मनमानी




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के पाचाडुमर और परती कूशवानी पंचायत के अबुआ आवास योजना के लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय से जारी होते ही अनियमितता का आरोप लगाते हुये ग्रामीण भड़क उठे। सोमवार को प्रखंड कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराने पहुंचे ग्रामीणों ने बीडीओ को पत्रक सौंपकर नाराजगी जताई। बीडीओ सावित्री कुमारी के कार्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण प्रधान सहायक सिदेश्वर नाथ सिंह को आवेदन दिया। ग्रामीण ललिता देवी, सीमा देवी, रामलाल पासवान,सुनेश्वर बैठा, मुकेश सिंह,सोनू सिंह,बाबुलाल यादव, श्याम सुंदर पासवान,ऊषा देवी, धर्मेन्द्र राम, गौतम सिंह, बसंती देवी, रंजय यादव, गुलजरी देवी, राजो कुंवर आदि ने बताया कि पाचाडुमर और परती कूशवानी पंचायत में अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन में बिचौलिया के माध्यम से घर- घर जाकर सत्यापन न करते हुए एक जगह बैठकर ही लाभुकों का चयन कर लिया गया है। इस दौरान योग्य लाभुकों का नाम भी सूची से हटा दिया गया है। जबकि परती कुशवानी पंचायत के कुछ ग्रामीणों को पूर्व में पीएम आवास का लाभ मिलने के बाद भी उनका नाम अबुआ आवास की फाइनल सूची में है। यही तक की जिनका पक्का मकान, गाड़ी और सरकारी नौकरी है। उनका नाम भी सूची में जोड़ दिया गया है। जबकि दर्जनों योग्य लोग आवास से वंचित रह गये है। इस मौके पर उप प्रमुख शम्भू सिंह, पाचाडुमर मुखिया श्याम सुंदर बैठा भी मौजूद थे।

**सुधार न होने पर आंदोलन**

ग्रामीणों का कहना है कि यदि अबुआ आवास की सूची दुरुस्त नहीं की गयी तो लामबंद होकर वे आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। उन्होंने गांव में ग्रामसभा कराकर अबुआ आवास योजना के योग्य लाभुकों का चयन करने का आग्रह किया है। विदित हो कि पचाडुमर पंचायत में 59 और परती कूशवानी पंचायत में 62 लोगों की पहली सुची जारी की गयी थी।

**अयोग्य लाभुकों का नाम हटाया जायेगा: बीडीओ**

प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने कहा कि दोनों पंचायतों के ग्रामीणों से सूची में अयोग्य व्यक्ति का नाम रहने पर आपत्ति मांगी गई थी। इसकी जांच कराकर अयोग्य लोगों का नाम हटाकर योग्य लाभुकों को ही आवास योजना का लाभ दिलाया जायेगा।

**जांच कराकर अयोग्य लोगों का नाम हटाकर योग्य लाभुकों को ही आवास योजना का लाभ दिलाया जायेगा।**

### ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मुराद पूरी

# पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के पाचाडुमर गांव के उरांव टोला में आंगनबाड़ी केंद्र से मुख्य पथ तक लगभग 20 लाख रुपए की लागत से पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास भाजपा के वरिष्ठ नेता भगत दयानंद यादव व जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अतिथि द्वय ने कहा कि इस टोले के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। इस पर पहल करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने पीसीसी सड़क की स्वीकृति दिलायी। इस दौरान संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, विक्रमा सिंह,अखिलेश सिंह,गुडन पासवान,सत्येंद्र ठाकुर,सकल देव बैठा, राजकुमार पासवान,संतोष कमलापुरी, बुल्लू बैठा,हीरालाल ठाकुर,बीरबल मेहता, नागेन्द्र बैठा, योगेंद्र उरांव, मुन्ना सिंह उपस्थित थे।

# कदाचार मुक्त परीक्षा की बनी रणनीति



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** मैट्रिक तथा इंटर परीक्षा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो द्वारा सोमवार को परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक, पुलिस प्रशासन, बैंक के शाखा प्रबंधक और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियो के साथ बैठक की। बीडीओ श्री महतो ने बताया कि बैठक में छह फरवरी से 26 फरवरी तक चलने वाली मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा को कदाचार मुक्त ढंग से संपन्न कराने की रणनीति बनाई गयी। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों की साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे, शौचालय इत्यादि व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। परीक्षा केन्द्रों पर लड़कियों की जांच के लिए महिला वीक्षक होंगी जो घेरा के अंदर लड़कियों की जांच कर प्रवेश देंगी। उस जगह को सीसीटीवी से अलग रखा जाएगा। परीक्षा के दौरान प्रखंड तथा जिला स्तर के पदाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जायेगा। विद्यार्थियों द्वारा कदाचार करते पकड़े जाने पर नियमानुसार उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मामला नव प्राथमिक विद्यालय लहराहा का

# बच्चों को नहीं मिला मध्याह्न भोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत आदिवासी बाहुल गांव लहराहा के नव प्राथमिक विद्यालय में अध्यक्ष और सचिव की लापरवाही के कारण सोमवार को बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिल पाया। सोमवार को विद्यालय में एमडीएम नही बनने से विद्यालय के बच्चे मध्याह्न भोजन से वंचित रहे। विद्यालय में कुल 38 बच्चे नामांकित हैं। जिसमें सोमवार को सिर्फ 11 बच्चे ही उपस्थित थे। विदित हो कि सरकार द्वारा भले ही सरकारी स्कूलों की दशा बदलने के लिए कई योजनायें संचालित की जा रही हैं, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते स्कूलों में इन योजना का लाभ समय पर छात्र-छात्राओं को नहीं मिल पा रहा है। संयोजिका रेखा देवी ने बताया कि लहराहा नव प्राथमिक विद्यालय में आज मध्याह्न भोजन नहीं बना है। ऐसा हेड मास्टर बैजनाथ सिंह एवं अध्यक्ष लल्लू कोरवा के चलते हो रहा है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक बैजनाथ सिंह से पूछे जाने पर बताया कि मेरा अभी ट्रेनिंग चल रहा है। मध्याह्न भोजन की जिम्मेदारी अध्यक्ष को सौंपे हुए थे। शिक्षा विभाग के बीपीओ रविंद्र मेहता से पूछे जाने पर बताया कि मध्यान भोजन बंद होने की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा मामला है तो कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### विधान सभा में बहुमत, जश्न मनाने सड़क पर उतरे कार्यकर्ता

**डंडई।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को दूसरी बार बहुमत सिद्ध होते ही महागठबंधन के लोग जश्न मनाने सड़क पर उतर आए । गठबंधन पार्टी में प्रमुख रूप से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष भोलाराम,क्यूमुद्दीन अंसारी,शरीफ अंसारी,जेएमएम पार्टी के चंद्रशेखर प्रसाद, दीनानाथ पांडे,राजेश मेहता, राजद के राजा लाल सिंह ,तोहिद अंसारी, फखरुद्दीन अंसारी, नसरुद्दीन हाफि इत्यादि लोगों ने भाग लिया। तानाशाही नहीं चलेगी के नारे के बीच कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर आतिशबाजी की गयी। भोलाराम ने कहा कि ईडी भारत सरकार की स्वतंत्र जांच एजेंसी की जगह भाजपा सरकार का तोता बनकर रह गया है। चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि भाजपा के लोग मंत्री बनने की उम्मीद में शुरू से ही हेमंत सरकार को गिराने में लग गए थे, लेकिन उसमें वे सफल नहीं हुये तो ईडी का सहारा लेना शुरू कर दिए।

### 382 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

केतार। प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय केतार को दसवीं बोर्ड परीक्षा सेंटर बनाया गया है। इस सेंटर पर उच्च विद्यालय छाताकुड़ और उच्च विद्यालय परसोडीह के 382 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। छाताकुड़ उच्च विद्यालय के 165 और उच्च विद्यालय परसोडीह के 217 परीक्षार्थी इस सेंटर पर दसवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे।

### पुल से नीचे गिरने से युवक घायल

**भवनाथपुर।** थानांतर्गत टाऊनशिप सीआईएसएफ बैरक के समीप नदी के पुलिया में साइकिल सहित नीचे गिरने से घाघरा निवासी सुरेश कोरवा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पुलिया के नीचे से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। घटना के बारे में घायल सुरेश ने बताया कि टाऊनशिप से साइकिल से अपने घर घाघरा जा रहा था। नशे के हालत में होने के कारण पुलिया के नीचे गिर गया।

### अगले एक हफ्ते तक कभी बारिश तो कभी तेज हवा के साथ बूंदाबांदी के आसार

गढ़वा। जिला मुख्यालय सहित अधिसंख्य हिस्सों में रविवार रात और सोमवार सुबह हल्की बारिश हुई। सुबह आठ बजे के बाद मौसम साफ हुआ। आसमान में हल्का बादल के बीच धूप भी निकला। उससे लोगों को ठंड से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अगले 10 दिनों तक मौसम में काफी उतार चढ़ाव का अनुमान है। वहीं एक हफ्ते तक कभी वर्षा तो कभी तेज हवा के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार ने बताया कि मौसम विभाग के पूवार्नुमान अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर साफ-साफ दिखाई दे रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण कश्मीर, लद्दाख व हिमाचल प्रदेश के ऊपरी भाग में बर्फबारी व बारिश हो रही है। उसका असर गढ़वा में भी पड़ रहा है। रविवार को जिले में कहीं अच्छी वर्षा तो कहीं बूंदाबांदी हुई है। सोमवार को भी आसमान में बदल दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगले 10 दिनों तक मौसम में काफी उतार-चढ़ाव रहने का अनुमान है। वहीं अगले एक सप्ताह तक कभी वर्षा तो कभी तेज हवा के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। तापक्रम में भी बदलाव होगा। दिन का तापमान 25-29 डिग्री सेल्सियस व रात का तापक्रम 14 -17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। वर्तमान में पूरे झारखंड में न्यूनतम तापमान गढ़वा में ही बना हुआ है। 15 फरवरी के बाद मौसम में अकस्मात बदलाव होगा और गर्मी बढ़ेगी। वर्तमान में हो रही वर्षा रबी फसलों के लिए वरदान व गर्मा फसलों की तैयारी के लिए अनुकूल है। वर्तमान वर्षा से गेहूं, सरसों, चना, मसूर, आलू व अन्य सब्जियों को लाभ मिलेगा। साथ ही आलू में झुलसा रोग का आक्रमण थोड़ा कम होगा। उन्होंने बताया कि अगर खेत खाली है और वर्षा के कारण खेत में नमी है तो किसान एक गहरी जुताई कर खेत को छोड़ दें। उससे आने वाले गर्मी से खेत के कीट, रोगाणु व खरपतवार के बीज मरेंगे। उससे आने वाले खरीफ फसल का पैदावार अधिक मिलेगा।

### सक्षम पंचायत को लेकर बैठक आज

**मझिआंव।** जिलांतर्गत आकांक्षी मझिआंव प्रखंड के पंचायतों को सक्षम बनाने को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई है। उक्त आशय का पत्र बीडीओ सतीश भगत ने जारी किया गया है। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बैठक में मझिआंव आकांक्षी प्रखंड के ग्राम पंचायतों को सक्षम बनाने के काम में लगे पिरामल फाउंडेशन के कर्मियों के सहयोग से सभी ग्राम पंचायतों को सक्षम बनाने को लेकर 6 फरवरी को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बैठक आहूत की गई है। बैठक में ग्राम पंचायत को सक्षम बनाने के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना को सुदृढ़ करना, पंचायत प्रतिनिधियों का नेतृत्व विकास और क्षमता निर्माण करना, नीति सूचकांक को सुदृढ़ बनाने में सहयोग करना, ग्राम पंचायत के विभिन्न विभागों व लाभुकों के साथ सहयोग स्थापित करने सहित अन्य मामले पर विचार विमर्श किया जाएगा। एसबीआई बरडीहा शाखा के शाखा प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ चंद्री के शाखा प्रबंधक, ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक, सीडीपीओ, एमओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के बीइइओ, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, अस्पताल के बीपीएम सहित अन्य कर्मचारियों व पदाधिकारियों को बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया गया है।

### पुल निर्माण के लिये खोदा गया था गड्ढा, अंधेरे में नहीं देख पाया युवक

# गड्ढे में गिरने से युवक की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने किया सड़क जाम**



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी-धुरकी निर्माणाधीन पथ स्थित बरडीहा गांव के समीप पुल निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि रविवार की देर रात सगमा निवासी 28 वर्षीय जयप्रकाश गुप्ता अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अंधेरा होने के कारण वे पुल निर्माण के लिये सड़क के मध्य में खोदे गये गड्ढे में गिर गये। स्थानीय लोग व पुलिस प्रशासन की मदद से घायल जयप्रकाश को अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जयप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सोमवार को धुरकी-नगर ऊंटारी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी, पुलिस अवर निरीक्षक रत्न कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को समझाया। ठेकेदार द्वारा उचित मुआवजा देने के आश्वासन पर लोगों ने जाम समाप्त किया। मौके पर पूर्व जिपस नंद गोपाल यादव,उप प्रमुख अर्जुन पासवान,सगमा मुखिया तेजलाल राम,उपमुखिया मंगलेश यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, सोनु पांडेय,दिलीप यादव,बबलू ठाकुर, जितेंद्र कुमार,धर्मेंद्र कुमार मौजूद थे।

# नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान आज से

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** स्थानीय सिलीदाग ग्राम में महाबली हनुमान के नवनिर्मित भव्य मंदिर में मंगलवार से आयोजित होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का आगाज होगा। आठ फरवरी को नगर भ्रमण के बाद वृहद भंडारे का आयोजन किया जायेगा। महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हमारे पुरखों ने मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था जो अब पूरा होगा। पूर्व सरपंच निर्मल सिंह के घर के पास चबूतरा बना कर भगवान की पूजा अर्चना करते चले आ रहे थे। अब भव्य मंदिर बन जाने से ग्रामीणों एवं अगल-बगल के गांवों के श्रद्धालुओं को पूजा करने में कोई समस्या नहीं होगी। मंदिर निर्माण में पूर्व सरपंच, सतीश कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह एवं अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बुधवार को वेदी पूजन और गुरुवार को अधिवास, नगर भ्रमण के बाद प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान होगा।

## कार्यक्रम

### ओबीसी जागरूकता रथ पहुंचा चौरियां बाजार एवं कुपा गांव

# हक-अधिकार के लिये मिलकर करना होगा संघर्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ सोमवार को चौरिया बाजार व कूपा पंचायत के गांवों में पहुंचा। इस दौरान नुक्कड़ सभा कर लोगों को जागरूक किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय संयोजक गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि ओबीसी मोर्चा रथ का उद्देश्य ओबीसी को उनका हक-अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। अजय वर्मा ने कहा की ओबीसी समाज का मकसद उचित हक और अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार में ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण मिलता था, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार ने आरक्षण ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा की ओबीसी की आबादी 65 प्रतिशत है फिर आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। समाजसेवी विनोद कुमार चौधरी ने कहा ओबीसी का जनसंख्या के अधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने जातीय जनगणना कराते हुए 52 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग किया है। उन्होंने कहा की देश के विकास में ओबीसी समाज की बड़ी भागीदारी है। उन्होंने ओबीसी समाज के लोगों को 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में आने का आग्रह किया है। मौके पर प्रहलाद चौधरी, जमुना चौधरी, जसमुद्दीन अंसारी,अवधेश चौधरी, विद्या चौधरी, विमलेश चौधरी मौजूद थे।

**11 फरवरी को शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में महासम्मेलन का आयोजन किया गया है**

## एक नजर

### रेशमा रेखा मिंज ने बीडीओ का लिया पदभार

**बरवाडीह।** बरवाडीह के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद में रेशमा रेखा मिंज ने सोमवार को अपना योगदान दे दिया है। इससे पूर्व निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार समेत प्रखंड एवं अंचल कर्मियों ने जोरदार तरीके से उनका स्वागत किया। वहीं इस अवसर पर राकेश सहाय ने सुश्री मिंज का अभिनंदन करते हुए बुके भेंट किया। इसके साथ ही निवर्तमान बीडीओ राकेश सहाय ने अपना पदभार सुश्री मिंज को सौंप दिया। सुश्री मिंज ने योगदान देने के साथ अपना कार्य शुरू कर दिया है। बीडीओ ने योगदान देने के साथ ही प्रखंड के कई कर्मियों एवं लोगों से परिचय प्राप्त किया।

### धनबल व डर-भय की राजनीति नहीं हुई कामयाब : असगर

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर ने एक कहा है कि सीएम चंपाई सोरेन ने झारखंड विधानसभा में भारी बहुमत के साथ विश्वास मत हासिल कर लिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री सहित इंडिया गठबंधन के विधायकों को बधाई देते हुये कहा कि झारखंड में भाजपा की धनबल डर-भय की राजनीति कामयाब नहीं हो पाई। राज्य में इंडिया गठबंधन के विधायकों की एकजुटता के आगे किसी की नहीं चली। सरकार विरोधी साजिश विफल हो गई है। बहुमत हासिल होने के बाद यह उम्मीद जगी है कि अब राज्य में तेजी से विकास होगा और समस्याओं का समाधान होगा। चंपाई सोरेन की सरकार के विरोध में साजिश रचने वालों को राज्य के आदिवासी, मूलवासी, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक मुंहतोड़ जवाब देंगे।

### परीक्षा देने पहुंची छात्रा प्रेमी के साथ मंदिर में विवाह कर पहुंची थाने



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी गांव निवासी कामेश्वर दास के पुत्र साजन कुमार 26 वर्ष व हजारीबाग जिले के पदमा निवासी रामचंद्र दास की पुत्री मनीषा कुमारी 21 वर्ष सोमवार को हजारीबाग के आर्य समाज के मंदिर में प्रेम विवाह रचा लिया। साथ ही न्यायालय में प्रेम विवाह की मान्यता को लेकर आवेदन फाइल करने के पश्चात प्रेमी युगल सोमवार को गिद्धौर थाना पहुंच गए। बताया जाता है कि युवती के परिजन इस विवाह का विरोध कर रहे हैं। यही वजह है कि दोनों थाना पहुंचे। बताया गया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के पिता ने बताया के अपने घर से हजारीबाग संतकोलंबस कॉलेज अपनी पुत्री को बीए सेमेस्टर 5 का एग्जाम दिलाने ले गया था। एग्जाम देकर सभी छात्र-छात्राएं बाहर निकले और मेरी पुत्री नहीं निकली तो फौरन छानबीन करने लगा। छानबीन के क्रम में पता चला के एक युवक के साथ पुत्री फरार हो गई है। इधर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने मामले की जांच किए जाने की बात कही है।

### विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने पर जेएमएम में खुशी

# झारखंड में विपक्ष के नापाक मंसूबे पर फिरा पानी : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा ।** झारखंड विधानसभा के अंदर सोमवार को महागठबंधन की ओर से विश्वास मत हासिल कर लिया गया है। विश्वास मत हासिल करने पर झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी देखी जा रही है। चंपई सोरेन के नेतृत्व में गठित नई सरकार को नेताओं ने बधाई दी है।

**सुरेश गंझू**

झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू ने कहा कि झारखंड में विपक्ष के नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया है। विपक्ष जिस प्रकार से हमारे नेता हेमंत सोरेन को परेशान करने का काम किया है। उसका जवाब जनता आने वाले चुनाव में जरूर देगी।

**दीपू सिन्हा**

झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को यह समझ लेना चाहिए कि झारखंड में उसकी किसी भी तरह की नापाक कोशिश नहीं चलेगी। झामुमो ने डबल इंजन की सरकार को फेल कर यह बात बार-बार साबित कर दिया है।

**मो. इजहार**

झामुमो प्रखंड सचिव मो. इजहार ने कहा कि झारखंड में विपक्ष का छल कपट काम नहीं आया। झारखंड में महागठबंधन की सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी।

**हरि कुमार भगत**

झामुमो नेता हरि कुमार भगत ने कहा कि झारखंड में आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक समेत दबे कुचलो कि सरकार है। जिसे विपक्ष पचा नहीं पा रहा है और चोर दरवाजे से सरकार बनाने की साजिश रचने का काम कर रही है।

**रंजीत उरांव**

झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव ने कहा कि झारखंड में लोकप्रिय सरकार को स्थिर करने की विपक्ष की साजिश बेनकाब हो गई है। आने वाले चुनाव में झारखंड से विपक्ष का सूपड़ा साफ हो जायेगा।

**नौशाद अंसारी**

झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष नौशाद अंसारी ने कहा कि झारखंड में विपक्ष ने जिस प्रकार से जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर सरकार को स्थिर करने का प्रयास किया था उसमें वो कामयाब नहीं हो पाये, झारखंड की जनता महागठबंधन के साथ मजबूती के साथ खड़ी है।

**ब्रह्मदेव प्रजापति**

झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति ने कहा कि विपक्ष झारखंड में षड्यंत्र करना छोड़ जनता की सेवा में लगे अन्यथा अबकी बार यहां से उनका सूपड़ा साफ हो जायेगा।

बधाई देने वालो में केंद्रीय समिति सदस्य इस्तियाक खान, शितमोहन मुंडा, जतरू मुंडा, मो. सरफराज, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लु प्रजापति, कमल भुइंया, बबलू राही, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष असगर अली, सुरेन्द्र उरांव, रशीद खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अमडीहा हाट के लिये निकला युवक नहीं लौटा घर

## गला दबा कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत अन्तर्गत अमडीहा चन्द्रदाहा जंगल से मुखिया बिपीन बिहारी सिंह की सूचना पर बरवाडीह पुलिस ने सोमवार को कुटमु के समीप हड़पड़वा निवासी युवक रवि कुमार राम का शव बरामद किया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुटमु के हड़पड़वा निवासी सुभेष राम के पुत्र रवि राम उम्र लगभग 18 वर्ष रविवार शाम को मंगरा पंचायत के में लगने वाले सप्ताहिक हाट अमडीहा के लिए घर से निकला हुआ था, लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं पंहुचा। उसके परिजन काफी परेशान थे। युवक रवि राम की खोजबीन कर रहे थे। इस बीच सोमवार दोपहर चंद्रदाहा टोला के समीप ग्रामीण महिलाओं द्वारा शव देखे जाने कि सूचना स्थानीय मुखिया विपिन बिहारी सिंह को दी गयी। मुखिया ने इसकी सूचना बरवाडीह पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव की पहचान हड़पड़वा निवासी सुभेष राम के पुत्र रवि राम के रूप में की है। शव के मुंह व गर्दन में रस्सी का निशान है। आशंका है कि युवक की गला दबाकर हत्या की गई है। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार निषाद व लीलेश्वर पासवान जांच पड़ताल एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने एवं जांच के बाद ही युवक की हत्या के कारणों का खुलासा करने की बात कही। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। परिजनों का कहना था कि वह बाहर कमाता था और कुछ दिन पहले ही बाहर से कमा कर घर आया था।

### माकपा ने विश्वासमत हासिल करने पर दी बधाई

**चंदवा।** माकपा के वरिष्ठ नेता अयूब खान ने विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में चंपई सोरेन को प्रचंड बहुमत से विश्वास मत हासिल करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह बहुमत इस बात का प्रमाण है कि केंद्र की भाजपा सरकार जिस तरीके से विपक्ष की निर्वाचित सरकारों को गिराने का गंदा खेल खेलने की कोशिश कर रही है। उसे झारखंड ने बेनकाब कर दिया है। माकपा को पूरी उम्मीद है कि चंपाई सोरेन की सरकार अब और तेजी से जनहित को कामों को आगे बढ़ाएगी और राज्य में विभाजन और नफरत की राजनीति करने वाली ताकतों पर अंकुश लगाने का काम करेगी।

## जय गुरुदेव के शिष्य पंकज जी महाराज का भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** श्रीराम जानकी मंदिर परिसर हेरहंज में जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी पंकज जी महाराज का आगमन सोमवार की शाम को हुआ। महराज जी के स्वागत में सैकड़ों की संख्या में शिष्य बस स्टैंड पहुंचे। बस स्टैंड से श्री राम जानकी मंदिर तक सड़क के किनारे हांथो में कलश एवं पुष्प की वर्षा करते लाइन में खड़े रहे। गौरतलब हो कि परम पूज्य गुरुदेव पंकज जी महाराज का दिव्य आध्यात्मिक सत्संग श्रीराम जानकी मंदिर हेरहंज के प्रांगण में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। विख्यात संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने अपने जीवन काल में सामान्य रूप से परस्पर प्रेम सद्भाव अपनाने, शाकाहारी रहने, नशा त्याग, चरित्र उत्थान के कार्य के साथ ग्रहस्थ आश्रम में रहकर प्रभु को याद करने की शिक्षा दिया। अब उनके उत्तराधिकारी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज अपने 82 दिवसीय शाकाहार सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के साथ राम जानकी मंदिर के सामने मैदान में पधारे हुए हैं। इस कार्यक्रम की तैयारी लगभग 10 दिनों से उत्तर प्रदेश मथुरा जिला-सीतापुर की टीम के द्वारा की गई है। जिसमे हेरहंज प्रखण्ड मुख्यालय के कुछ समाजसेवी युवा एवं बुजुर्गो ने भी अपना योगदान दिया है।

### बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में धारा 144 लागू

**लातेहार।** अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज ने जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले अंतर्गत 6 फरवरी से माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में 09.45 बजे पूर्वा. से 01.25 बजे अप. तक और इण्टरमिडिएट परीक्षा द्वितीय पाली 02.00 बजे अप. से 05.20 बजे अप. तक निर्धारित है। उक्त परीक्षा के मद्देनजर सम्पूर्ण लातेहार अनुमण्डल क्षेत्र के अधीन शांति एंव विधि व्यवस्था तथा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के उद्देश्य से अनुमण्डल दण्डाधिकारी लातेहार द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा- 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 6 फरवरी से 26 फरवरी के पूर्वाहन 9.00 बजे से अपराहन 6.00 बजे तक केवल परीक्षा तिथि के लिए निषेधाज्ञा लागू किया गया हैं। यह निषेधाज्ञा सभी परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में लागू रहेगी।

## पुलिस ने सात एकड़ में लगे पोस्ता के फसल को नष्ट किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातु।** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को बारियातू पुलिस ने उग्रवाद क्षेत्र बालुभांग पंचायत के जंगली क्षेत्र में अभियान चला कर सात एकड़ भूमि पर लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया। जानकारी देते हुए थाना के पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो ने बताया कि लातेहार एस पी अंजनी अंजन को थाना क्षेत्र के बालुभांग व बुढ़ीसखुआ के जंगली क्षेत्र में अफीम माफियाओं के द्वारा पोस्ता की खेती की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर विनिष्ट करण के लिए एक टीम का गठन किया गया। वहीं अभीयान चला कर लगभग सात एकड़ भूमि पर लहलहा रहे अवैध पोस्ता की खेती को ट्रेक्टर के माध्यम से नष्ट किया गया। साथ ही साथ खेती किसके द्वारा लगाया गया है और भूमि किसकी है। इसकी जांच कर खेती करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। चिन्हित करने के पश्चात नियम संगत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में सीआरपीएफ डीसी प्रणव कुमार, एसआई बिंदेश्वर महतो सहित जिला एवं सीआरपीएफ के सशस्त्र बल शामिल थे।

## उपायुक्त ने स्किल कौंसिल फॉर माइनिंग सेंटर का किया उद्घाटन

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र के मुर्वे स्टेडियम में सोमवार को आयोजित सीसीएल द्वारा लोडर प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त अबु इमरान पहुंचे। जहां द्वीप प्रज्वलित कर तथा विधिवत फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उपायुक्त श्री इमरान ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सीसीएल द्वारा आयोजित कौंसिल स्किल माइनिंग सेंटर के तत्वाधान में बेरोजगार चालकों को लोडर का प्रशिक्षण देकर क्षेत्र के चालकों को रोजगार उन्मुखीकरण किया जाना बहुत हीं अच्छा और सराहनीय कदम है। इससे प्रभावित क्षेत्र के लोगों को किसी भी क्षेत्र या शहर में लोडर चला कर अपना जीवकोपार्जन समुचित ढंग से कर सकेगा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने डिजिटल लोडर प्रशिक्षण हॉल का निरीक्षण करते हुए खुद डिजिटल लोडर चला कर देखा और संतुष्ट होकर चालकों से बात की। वहीं पत्रकारों से वार्ता में उपायुक्त ने बताया कि यह क्षेत्र के लिए सुनहरा अवसर है। जिससे लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर कहीं भी लोडर चला सकते हैं। प्रशिक्षण के पहली पाली में 60 चालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी गंभीर

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय के समीप टंडवा-पिपरवार मुख्य सड़क डेंजर जोन बन गया है। यहां प्रतिदिन कोल वाहनों के चकमे से सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। सोमवार को भी एक कार चालक ने कोयला वाहन से ओवरटेक करने के दौरान एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी पहचान राहम गांव निवासी मो. सराज व पत्नी के रूप में की गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल पती-पत्नी को प्राथमिक उपचार टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करने के उपरांत गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान मो. सराज ने दम तोड़ दिया।

### जश्न — सरकार के बहुमत हासिल करने पर झामुमो ने जताई खुशी

# भाजपाइयों का षड्यंत्र नाकाम : ऐश्वर्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** झारखंड राज्य में वर्तमान सरकार को षड्यंत्र के तहत गिराकर सरकार को धूमिल करने की भाजपा पार्टी का हर प्रयास नाकामयाब हो गया। राज्य में पुनः गठबंधन की चंपई सोरेन के अगुवाई में सरकार गठित की गई है। केंद्र शासित भाजपा सरकार षड्यंत्र कर माननीय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसाने की कोशिश की गई है। पुनः सरकार का गठन होने से यह साबित हो गया है कि राज्य में गठबंधन पूरे मजबूती से है और एक साथ है। आने वाले चुनाव में भाजपा की सफाई झारखंड से होगी। उक्त बातें बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव ने कही है। राज्य में पुनः गठबंधन की सरकार गठित होने से गठबंधन के कार्यकर्ताओं में काफी खुशी देखी गई। गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने झामुमो कार्यालय के सामने एक दूसरे को गुलाल लगाकर लड्डू खिलाये और बांटे गए पटाखे भी जलाए गए। इस दौरान इंडिया गठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए हांथो में झंडा लेकर झामुमो कार्यालय से चलकर मुख्य मार्ग से शहिद चौक होते हुए थाना चौक जा पहुंची। इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, चंपई सोरेन जिंदाबाद सहित कई नारे लगाए गए। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव के अलावे युवा प्रखंड अध्यक्ष मो.औरंजेब खान, उप अध्यक्ष राजेश यादव, बिस सूत्री बारियातु प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, कपिल देव उरांव, प्रकाश राम, मो. ऐजाज, मो. यूसुफ खान, अमित उरांव, प्रभुदयाल उरांव, मुरारी गंझू, विजय यादव, शम्भू गंझू, प्रेम गंझू, प्रेम साव, त्रिबेणी साव, परमेश्वर गंझू, सुरेन्द्र उरांव मौजूद रहे।


GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

National Career Service

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला

### रोजगार मेला- 07 फरवरी 2024 रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला के तत्वाधान में **नगर भवन गुमला परिसर में दिनांक-07.02.2024 (बुधवार)** के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :-

**स्थान:- नगर भवन गुमला परिसर में।**

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | Experience | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | SAHU NURSING HOME, PALKOT ROAD, GUMLA | ANM- GNM | 05 | ANM- GNM | 0 to3 Years | 18-35 Years | 3,000/- to 10,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | WARD BOY | 05 | Inter Pass | 0 to3 Years | 18-35 Years | 3,000/- to 10,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | COOK | 01 | Non Matric | 2 Years | 27 Years | 4,000/- to 5,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | Lab Technician. MALE | 01 | DMLT | 1Year | 18 Years | 7,000/- to 12,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | DRESSER | 02 | DRESSER | 0 to3 Years | 18 Years | 4,000/- to 8,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| 2 | TEJ ORTHOPEDICS AND SURGICAL HOSPITAL, KAROUNDI, GUMLA | Staff Nurse (Female) | 01 | ANM/ GNM | 1 year/ 6 Months Post Experience | 18-35 Years | 4,000/- to 6,000/- Per Month | Tej Hospital, Karoundi Gumla |
| | | Lab Technician (Female/ Male) | 01 | DMLT | 1year Experience | 18-35 Years | 6,000/- to 8,000/- Per Month | Tej Hospital, Karoundi Gumla |
| 3 | PRIVATE ITI COLLEGE, DUMARDIH, GUMLA, K.O COLLEGE ROAD DUMARDIH. | ELECTRICIAN TRANING OFFICER | 01 | B. Tech ELECTRICAL ENGINEERING from AICTE/ UGC ENGINEERING COLLEGE/ UNIVERSITY OR<br>DIPLOMA IN ELECTRICAL ENGINEERING, AICTE APPROVED ENGINEERING COLLEGE OR<br>NTC/NAC (ITI) PASSED IN THE TRADE OF ELECTRICIAN (DESIRABLE: NCIC CERTIFICATE) | 1 Year Teaching of Work Experience<br>2 Year Teaching of Work Experience<br>3 Year Teaching of Work Experience | 25-35 Years | 9,000/- to 15000/- Per Month | Pvt Iti Dumardih, Gumla. |
| 4 | FRIENDS MOTORRAD, (BULLET SHOWROOM PALKOT ROAD, GUMLA) | SALES MANAGER | 01 | Graduate Pass | Must have 2-3 years Experience in Automobile and 2-4 Wheeler. | 25-35 Years | 10,000/- to 20,000/- Per Month | Palkot Road, Gumla |
| | | SALES EXECUTIVE | 01 | Graduate Pass | Must have 1-2 years Experience in Automobile. | 20-30 Years | 8,000/- to 12,000/- Per Month | Palkot Road, Gumla |
| | | AUTOMOBILE TECHNICIAN (Only Male) | 01 | Graduate 12th Pass | Must have 1-2 years Experience in Automobile. | 20-30 Years | 8,000/- to 15,000/- Per Month | Palkot Road, Gumla |
| 5 | SUSHILA FOUNDATION FOR AGRICULTURAL & RURAL DEVELOPMENT (SFARD), SISAI, GUMLA | MIS Cum Centre Coordinator | 01 | 12th Pass | 1year | 18-35 Years | 10,000/- to 12,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Device Operator | 01 | 10th Pass | 1year | 18-35 Years | 8,000/- to 10,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | General Duty Assistant (GDA) Trainer (TOT Certified) | 04 | ANM/ GNM | 1year | 18-35 Years | 12,000/- to 18,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Sampling Tailor (ST) Trainer (TOT Certified) | 04 | Graduation | 1year | 18-35 Years | 12,000/- to 15,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Guard | 01 | 8th | Fresher | 18-35 Years | 6,000/- to 8,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Cook | 02 | 8th | 1year | 18-35 Years | 8,000/- to 10,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Cleaner | 01 | 8th | Fresher | 18-35 Years | 6,000/- to 8,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Moblizer | 01 | 10th | Fresher | 18-35 Years | 8,000/- to 10,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| 6 | THE WAXPOL INDUSTRIES LTD, RANCHI | Research and Development (On Company Payroll) | 01 | M.Sc Chemistry | PHD Chemistry | 22-45 Years | 20,000/- to 30,000/- Per Month | H.B Road, Butty, Ranchi. |
| | | Chemist (On Company Payroll) | 01 | B.Sc Chem., M. Sc Chem., | M.Sc Chemistry | 20-40 Years | 15,000/-20,000/ Per Month | Tatisilwai Ranchi |
| | | Welder (On Third Party Payroll) | 01 | ITI WELDER | Fresher | 18-40 Years | Skilled | H.B Road, Butty, Ranchi. |
| 7 | GURUKUL SHIKSHA, RANCHI | Computer Teacher | 02 | Graduate DCA/ DPT/ Tally | Fresher | 20-50 Years | 10,000/- to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Tele caller/ Academic Counselor | 05 | Graduate Pass | Fresher | 18-40 Years | 6,000/- to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Receptionist | 02 | Graduate Pass | Fresher | 20-50 Years | 6,000/- to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Marketing Executive | 05 | Graduate Pass | Fresher | 20-50 Years | 8,000/- to 20,000/- Per Month | Ranchi |
| 8 | CHAITANYA FINCREDIT PVT. LTD | Customer Relationship Executive (CRE) | 50 | 10th/ 12th Pass | Fresher | 18-28 Years | 10,090/- Per Month (Plus Fuel, iIncentive, and Accomodation Free) | Hazaribag, Latehar, Daltonganj, All Jharkhand. |
| 9 | SPANDANA SPHOORTY FINANCIAL LTD . RAMGARH | Trainee Credit Assistant (Bike and Driving License Mandatory) | 20 | 12th , ITI Pass (Male/ Female) | Fresher | 19-28 Years | 12,000/- Per Month | Lohardaga, Palamu, Chatra, Garhwa , Latehar, All Jharkhand |
| 10 | SGRS ACADEMIC PVT LTD, GUMLA | General Duty Assistant Trainer | 04 | GNM, B.Sc. Nursing | 1-2 years in Hospital | 21-35 Years | 21,100/- Per Month | All Jharkhand |
| | | Sewing Machine Operator Trainer | 06 | 12th Pass,(Desirable: B.A in fashion & Design) | 2-6 years in Textile Industry | 21-35 Years | 15,600/-to 21,100/- Per Month | All Jharkhand |
| | | Soft Skill Trainer | 02 | B.A in English, (Desirable: MBA) | 1-2 Years in Teaching | 21-35 Years | 15,600/- Per Month | All Jharkhand |
| 11 | BESTS JOB RANCHI | Data Entry Operator (Typing 35-40 W.P.M) | 120 | 12th Pass (Desirable: Graduate Pass) | 1 Years | 18-38 Years | 12,000/-to 18,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Call Center | 70 | 12th Pass (Desirable: Graduate Pass) | 2 Years | 21-35 Years | 12,000/-to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Female Promoter | 30 | 10th Pass (Desirable: Graduate Pass) | Fresher | 18-40 Years | 8,000/- Per Month Plus Incentive. | Gumla |
| | | Security Guard | 70 | 10th Pass (Desirable: Graduate Pass) | Yes H- 170 cm. W- 57 kg | 18-35 Years | 10,000/-to 18,000/- Per Month Plus Lodging Free. | Asansol Ranchi Gharwa |
| | | Accountant | 05 | Graduate Pass (Desirable: Commerce Graduate Pass) | 1 Years | 22-40 Years | 12,000/- to 35,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Receptionist | 10 | 12th Pass (Desirable: Graduate Pass) | 1 Years | 18-35 Years | 12,000/- to 18,000/- Per Month | Ranchi |
| 12 | ARYAN STEELS | Machine Operator | 04 | 12th , ITI Pass (Male/ Female) | Fresher | 18-40 Years | 15,500/- Per Month (For 12 hours) | Nagpur, Maharastra. |
| | | Helper (Male) | 02 | 10th Pass | Fresher | 18-40 Years | 15,000/- Per Month (For 12 hours) | Nagpur, Maharastra. |
| | | Security Guard | 02 | Non Matric | Fresher | 25-55 Years | 14,000/- Per Month | Nagpur, Maharastra. |
| 13 | SYNNOVA GEARS & TRANSMISSION PVT. LTD | CNC M/C Operator | 200 | 10th , 12th and ITI pass All Trades | Fresher | 18-36 Years | 12,500/- Per Month (Accomodation Free) | Rajkot, Ahmedabad, Gujrat |
| | | DMC M/C Operator | 300 | 10th , 12th and ITI pass All Trades | Fresher | 18-36 Years | 15,000/- Per Month (Accomodation Free) | Rajkot, Ahmedabad, Gujrat |
| | | Quality | 200 | 10th Pass (MALE and FEMALE Both) | Fresher | 18-36 Years | 15,000/- Per Month | Rajkot, Ahmedabad, Gujrat |
| 14 | G4s | SECURITY GUARD Height Male 5'3", Female 5'2". | 500 | 10th Pass (MALE and FEMALE Both) | Fresher | 18-40 Years | 14,000/- to 21,000/- Per Month (Immediate Joining) | Hyderabad, Chennai,Kolkata, Gujrat, Bangalore, Delhi. |
| 15 | LIC Gumla | Agency Recruitment. | 100 | 10TH, 12th Pass | Fresher | 18-60 Years | Commission Based | Gumla. |

**नोट :-** योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों **Residential, Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id (Self Attested), Own Bike/ Scooty RC (Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate, Bank Account Details** एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं **अनिवार्य रूप** के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूंकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

❖ किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

PR 317879 (Labour Employment and Traning)23-24*D

जिला नियोजन पदाधिकारी,जिला नियोजनालय, गुमला

## एक नजर

### अयोध्या से लौटे विहिप कार्यकर्ता, लोगों ने किया स्वागत

**भंडरा/लोहरदगा।** विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का 15 सदस्यीय दल रामलला जन्मभूमि अयोध्या से यात्रा का लौटा। सभी यात्रियों का जोरदार स्वागत किया गया। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष राम लखन प्रसाद ने बताया कि अयोध्या धाम जाने के लिए सर्वप्रथम आस्था ट्रेन रांची से अयोध्या के लिए 2 फरवरी को रवाना हुई। अयोध्या धाम पहुंचने पर विश्व हिन्दू परिषद ने सभी भक्तों को पूर्ण सुव्यवस्था में ठहराया गया। उन्होंने बताया कि 500 वर्षो के बाद हमारे भगवान राम को अपने घर आए है। ये हम सबों के लिए गर्व की बात है। सभी भक्तों के उत्साह के साथ रामजी के दर्शन कर प्रेम के अश्रु आ रहे थे। प्रान्त कार्यकारी सदस्य लाल ओमकार नाथ शहदेव, मंत्री सतीश पांडे, सह मंत्री रंजीत साहू, चंदन गोयल, उमेश सिंह, नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो, रोहित वर्मा, अनिल कुमार, उज्वल प्रकाश कुशवाहा, कैलाश प्रसाद, अजय सोनी, लाल भीमनाथ शहदेव, रमेश कुमार, मिथलेश प्रजापति सहित सभी यात्रियों का जगह जगह स्वागत हुआ।

### जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की बैठक

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर प्रखंड सभागार में सोमवार को जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की एक बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत में बीडीओ श्री यादव बैठा ने सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों से परिचय प्राप्त किया। बैठक में मुख्य रूप से आधार सीडिंग मोबाइल नंबर सेटिंग सही समय पर गोदाम से अनाज का उठाव करना समय पर दुकान खुला रखना विहित प्रावधानों के तहत सूचना पठ का संधारण करने का सभी को निर्देश दिया गया। साथ ही 6 माह से अनाज उठाव नहीं करने वाले कार्ड धारी का रिलेशन एवं आयोग कार्ड धारी का सत्यापन करते हुए उसकी सूची अंचल कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि मैं प्रत्येक माह दुकानों का निरीक्षण करूंगा आप सभी से आग्रह होगा कि समय से अनाज का वितरण करें लाभुकों को की शिकायत नहीं होनी चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से ए जी एम फुलझारी भगत, मुजाफिर आलम, लगवंती देवी, सुनीता देवी, उषा मिंज, दिनेश प्रसाद, महेंद्र भगत, मदन राम, मुन्नी देवी, के साथ प्रखंड के जन वितरण प्रणाली की दुकानदार उपस्थित है।

## कृषि और संबंधित विभागों की हुई बैठक, उपायुक्त वाघमारे ने दिया निर्देश

# बीडीओ की मदद से सुखाड़ राहत संबंधित भूमि सत्यापन का काम पूर्ण करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि व संबंधित विभागों की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से संबंधित भूमि सत्यापन के लंबित अभिलेखों को सभी अंचलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सत्यापन का कार्य पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। पीएम फसल बीमा योजना से संबंधित किसानों का लंबित घोषणा-पत्र एक सप्ताह में प्राप्त कर भेजे जाने का निर्देश सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में 100 एमटी, 500 एमटी के गोदाम निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता पर चर्चा की गई। 50 डिसमिल भूमि पर गोदाम का निर्माण हेतु लैम्पस/पैक्स का प्रस्ताव प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा तालाब निर्माण, पंपसेट वितरण, डीप बोरिंग से संबंधित योजनाओं में लक्ष्य व प्रगति से अवगत कराया गया। साथ ही, उपायुक्त द्वारा योजनाओं का लक्ष्य पूर्ण करने हेतु विशेष निदेश दिये गये। बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुजाता कुजूर, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-सहकारिता पदाधिकारी शिव कुमार राम, भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय राम समेत अन्य उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत जिला स्तरीय समिति द्वारा लाभुकों के चयन हेतु आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में प्रखंड स्तरीय समिति से अनुसंशित सूची को सर्वसम्मति से अनुमोदित की गई। टाना भगतों को योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में विधायक प्रतिनिधि बिशुनपुर, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ श्रीकांत बरबुदे, जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता केरकेट्टा समेत अन्य उपस्थित थे।

# 23 परीक्षा केंद्रों पर एसडीओ के आदेश से धारा 144 लागू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अनुमंडल अन्तर्गत 23 परीक्षा केन्द्रों में 06 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था बनी रहे तथा किसी प्रकार का शोरगुल न हो, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की बाधा पहुंचे। इसलिए अनुमंडल दण्डाधिकारी अमित कुमार ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अनुमंडल अन्तर्गत 23 परीक्षा केन्द्रों पर 100 मीटर की दूरी के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किए हैं। इस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के जमाव मनाही की जाती है। (सरकारी कर्मचारी को छोड़कर), इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति द्वारा घातक हथियार लाने-ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, जिसमें लाठी भी सम्मिलित है। (पुलिस पदाधिकारी को छोड़कर), परीक्षा केन्द्र के क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने की मनाही की जाती है। परीक्षा केन्द्र के आसपास 100 मीटर दूरी के भीतर किसी व्यक्ति द्वारा अनावश्यक आवाजाही, नकल सामग्री, किताब या अन्य सामान बांटने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

### परीक्षा केंद्र जहां होगी मैट्रिक इंटर की परीक्षा

- एस0एस0 उच्च विद्यालय, किस्को प्रखंड
- प्रोजेक्ट चालिका उच्च विद्यालय, किस्को प्रखंड
- रा0कृत मध्य विद्यालय, किस्को प्रखंड
- रा0कृत गाँधी मेमोरियल +2 उच्च विद्यालय, माराडीह, कुडू प्रखंड
- रा0कृत मध्य विद्यालय, टाकू, कुडू
- प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, कुडू
- बुनियादी विद्यालय, कुडू प्रखण्ड
- एम0एल0ए0 इण्टर कॉलेज, लोहरदगा
- एस0ए0एस0भी0एम0 उच्च विद्यालय, लोहरदगा
- रा0 बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा।
- रा0कृत +2 चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा
- उर्सुलाईन कोनवेन्ट बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा प्रखण्ड
- लुथरन उच्च विद्यालय, लोहरदगा
- रा0कृत लाल बहादुर शास्त्री +2 उच्च विद्यालय, भंडरा प्रखंड
- रा0 उत्क्र0 उच्च विद्यालय, विटपी, भंडरा
- रा0कृत +2 नन्दलाल उच्च विद्यालय, अरु, सेन्हा
- रा0 बालिका मध्य विद्यालय, सेन्हा
- रा0 कस्तुरबा बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा।
- ए0एल0 अग्रवाल एस0भी0एम0 इंटर कॉलेज, लोहरदगा।
- मंजूरमती उच्च विद्यालय, महादेव आश्श्रम, लोहरदगा।
- संत स्तानिसलास उच्च विद्यालय, कैमो पतराटोली।
- संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय, कैमो पतराटोली
- उर्सलाईन कोनवेन्ट बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा

## चैनपुर प्रखंड प्रमुख के ऊपर भ्रष्टाचार और दुर्व्यवहार का लगा आरोप



**उपप्रमुख प्रमोद खलखो के नेतृत्व में आठ पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन देकर सदस्यता रद्द करने की रखी मांग**

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड के उप प्रमुख प्रमोद खलखो के अगुवाई में नए बी डी ओ यादव बैठा जी का पुष्प गुच्छा देकर उनका स्वागत किया तथा चैनपुर के 10 में से 8 पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव देते हुए उनकी कमियों को दरसाते हुए अपने ज्ञापन में आठ बिंदुओं का जिक्र किया। जिसमें सर्वप्रथम पंचायत समिति का बैठक ना होना, बैठक के लिए कोई पहल न करना, पंचायत समिति सदस्यों से अच्छा व्यवहार नहीं करना, प्रखंड में संचालित किसी भी योजनाओं का जानकारी नहीं देना, प्रखंड में संचालित योजनाओं का कभी समीक्षा ना करना, हर समय खाना पूर्ति कर पंचायत समिति सदस्यों को धोखा देना, पंचायत समिति के साथ कभी भी बैठकर तालमेल न करना। इस तरह के कार्यों से छुब्ध होकर प्रखंड के आठ पंचायत समिति सदस्यों की सर्व सहमति से प्रखंड प्रमुख ओलिव कांता कुजूर प्रखंड चैनपुर का अविश्वास प्रस्ताव करते हुए उनके सदस्यता रद्द करने की मांग की है।

### बहुचर्चित सचित उरांव हत्याकांड का उदभेदन, महिला समेत तीन गिरफ्तार

# पहली पत्नी ही निकली पति की हत्या की सूत्रधार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहरी क्षेत्र के नदिया करचाटोली में बहुचर्चित सचित उरांव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस हत्याकांड में शामिल एक महिला समेत तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधियों की पहचान मृतक सचित उरांव की पत्नी किशोरी उरांव, पलामू के सतबरवा निवासी चितरंजन कुमार व सुलेन्द्र कुमार के रूप में किया गया है। पुलिस ने तीनों को अलग अलग ठिकानों से गिरफ्तार की है। पुलिस ने हत्या की घटना में प्रयुक्त चाकु, अभियुक्तों द्वारा पहने हुये कपड़े, इनफिक्स कम्पनी का दो एण्ड्रायड मोबाईल/आईटेल कम्पनी का कीपैड मोबाईल / पोको कम्पनी का एक एण्ड्रायड मोबाईल बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि सचित उरांव की हत्या उसकी पहली पत्नी किशोरी उरांव ने षड्यंत्र रचा कर अपने प्रेमी से कराई थी। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या 22/24 दिनांक-31.01.24 धारा-



302/120 (बी) भा०द०वि० का दर्ज किया गया था। घटना का उदभेदन को लेकर पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा के द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक, बेदान्त शंकर के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया था। कांड के अनुसंधान के क्रम में घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने के पश्चात मृतक सचित उरांव की पहली पत्नी किशोरी उरांव से अपराधकर्मियों का पहचान कराया गया परन्तु उसी दौरान पहचान न करने की स्थिति एवं मानसिक स्थिति देखकर किशोरी उरांव के गतिविधि संदेहात्मक प्रतीत हुआ। तत्पश्चात घटना से सबंधित तथ्यों की पूछताछ के दौरान घटना में अपनी संलिप्ता से इंकार किया गया, परन्तु किशोरी उरांव की घटना में संलिप्त होने का संदेह के आधार पर तकनिकी शाखा लोहरदगा से उनके मोबाईल नम्बर-8969588544 एवं 9142340379 का सी०डी०आर० प्राप्त कर विशलेषण करने पर इनकी संलिप्तता तथाकथित प्रेमी चितरंजन कुमार तथा उसके दोस्त सुलेन्द्र कुमार के साथ मिलकर हत्या करने की बात प्रकाश में आयी। तदोपरान्त किशोरी उरॉव की संलिप्तता की पुष्टि होने पर गिरफ्तार किया गया।

इन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपने तथाकथित प्रेमी चितरंजन कुमार तथा उसके दोस्त सुलेन्द्र कुमार के साथ षड्यन्त्र रचकर हत्या करने की बात स्वीकार किया गया। किशोरी उरांव के निशानदेही पर घटना में संलिप्त दोनो अभियुक्त-चितरंजन कुमार तथा उसके दोस्त सुलेन्द्र कुमार को ग्राम-कमारू थाना-सतबरवा जिला-पलामु से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों द्वारा अपनी-अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुये चितरंजन कुमार के निशानदेही पर घटना में प्रर्युक्त चाकु को घटनास्थल वाले मकान के बगल (चाहरदिवारी के अन्दर) से बरामद किया गया।

छापेमारी दल में सहायक पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा, बेदान्त शंकर, पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, लोहरदगा थाना अनिल उरांव, संतोष कुमार यादव, संजय कुमार, ग्यास खाँ, होलिका तिग्गा, संजय कुमार, रविन्द्र बैठा, गौरव प्रशात, अगस्तीना होरो, रबिना देवी, निरज मिश्रा समेत अन्य शामिल थे।

## श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित हुए उत्तम मुखर्जी

**लोहरदगा।** प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 2023-24 ललमटिया, गोड्डा में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय के तात्कालिक प्राचार्य उत्तम मुखर्जी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रांतीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का सम्मान प्रदेश सचिव अजय तिवारी के द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र मंत्री रामावतार नारसरिया, क्षेत्र सचिव नकुल कुमार शर्मा अन्य प्रांतीय अधिकारी एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता और प्रधानाचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे। बधाई देने में प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, सहसचिव अश्विनी कुमार साहू, शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद, शशि कुमार गुप्ता, पूनम मिश्रा, शोभा देवी, जीतराम बड़ाईक, आदि उपस्थित थे।

## 10 से 25 तक चलाया जाएगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले में 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफलतापूर्वक संचालन हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीता पुष्पा द्वारा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनवाड़ी सेविकाओं को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया है। ज्ञात हो कि 10 फरवरी को बूथ पर, 11-25 फरवरी तक घर में जाकर स्वास्थ्य कर्मियों/ आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए वीबीडीसी कंसल्टेंट ने बताया कि यह दवा भूखे पेट नहीं खाना है, 2 वर्ष के नीचे तथा गर्भवती महिला व गंभीर रोग से पीड़ित लोगों को यह दवा नहीं खिलाया जाएगा। फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है, इसके संक्रमण से हांथ- पांव और अंडकोष में अधिक सूजन हो सकती है। बताया फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्र में 5 से 7 वर्षों तक वर्ष में एक बार अभियान के तौर पर डी.ई.सी. एवं अलबेंडाजोल दवा का सेवन कराकर फाइलेरिया पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

## झारखंड वोटर अवेयरनेस प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**वीडियो सॉन्ग मेकिंग, शॉर्ट फिल्म मेकिंग, रील्स,पोस्टर तैयार कर प्रतिभागी 31 मार्च तक हो सकते हैं शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोग 31 मार्च 2024 तक इसमें शामिल हो सकते हैं। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ाने, उनमें मतदान के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय झारखंड द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट (Jharkhand voters awareness contest) की शुरूआत की गई है। यह प्रतियोगिता प्रोफेशनल, इंस्टिट्यूशनल एवं एमेच्योर स्तर पर आयोजित है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागी निर्धारित विषयों पर वीडियो सॉन्ग मेकिंग, शॉर्ट फिल्म मेकिंग, रील्स, पोस्टर तैयार कर आगामी 31 मार्च 2024 तक ceojharkhandcontest@gmail.com में भेज सकते हैं। अपने कंटेंट को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए निम्न #टैग्स का इस्तेमाल किया जा सकता हैं। प्रत्येक माध्यम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**प्रतियोगिता के लिए निर्धारित थीम है:** कोई भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए, मतदाता पंजीकरण, नैतिक मतदान, मतदान जैसा कुछ भी नहीं, दिव्यांग मतदाता, हर वोट मायने रखता है, वोट जरूर करें, महिला मतदाता व तृतीय लिंग मतदाता है। सफल प्रतिभागी वीडियो सॉन्ग एवं फिल्म मेकिंग कॉम्पीटिशन में 50,000 रुपए तक, रील्स मेकिंग कॉम्पीटीशन में 20,000 रुपए तक तथा पोस्टर डिजाइनिंग कॉम्पीटिशन में 15,000 रुपए तक का नकद पुरुस्कार प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए कंटेंट राज्य के किसी भी स्थानीय भाषा में हो सकता है।

परन्तु कंटेंट हिंदी या इंग्लिश में नहीं है तो हिंदी या इंग्लिश सबटाइटल के साथ होना चाहिए। प्रतिभागी को अपने नाम, पता, मोबाइल नम्बर के साथ प्रविष्टि भेजना होगा। झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टैक्ट्स से सम्बंधित विस्तृत जानकारी jharkhandvoterawarenesscontest.com में देखा एवं टोल फ्री नंबर 18003311950 से प्राप्त किया जा सकता है। उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-प्रभारी स्वीप कोषांग, लोहरदगा सीता पुष्पा द्वारा दी गई।

### विजय सिंह गहलोत के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**लोहरदगा।** गायत्री परिवार जिला समन्वयक विजय सिंह गहलोत के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ में किया गया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गोविंद साहु ने कहा की विजय सिंह गहलोत के आकस्मिक गुरु चरणों में विलीन होने की दुःखद समाचार ने पूरे लोहरदगा जिला के गायत्री परिजनों के हृदय को विचलित और अचंभित कर दिया है।

### 25वें एसडीपीओ के रूप में श्रद्धा केरकेट्टा ने लिया पदभार, कहा

# अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के 25वें अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के रूप में श्रद्धा केरकेट्टा ने पदभार ग्रहण ली है। वे इससे पूर्व पुलिस उपाधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में पदस्थापित थी। पदभार ग्रहण करने के बाद एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि जिले में अमन चैन और शांति बहाल करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जाएगा। किसी भी तरह की अपराधिक गतिविधियों को क्षेत्र में पनपने नहीं दिया जाएगा। लोहरदगा बहुत ही संवेदनशील जिला है ऐसे में यहा की शांति व्यवस्था को भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। आम जनों के साथ मधुर संबंध स्थापित की जाएगी। जिससे अनुमंडल क्षेत्र में विधि- व्यवस्था बना रहे, लोगों को पुलिस पर भरोसा हो। आम लोग भी अपनी बातों को पुलिस के समक्ष बेहिचक रख सके, ऐसा प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि गैर कानूनी धंधों पर लगाम लगाया जाएगा। गैर कानूनी धंधों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपराध नियंत्रण में पुलिस को सहयोग करने की अपील की है। कहा कि आम जनता के कार्यों को प्राथमिकता दिया जायेगा। मामलों का त्वरित निष्पादन



करने के साथ-साथ आपराधिक घटनाओं को नियंत्रित करना प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराब माफियाओं व आपराधिक लोगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। एसडीपीओ ने कहा कि वे लोगों के साथ तालमेल स्थापित कर क्षेत्र की विधि व्यवस्था को एक नया आयाम देने की पूरी कोशिश करेंगे। पदभार ग्रहण करने के पश्चात एसडीपीओ ने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए किसी भी कार्य से कार्यालय पहुंचने वाले आगंतुकों से मित्रवत व्यवहार करने की बात कही। गौरतलब है कि लोहरदगा के एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह का कुछ दिन पहले ही जिले से ट्रांसफर हो गया था। जिसके बाद यहां सरकार द्वारा किसी भी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति नही होने की स्थिति में डीएसपी मुख्यालय को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

## विद्यालय प्रबंधन की कुव्यवस्था के विरुद्ध सामने आया मामला

# केजीबीवी की सैकड़ों छात्राएं पहुंची लोहरदगा समाहरणालय

### एकाउंटेंट की कार्यशैली से उबाल, हटाए जाने की मांग को लेकर अड़ी छात्राएं

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कस्तूरबा गांधी प्लस टू बालिका आवासीय विद्यालय किस्को में एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा की कार्यशैली से नाराज छात्राएं भूखे प्यासे ही लगभग 10 किमी पैदल चलकर लोहरदगा समाहरणालय पहुची। जहाँ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से बात करने को लेकर अड़ी रही। जानकारी के मुताबिक भूखे प्यासे पैदल समाहरणालय पहुंचने से कई बच्चियों की तबीयत भी बिगड़ गई। इधर इसकी सूचना पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी



अभिषेक झा समाहरणालय मैदान पहुंचे और छात्राओं से जानकारी प्राप्त कर समझाने का प्रयास किया। इस बीच छात्राओं ने अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा के समक्ष बीते रविवार से खाना नहीं खाए जाने की बात कर रही थी। इधर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा और छात्राओं के बीच बंद कमरे में वार्ता की गई। जहां पर एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा द्वारा बच्चियों के साथ की जा रही अभद्र व्यवहार समेत अन्य बातें रखी गई। छात्राओं ने एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा द्वारा बच्चियों के साथ अभद्र व्यवहार करने और सरकार की ओर से छात्राओं के हित में दी जाने वाली जरूरी सामग्री कापी में हस्ताक्षर करवाकर सामग्री नहीं दिए जाने समेत कई आरोप लगाई है। इसपर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा को सस्पेंड करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि कस्तूरबा गांधी प्लस टू बालिका आवासीय विद्यालय किस्को में पदस्थापित एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा के कार्यशैली से उग्र दिखाई दी छात्राएं। यहां पर छात्राएं एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा को विद्यालय से हटाए जाने की मांग पर अड़ी हुई थी।

#### दोषियों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : डीएसई

डीईओ सह डीएसई अपरूपा पाल चौधरी ने कहा कि, किस्को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रबंधन की कुव्यवस्था के विरुद्ध छात्राओं का जिला मुख्यालय आना गंभीर मामला है। घटना के सभी पहलुओं की गंभीर जांच पड़ताल की जा रही है। इस मामले में दोषी मिले किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को बक्सा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएसई ने कहा कि, किस्को आवासीय विद्यालय से आए नाराज बालिकाओं से मैं स्वयं बात कर रही हूं। उनके साथ में अभी नाश्ता किया। दिनभर उनके साथ रहकर उनके दर्द और परेशानी को समझने का प्रयास कर रही हूं।

जानकारी के मुताबिक बच्चियां एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा के प्रताड़ना से इतना टूट गई थी कि रोते बिलखते हुए उपायुक्त से मिलकर शिकायत करने हेतु किस्को से लोहरदगा तक पैदल निकल पड़ी। जहां पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने बच्चियों को ढांढस बंधाते हुए उचित न्याय का भरोसा दिलाया। विद्यालय की छात्राओं के मुताबिक एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा बच्चियों के साथ काफी अभद्र व्यवहार किया करती हैं और सही से खाना नहीं दिया जाता है। यहां पर बच्चियों के अनुसार सब्र का बांध टूटने से अपने हक अधिकार की प्राप्ति हेतु यह कदम उठाया गया है।

# 52 विद्यार्थियों को नहीं मिल पाये हैं परीक्षा प्रवेश पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

एक क्लास टीचर की लापरवाही के कारण 52 विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। गिरिडीह स्थित अजीडीह प्लस टू उच्च विद्यालय के इंटर के 52 विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र नहीं आने से छात्रों में आक्रोश है। गुस्साए विद्यार्थियों ने सोमवार को गिरिडीह धनबाद मुख्य मार्ग के चाइना फैक्ट्री मोड़ के पास सड़क जाम कर दिया और विद्यालय के क्लास टीचर और प्रधानाध्यापक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। रवानी, डीएसई विनय कुमार मौके पर पहुंचे और विद्यार्थियों से पूरे मामले की जानकारी ली और उन्हें समझाकर शांत करवाया।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA

### e-Procurement Notice

e-Tender Reference No. RCD/GUMLA/120 Date :- 02.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality Work Khunti Torpa Kolebira ( SH-03 )Km 56.00 to 82.055 (Length-26.055 Km) under Road Division, Gumla for The year 2023-24 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 30,46,20,122.00(Rs. Thirty Corer Forty Six lacs Twenty Thousand One Hundred Twenty two) Only. |
| 3. | Time of Completion | 12 Months |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 11/03/2024 Up to 12:00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 13/02/2024 From 10:30 A.M. |
| 6. | Opening Date of Tender | 12/03/2024 12.30 PM |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Gumla. |
| 8. | Contact no. of e-Procurement officer | 06524-222097 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

1. Tender amount can be increased or decreased.
2. Details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in
3. Cost of bidding document & bid security shall be payable online in adherence to memo No -120 Dt- 03.10.2023 of IT & e-governance Department, Govt. of Jharkhand.

Sd/-
Executive Engineer,
RCD, Road Division, Gumla

PR 317874 Road(23-24).D

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (विकास शाखा)

E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com
Phone No. 06524-222209 Fax No. 06524-222209

### अति–अल्पकालीन निविदा

गुमला जिला अन्तर्गत डुमरी एवं अ0ए0जारी में नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में अध्ययन वाले छात्र–छात्राओं के शैक्षणिक वातावरण की समृद्धि एवं आधारभूत संरचना हेतु सामग्रियों/उपस्कर/पुस्तकों के दर निर्धारण के निमित प्रतिष्ठित कम्पनी/आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है :–

1. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 13वीं फरवरी 2024 पूर्वा/आप0 12:00 बजे तक।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13वीं फरवरी 2024 पूर्वा/आप0 03:00 बजे तक।
   निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला विकास शाखा (विकास भवन) गुमला
3. निविदा खोलने का स्थान :– विकास भवन सभागर में।

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | Sofa |
| 2 | Table |
| 3 | Almirah |
| 4 | Notic Board |
| 5 | CCTV Camera with DVR Set |
| 6 | LED Screen |
| 7 | Water RO-50 Liter |
| 8 | Battery – Exide |
| 9 | Inverter – 1000 |
| 10 | Glow Sign Board (10X4) |
| 11 | Audio System with mike sets |
| 12 | Door Mates |
| 13 | Curtain (Door/Windows) |
| 14 | Books |
| 15 | Computer Set |

नोट :– निविदा के नियम एवं शर्त्त तथा पुस्तकों की सूची जिले के वेबसाईट http://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
गुमला

PR 317877 Rural Development (23-24)_D

## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
## District Planning Office
Latehar, 829206, Website: www.latehar.nic.in

### Request For Proposal

Reference No: - Date: -

Bids are invited for the work of Supply, Installation, Testing and Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of "**ANIDERS - Animal Intrusion Detection and Repellent System**"on Turnkey basis at different places of Latehar.
The details are as follows:

| No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply, Installation, Testing and commissioningincluding 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of "**ANIDERS - Animal Intrusion Detection and Repellent System**"on Turnkey basis at different places of Latehar. |
| 2 | Period of Contract | 12 months |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 03/02/2024 |
| 4 | EMD and Tender fee etc. | **EMD – Rs 1,00,000** (One Lakh Rupees Only/-) Refundable &**TenderFeesRs10,000**(Ten Thousand Rupees Only/-)(Non-Refundable) Both DD will be in favour **District Planning Office, Latehar** Payable at Latehar **For MSME's of Jharkhand EMD is NILL.** |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | 12/02/2024 |
| 7 | Date and Time of opening of Technical Bid | 13/02/2024 at 11:00 AM |
| 8 | Method of Selection | Quality and Cost-Based Selection (QCBS) Method 70:30 (Technical: Financial) The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |
| 9 | Bid Submission Place | District Planning Office, Latehar |
| 10 | Bid Opening Place | District Planning Office, Latehar |
| 11 | Authority inviting Bid | District Planning Officer, Latehar |
| 11 | Contact Number | 8292415533 |

**District Planning Officer**
**Latehar**

PR 317856 (District) 23-24 (D)

## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

### आवश्यक सूचना

झारखण्ड गृह रक्षा वहिनी, गढ़वा में विज्ञापन सं0–01/2023 के अन्तर्गत गृह रक्षकों का नव–नामांकन किया जा रहा है, जिसमें सफल अभ्यर्थियों का औपबंधिक परिणाम एन0आई0सी0, गढ़वा के बेवसाईट (https://garhwa.nic.in) तथा कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित कर दी गयी है।

ह0/–
उपायुक्त, गढ़वा।

PR 317965 Police(23-24)D

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

### अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

PR No. -309836 dated 25.10.2023

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 287/2023-24 दिनांक :- 03.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GAR-14/2023-24 | रमना | 1 | कुन्द्राही टोला (टी03) से हरीदाग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 7.000 कि०मी०) | 1055.810 | दस करोड़ पचपन लाख ईक्कासी हजार रू० मात्र | 15 महीना |
| | | नगर उंटारी | 2 | टी04 से कोलझीकी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.650 कि०मी०) | | | |
| | | रमना | 3 | एल022 (कर्णपुरा) से रोहीला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.650 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**07.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–**20.02.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**21.02.2024** .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 317907 Rural Work Department(23-24)#D

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ0एफ0पी0 भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची -834004, झारखण्ड

### अल्पकालीन ई-पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)

PR No. 314100 Dated 22.12.2023

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 277/2023-24 दिनांक :- 03.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-LOH-03 /2023-24 | लोहरदगा | 1 | नगरा से बसरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.040 कि०मी०) | 1723.608 | सत्रह करोड़ तेईस लाख साठ हजार आठ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | लोहरदगा | 2 | स्टेट हाईवे से डुमरटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –5.030 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 3 | नदी नगड़ा से लावागायें तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.700 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 4 | टंगराटोली से बैजवाली पथ का अवषेष भाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–0.800 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 5 | मुन्डो से ईटा सिम्बुटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–8.030 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 6 | वाईना से बक्सी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.210 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 7 | स्टेट हाईवे से नदी नगड़ा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.615 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 8 | भुजनिया से मुंडो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.080 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 9 | रामपुर मंदिर से अहनू चौक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.500 कि०मी०) | | | |
| | | लेहरदगा सदर | 10. | कुरसे हॉस्पिटल से दोरहा पुल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.400 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**07.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **15.02.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**16.02.2024** .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 317890 Rural Work Department (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन नं0–835207 (नियोजनालय भवन, गुमला)

Email ID-eenhgumla-jhr@nic.in & eenhgumlajhr@gmail.com

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

(संख्या : 02/2023-24)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 12–02–2024 तक 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 13–02–2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 13–02–2024 को 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थल : (i) कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला का कार्यालय।
   (ii) अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, झारखण्ड राँची।
   (iii) मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग, झारखण्ड राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : उपर्युक्त कंडिका 5 में वर्णित कार्यालय में।
7. **कार्यो का विवरणी** :

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Approach road and replacement of expansion joint for Chhinda River at km 177th of NH-23 under NH Division, Gumla for the year 2023-24 | 2292350.00 | 45700.00 | 5000.00 | 35 दिन |

नोट:–1. परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/ ministryinfo.aspx पर Online जो कि (Pay & Accounts officer, Ministry of Road Transport and Highway Kolkata)[PAO Coade-034756 and DDO Code-202122] पदनाम से कोलकत्ता में भुगतेय हो, भुगतान के पश्चात् उसके चालान की प्रति परिमाण विपत्र के क्रय के समय संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है। अंततः परिणाम विपत्र में अंकित राशि ही मान्य होगी।
3. निविदा स्वीकृत्यादेश निर्गत तिथि से तीन दिनों के अन्दर एकरारनामा संपादित कर कार्य प्रारंभ करना होगा एवं आगामी छः माह तक संपादित कार्यों का रख रखाव करना होगा, जिसके लिए अलग से कोई दावे का भुगतान देय नहीं होगा।
4. निविदा का निस्तार पथ निर्माण विभाग, राँची के संकल्प संख्या 2146 (एस) दिनांक 09–09–2020 के अनुसार की जायगी।
5. अर्नेस्ट मनी/सेक्युरिटी मनी झारखण्ड के किसी डाकघर अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत रा0ब0पत्र, 3 वर्षीय, 5 वर्षीय सावधि जमा पत्र जो कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला के नाम से प्रतिज्ञिप्त हो को स्वीकार्य होगा।

ह 0/–
कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला

PR 317873 Road(23-24)#D

## कार्यालय:- जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू
जेलहाता, मेदिनीनगर (पलामू)
फोन न0 :- 9431138224 ईमेल आई0डी :- civilsurgeonpalamu@gmail.com

पत्रांक.......................मेदिनीनगर , दिनांक ...........................

### Walk in Interview

सरकार के अपर सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–32(5)ब, योजना, दिनांक 25.05.2023 द्वारा पलामू जिले के शहरी क्षेत्र अन्तर्गत सचांलित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित संचालित **"अटल मुहल्ला क्लीनिक"** के संचालन हेतु MBBS चिकित्सक की Walk in Interview के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएँ प्राप्त करने हेतु निजी MBBS चिकित्सक को सूचीबद्ध किया जाना है। इच्छुक निजी MBBS चिकित्सक से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क्रम | पद का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | पद संख्या | मानदेय | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चिकित्सक (MBBS) | मेडिकल काउसिल ऑफ इडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री | 03 | रू0 36400/– (कुल 26 कार्य दिवस हेतु) | 08.00 AM To 12:00 PM |
| 02 | सूचिबद्ध किये गये MBBS चिकित्सक द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | | |
| 03 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | | | | |
| 04 | उम्र सीमा– अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैद्यता एक वर्ष के लिए मान्य होगी। | | | | |

इच्छुक उम्मीदवार Walk In Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल–प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ DDC Chamber, DRDA , Block-C, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक 12.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 317945 District (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–03.02.2024

1.कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /36/23-24 | सुशीगंज से बे रगाई तक पथ निर्माण कार्य । (3.310कि0मी0) | 458.421 लाख | चार करोड़ अंठावन लाख बैयालीस हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /37/23-24 | कचनपुर पंचायत में रामविलास पासवान के घर से भिखन यादव के घर होते हुए करूपा तक पथ निर्माण कार्य । (3.20कि0मी0) | 371.099 लाख | तीन करोड़ एक्हतर लाख नौ हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.02.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 23.02.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
डालटनगंज ।

PR 317878 Rural Development(23-24)D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– 14/2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 03.02.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/34/ 2023-24 | इन्द्रा चौक बाजार टांड़ टण्डवा से हरिनगर हल्दीया बांध होते हुए थाना मोड़ (पी.डब्ल्यू.डी.) टण्डवा मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य (लं.–2.200 कि.मी.)। | 162.808 | एक करोड़ बासठ लाख अस्सी हजार आठ सौ मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ CHATRA/35/ 2023-24 | ग्राम–खुटीटोला ईमली पेड़ से चिरलौंग होते हुए बड़गांव बहेरा कालीकरण पथ तक पथ निर्माण कार्य (लं.–3.600 कि.मी.)। | 412.210 | चार करोड़ बारह लाख ईक्कीस हजार मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **16.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **26.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **28.02.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR317871 (Rural Work Department)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 21/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 02.02.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगउ उँटारी | RWD/ GARHWA/ 60/2023-24 | ग्राम भोजपुर में मिडील स्कूल से शमशान घाट तक पथ निर्माण कार्य। (1.500 कि0मी0) | 161.916 | एक करोड़ एकसठ लाख एकानबे हजार छः सौ रूपये। | 9 महीना |
| 2 | डंडई | RWD/ GARHWA/ 61/2023-24 | मुख्य पथ से बैलिया होते हुए बिशुनिया तक पथ निर्माण कार्य। (3.600 कि0मी0) | 379.560 | तीन करोड़ उनासी लाख छप्पन हजार रूपये। | 15 महीना |
| 3 | धुरकी | RWD/ GARHWA/ 62/2023-24 | मुख्य पथ मरचईया से होते हुए गनियारी कोरवा टोला तक पथ निर्माण कार्य। (4.700 कि0मी0) | 583.043 | पाँच करोड़ तिरासी लाख चार हजार तीन सौ रूपये। | 18 महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.02.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 317858 Rural Work Department (23-24)_D

# मंदिर या मोहब्बत की दुकान किसकी चलेगी ?

**राजनीति** और चुनाव में टाइमिंग और पहली चाल का बहुत बड़ा महत्व है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टाइमिंग के खेल में महारत हासिल है। चुनावों के समय कौन सा मुद्दा उठाना है और कौन सा छोड़ना है? इसे वो वर्तमान के किसी भी अन्य राजनेता से अधिक जानते हैं। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदी पट्टी में उन्होंने एक और मास्टरस्ट्रोक चल दिया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, जिन्हें पिछड़ों का जनक कहा जाता है, को उनकी जन्म शताब्दी पर भारत रत्न देकर नरेंद्र मोदी ने हिंदी पट्टी के पिछड़ों और अति पिछड़ों को साध लिया है। कहते हैं, संसद का रास्ता उत्तर प्रदेश और बिहार से होकर गुजरता है। दोनों ही राज्यों में पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी गणित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न लेकर नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सबको चौंकाया है। बिहार की राजनीति में सक्रिय राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यू) ने शायद यह कल्पना नहीं की थी कि नरेंद्र मोदी उनसे कपूर्री ठाकुर की विरासत इस तरह छीन लेंगे।

**अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदी पट्टी में उन्होंने एक और मास्टरस्ट्रोक चल दिया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, जिन्हें पिछड़ों का जनक कहा जाता है, को उनकी जन्म शताब्दी पर भारत रत्न देकर नरेंद्र मोदी ने हिंदी पट्टी के पिछड़ों और अति पिछड़ों को साध लिया है। कहते हैं, संसद का रास्ता उत्तर प्रदेश और बिहार से होकर गुजरता है। दोनों ही राज्यों में पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी गणित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न लेकर नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सबको चौंकाया है। बिहार की राजनीति में सक्रिय राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यू) ने शायद यह कल्पना नहीं की थी कि नरेंद्र मोदी उनसे कपूर्री ठाकुर की विरासत इस तरह छीन लेंगे।**

दरअसल, बिहार भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण राज्य है और यहां नीतीश कुमार कुछ-कुछ सालों में पाला बदलने का खेल खेलते रहते हैं। नरेंद्र मोदी की कोशिश यही है कि बिहार की राजनीति से नीतीश कुमार को अप्रासंगिक कर दिया जाए। वर्ष 2014 से इसके प्रयास भी वो लगातार करते आ रहे हैं।बिहार से लोकसभा की 40 सीटें हैं। वर्ष 2014 में जनता दल (यू), राजद और भाजपा, तीनों अलग-अलग चुनावी मैदान में उतरे थे। भाजपा के साथ रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी और उपेंद्र कुशवाह की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी जैसे छोटे दल थे। चुनाव में भाजपा ने सहयोगियों के साथ 40 में से 31 सीटों पर विजय हासिल की थी। जनता दल (यू) को दो और राजद को चार सीटें ही मिली थीं।इसके बाद नीतीश कुमार भाजपा के साथ आ गए थे। वर्ष 2019 में उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन में रहते हुए बिहार में चुनाव लड़ा और लोकसभा की 16 सीटों पर विजय हासिल की। दोनों दलों के गठबंधन में राजद का सुपड़ा-साफ हो गया था और वो लोकसभा चुनाव में खाता भी नहीं खोल पाया था। हालांकि, किसके बाद नीतीश कुमार एक बार पलटी मार कर राजद के साथ जा चुके थे । इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में लग रहा था कि राजद और जनता दल (यू) साथ मिलकर बिहार में चुनाव लड़ेंगे। दोनों का गठबंधन भाजपा को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने से इन दोनों पार्टियों का एक बड़ा वोट शेयर भाजपा की तरफ आ सकता है, यह अब साफ-साफ दिख रहा है।बिहार में पिछड़ों की राजनीति को लेकर पहले ही भाजपा और विपक्षी दलों में राजनीति तेज हो गई है।

इन दिनों

# आस का प्रयास दिव्यांगों के जीवन में एक उजाला है



ललित गर्ग

**सुखी** परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित गर्ग ने कहा कि आस का प्रयास आगे आने वाले समय में दिव्यांगो, मूक-बधिरों व बेसहारा लोगों की सेवा करने में मील का पत्थर साबित होगा और यही नया भारत, सशक्त भारत का आधार बनेगा। श्री गर्ग राजधानी दिल्ली के आईटीओ स्थित हिन्दी भवन में एक गैर लाभकारी संस्था 'आस-एन एसोसिएशन फॉर सोशल वैलफेयर' के प्रयास द्वारा दिव्यांग, नेत्रहीन, मूक एवं बधिर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जीवन उपयोगी वस्तुओं के वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए उक्त विचार व्यक्त किये। समारोह के मुख्य अतिथि माता जयकौर पब्लिक स्कूल के चेयरपर्सन सुरजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि नीरज गुप्ता, पराग जैन थे। इस अवसर पर दिल्ली एनसीआर के परवरिश स्पेशल स्कूल-झिलमिल कालोनी, स्पर्श स्कूल-गाजियाबाद, अद्वितीय रिहैबिलिटेशन एंड लर्निंग सेंटर, सेक्टर-2, रोहिणी, प्रमिलाबाई चव्हाण बधिर विद्यालय-कड़कड़डूमा सहित कुल 9 मूक-बधिर बच्चों के स्कूलों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। श्री गर्ग ने आगे कहा कि दिव्यांग और साधनहीन भी किसी से कम नहीं होते, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए थोड़े से सहयोग एवं समतामूलक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। ऐसे बच्चों के साथ सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक और सांस्कृतिक भागीदारी को बढ़ावा देना ही 'आस' का प्रयास है। जुनून, हौसला और अनुभव मिलकर ही निर्बल और दिव्यांग बच्चो के बहुमुखी विकास को आकार दिया जा सकता है। मुरझाये चेहरों पर मुस्कान लाने का आस एक अनुष्ठान है, उनके अभाव एवं अपंगताओं को अभिशाप न बनने देने का एक महायज्ञ है। मंच का संचालन अरविन्द शर्मा 'विजय' ने कुशलता के साथ किया। कार्यक्रम की शुरूआत दिव्यांग बच्चों द्वारा गणेश वंदना से हुई। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत की। आस की अध्यक्षा ललिता गुप्ता ने कहा कि नेत्रहीन, शारीरिक व मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के उपयोग में आने वाली वस्तुएं प्रदान कर सहायता की गई, जिसमें स्वेटर, कंबल, दाल-चावल, मसाले, कॉपियां, नेत्रहीन छात्रों के लिए बैंत, ब्रैल पेपर, व्हीलचेयर, कान के सुनने के मशीन आदि शामिल थे। बच्चों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो इसके लिए आरओ, कम्प्यूटर प्रिंटर आदि भी भेंट किये गये। आस के महासचिव श्री विकास जैन ने बताया कि 113 बच्चों को चयनित करके 1500 रुपये प्रति छात्र छात्रवृत्ति प्रदान की गई। संस्था के कोषाध्यक्ष राहुल मित्तल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य एक बेहतर और सर्व समावेशी समाज का निर्माण करना है, जिसमें सभी लोगों को समान अवसर हासिल हो सके। सक्षम सहयोग व नेक इरादे से संचालित 'आस' की यह पहल एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों एवं अतिथि ललित गर्ग, सुरजीत सिंह, नीरज गुप्ता, पराग जैन, रविन्द्र , राकेश गुप्ता, संजय जैन, सुशील गोयल, रमाकांत तिवारी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रविन्द्र गडोदिया, दिलिप गर्ग, राजेश मल्होत्रा आदि का शॉल एवं शील्ड प्रदत्त कर सम्मान किया गया। उदारमना एवं दानदाता लोगों को भी सम्मानित किया गया। संस्था की ललिता गुप्ता, विकास जैन, रामकिशन अग्रवाल (राम भाई), पवन दीक्षित, मुकेश जैन, दुर्गेश माथुर, के. के. शाह, राहुल मित्तल, संजय जैन, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, देवेन्द्र सर्राफ, जयप्रकाश गोयल, मुनेश जैन, दीपिका बंसल, मानसी सरोगी आदि समाजसेवियों एवं संस्था से जुड़े पदाधिकारियों ने दिन-रात मेहनत कर ये सामान ना केवल एकत्रित किया, बल्कि आज सद्भाव के साथ उनको सौंप दिया। सेवा, परोपकार एवं संवेदना की दृष्टि से 'आस' का यह प्रयास सर्वत्र सराहा गया।




**जुनून, हौसला और अनुभव मिलकर ही निर्बल और दिव्यांग बच्चो के बहुमुखी विकास को आकार दिया जा सकता है। मुरझाये चेहरों पर मुस्कान लाने का आस एक अनुष्ठान है, उनके अभाव एवं अपंगताओं को अभिशाप न बनने देने का एक महायज्ञ है। मंच का संचालन अरविन्द शर्मा 'विजय' ने कुशलता के साथ किया। कार्यक्रम की शुरूआत दिव्यांग बच्चों द्वारा गणेश वंदना से हुई। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत की। आस की अध्यक्षा ललिता गुप्ता ने कहा कि नेत्रहीन, शारीरिक व मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के उपयोग में आने वाली वस्तुएं प्रदान कर सहायता की गई, जिसमें स्वेटर, कंबल, दाल-चावल, मसाले, कॉपियां, नेत्रहीन छात्रों के लिए बैंत, ब्रैल पेपर, व्हीलचेयर, कान के सुनने के मशीन आदि शामिल थे। बच्चों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो इसके लिए आरओ, कम्प्यूटर प्रिंटर आदि भी भेंट किये गये। आस के महासचिव श्री विकास जैन ने बताया कि 113 बच्चों को चयनित करके 1500 रुपये प्रति छात्र छात्रवृत्ति प्रदान की गई। संस्था के कोषाध्यक्ष राहुल मित्तल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य एक बेहतर और सर्व समावेशी समाज का निर्माण करना है, जिसमें सभी लोगों को समान अवसर हासिल हो सके। सक्षम सहयोग व नेक इरादे से संचालित 'आस' की यह पहल एक उत्कृष्ट उदाहरण है।**

## आपकी बात

### महिला मंत्री बनें पर कुछ करने के लिए



कृष्णा सिंह

झारखंड की नई सरकार बन गई है और अब सात को मंत्रिमंडल का विस्तार भी होगा पर स्पष्ट नहीं है कि कौन सी महिला मंत्री बनेंगी । कई महिलाएं प्रयासरत हैं पर समीकरण से अधिक ध्यान यह दिया जाना चाहिए कि कौन महिला महिलाओं के लिए नया कुछ कर पाएंगी अन्यथा महिला मंत्री की परिपाटी निभाकर क्या होगा । महिलाएं निर्भय होकर काम कर सकें और कार्यस्थल या व्यवसाय स्थल पर शौचालय भी हों यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए ।अभी सबल मानी जानी वाली महिला पुलिस से लेकर सब्जी बेचने वाली महिला के लिए शौचालय सुलभ नहीं हैं । दिन भर घर से दूर कैसे रह पाती होंगी महिलाएं मंत्री बनने की चाहत रखने वाली महिलाओं कप अवश्य सूचना चाहिए ।

**(अध्यक्ष मां महिला समिति,पंडरा,रांची)**

### वनों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण असंतुलन

वन हमारे जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। हमारे जीवन के साथ-साथ पारिस्थितिकी संतुलन बनाने के लिए भी वनों का होना बेहद आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकार प्रतिवर्ष अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को जागरूक करती रही है ।केंद्र और राज्य सरकार यह सदैव प्रयास करती रही है कि प्रत्येक हिस्से में वनों के प्रतिशत में वृद्धि किया जा सके। वनों के संरक्षण से संबंधित अनेक कठोर नियम भी बनाए गए है। परंतु इन सारे नियमों को दरकिनार करते हुए पाटन प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोल्हुआ और गौरमारा सहित सटे हुए सभी क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई जा रही है। प्रशासन व वन विभाग की उदासीनता के कारण वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। नागरिकों का कहना है कि वर्ष 2011 में इस क्षेत्र में वन विभाग द्वारा व्यापक पैमाने पर पौधरोपण किया गया था। रोपित पौधों की देखभाल के लिए अधिकारी भी नियुक्त किए गए थे। इसके बाद भी वन क्षेत्र में वृद्धि का न होना निश्चित ही गंभीर लापरवाही का सूचक है। यदि वन माफियाओं की हरकत पर तत्काल रोक नहीं लगायी गयी तो आने वाले दिनों में पूरा क्षेत्र ही उजाड़ हो जायेगा। इस दिशा में डीएफओ व उपायुक्त को निश्चित ही प्रभावी कदम उठाना चाहिये।

**- अरूण सिन्हा**

धर्म

# अब तो गलती सुधारने की पहल करे मुस्लिम समाज



आशीष वशिष्ठ

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वाराणसी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वेक्षण से उस दावे की पुष्टि हो गई है कि वह हिन्दू मंदिर पर ही बनाई गई थी। इस सर्वेक्षण को रोकने के लिए मुस्लिम पक्ष द्वारा न्यायालय में चरम सीमा तक जाकर तर्क दिये गये। बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिन्दू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना शुरू हो गई है। हिन्दू पक्ष कुछ समय से ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक तलगृह में पूजा का अधिकार मांग रहा था। यह तलगृह मस्जिद परिसर में है। वर्ष 1992 तक व्यास जी तलगृह में पूजा नियमित तौर पर होती थी। 06 दिसंबर, 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 से व्यास जी के तलगृह को बंद कर दिया गया और बैरिकेडिंग कर दी गई थी। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। अयोध्या में राम जन्मभूमि मामले को लेकर भी मुलायम सिंह यादव ने बैरिकेडिंग लगवा दी थी जिससे सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े और लड़ाई-झगड़े न हों। पहले बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग की गई और बाद में पक्की तरह से बंद कर दिया गया। इसके बाद यहां पर वार्षिक माता श्रृंगार गौरी की पूजा हो रही थी। ज्ञानवापी में किये गये सर्वेक्षण की जो रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत हुई, उसके आधार पर कोई भी कह सकता है कि वह मंदिर ही है। मुस्लिम पक्ष को इसका ज्ञान काफी पहले से था। इसीलिए उन वस्तुओं को छिपा और ढक दिया गया था जो हिन्दू धर्म के प्रतीक और चिह्न हैं। सबसे बड़ी बात शिवलिंग का मिलना है। पौराणिक ग्रंथों से पता चलता है कि ज्ञानवापी कुआं का निर्माण स्वयं भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से किया था। पौराणिक काल से ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का इलाका अविमुक्त क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध रहा है। महाभारत में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र को अविमुक्त क्षेत्र के नाम से पुकारा गया है।

**बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिन्दू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना शुरू हो गई है।**



बोधि वृक्ष

## एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

**रानी** ने मंदिर के शिखर के दर्शन होने तक उपवास रखने का निर्णय लिया। राजा मान गये, लेकिन इतने कम समय में मंदिर को पूरा करने के लिए कोई भी वास्तुकार तैयार नहीं हुआ। औरंगाबाद के एक स्थानीय पैठण, कोकसा ने यह चुनौती स्वीकार की और राजा को वचन दिया कि रानी एक सप्ताह में शिखर को देख सकेंगी। कोकसा ने अपने साथियों के साथ मिलकर, शैल मंदिर को तराशना शुरू किया ताकि एक सप्ताह के भीतर, वह शिखर की नक्काशी पूरी कर सकें और शाही जोड़े को उनकी व्यथा से मुक्त कर सकें। रानी के सम्मान में मंदिर का नाम मणिकेश्वर रखा गया और राजा ने एक शहर, एलापुर (आधुनिक एलोरा) का निर्माण किया।

**ऐतिहासिक विकास :** 8वीं शताब्दी ईस्वी में राष्ट्रकूट शासकों ने प्रारंभिक पश्चिमी चालुक्यों को अपदस्थ कर दिया और दक्कन की सत्ता पर कब्जा कर लिया। राष्ट्रकूट राजवंश के अभिलेखों में कैलाश मंदिर के निर्माण के लिए राष्ट्रकूट सम्राट कृष्ण प्रथम (757-72 ईस्वी) का नाम मिलता है। वास्तव में, मंदिर का नाम मूल रूप से राष्ट्रकूट राजा, कृष्णेश्वर के नाम पर रखा गया था, लेकिन अब इसे कैलाश मंदिर कहा जाता है। हालाँकि, कुछ शिक्षाविदों का मानना है कि एलोरा के कैलाश मंदिर और स्थापत्य रूपों की अन्य शैल नक्काशियों को किसी एक राजा द्वारा बनवाया नहीं जा सकता था। इनमें एक सदी से भी अधिक समय तक कई राजाओं के अधीन काम जारी रहा होगा।

**कैलाश मंदिर स्रोत- यूनेस्को**

कैलाश मंदिर- एलोरा का वास्तुशुल्पीय अजूबा

विद्वानों के अनुसार, कैलाश मंदिर के निर्माण में एक पहाड़ी से तीन विशाल खाइयों का समकोण उत्खनन किया गया था, जो उसके आधार तक लंबवत रूप से काटी गई थीं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**Omprakash Ashk**
1d

जिंदगी!
किस्तों का एक हिसाब है,
ताउम्र
मासिक या सालाना
यह कटती रहेगी.

कोफ्त तब होगी,
जब जीवन से ज्यादा
किस्तें बनेंगी
और, बकाया सिर पर लिये
विदाई की वेला
दस्तक देने लगेगी.

यह पल इनका,
वह पल उनका,
इसी में बंटती रहेगी
जिंदगी !

कोई कोताही भी
नहीं चलेगी
बखरा-बंटवारे में.
इसलिए कि
जिंदगी ने
खुद को बांट रखी है
किस्त दर किस्त
अपनों के लिए,
और उन्हीं किस्तों में
खुद के लिए भी
तलाश लिये हैं रास्ते
जिंदगी ने,
किस्तो के भरोसे.

## X - से

**Babulal Marandi**
@yourBabulal

मुख्यमंत्री @ChampaiSoren जी, जेएसएससी के प्रश्न पत्र लीक होने का विरोध कर रहे छात्रों के उपर दर्ज एफआईआर को अविलंब निरस्त करें।

आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा को तुरंत बर्खास्त करते हुए JSSC-CGL परीक्षा के प्रश्न पत्र घोटाले और भ्रष्ट क्रियाकलापों की सीबीआई जांच कराने की अनुशंसा करें।

#jssc #JsscCglScam

@BJP4India @narendramodi @JPNadda @AmitShah @blsanthosh



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# लोस चुनाव 2024 की लड़ाई बिजली, पानी व शिक्षा पर आई



किशन भावनानी

**विश्व** के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश भारत में लोकसभा चुनाव 2024 की बिगुल करीब करीब बज ही गया है। मेरा मानना है कि करीब अप्रैल 2024 में संभावित सात चरणों में लोकसभा चुनाव शुरू होंगे इसका अंदेशा इसी से लगाया जा रहा सकता है कि, कुछ समय से लाखों हजारों करोड रुपए की योजनाओं का पिटारा खोला जा रहा है। विशेष रूप से अंतरिम बजट 2024 में बिजली जो हर व्यक्ति के जीवन का जरूरी अंग बन गया है उसके बारे में रूफटॉप सोलर योजना के बारे में कहा गया है जिसका उल्लेख माननीय पीएम ने 22 जनवरी 2024 को पीएम सूर्योदय योजना शुरू करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता कर एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा था, जिसे अब बजट 2024 में उतारा गया है। इसी का उल्लेख माननीय पीएम ने आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को असम के गुवाहाटी दौरे पर 11 हजार करोड़ की योजनाओं की घोषणा करते हुए देशवासियों के घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल 300 यूनिट तक शून्य करने पर काम शुरू होने की बातें कहीं। बता दें यह बिजली पानी शिक्षा फ्री करने की दूर की कौड़ी अन्ना हजारेआंदोलन से लेकर शुरू हुई थी जिसे कर्मठ कार्यकर्ता दिल्ली के सीएम ने पहली बार दिल्ली में फिर पंजाब में भी उतार कर काफी प्रशंसा बटोरी थी। अब हर राज्य व केंद्र सरकार की बिजली शिक्षा पानी फ्री करने सर्वाधिक तेजी से काम कर रहे हैं। इसलिए रूफटॉप सोलर योजना को एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का काम तेजी से शुरू होगा। मेरा मानना है किलोकसभा चुनाव 2024 की कवायत अब जीतने के लिए नहीं बल्कि रिकॉर्ड 400 प्लस सीटें बनाने के लिए की जा रही है, क्योंकि जीतना तो करीब निश्चित हो चुका है पर देखना यह है कि 400 प्लस और 50 फीसदी से अधिक वोटिंग का टारगेट होता है या नहीं। चूंकि आज पीएम ने फिर 300 यूनिट्स बिजली बिल शून्य पर काम शुरू होने की बात कही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

**बिजली पानी शिक्षा फ्री करने की दूर की कौड़ी अन्ना हजारेआंदोलन से लेकर शुरू हुई थी जिसे कर्मठ कार्यकर्ता दिल्ली के सीएम ने पहली बार दिल्ली में फिर पंजाब में भी उतार कर काफी प्रशंसा बटोरी थी।**

## टेक वर्ल्ड

### वीडियो गेम के दीवानों का नया अड्डा बना यूट्यूब

**बता** दें कि जब से यूट्यूब ने शॉर्ट वीडियो बनाने की सुविधा शुरू की है तब से अप्रत्याशित रूप से यूट्यूब पर क्रिएटर की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। यहां पर क्रिएटर आसानी से शॉर्ट्स वीडियो बनाते हैं और पोपुलैरिटी के हिसाब से खूब सारे पैसे कमाते हैं। ऑनलाइन वीडियो प्लेटफॉर्म यूट्यूब किसी परिचय का मोहताज नहीं है। लेटेस्ट वीडियो से लेकर किसी भी इंडस्ट्री के से जुड़े तमाम वीडियो आपको यूट्यूब पर आसानी से देखने को मिल जायेंगे । आजकल वीडियो कंटेंट क्रिएटर का नया अड्डा यूट्यूब बना हुआ है। बता दें कि जब से यूट्यूब ने शॉर्ट वीडियो बनाने की सुविधा शुरू की है तब से अप्रत्याशित रूप से यूट्यूब पर क्रिएटर की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। यहां पर क्रिएटर आसानी से शॉर्ट्स वीडियो बनाते हैं और पापुलैरिटी के हिसाब से खूब सारे पैसे कमाते हैं। शॉर्ट वीडियो ही क्यों अपने किसी भी स्किल को अगर आपको प्रेजेंट करना है तो यूट्यूब से अच्छा माध्यम शायद ही कोई हो सकता है। न केवल यूट्यूब पर वीडियो बनाकर आपको पोपुलैरिटी मिलती है बल्कि आपको पैसे भी कमाने को मिलते हैं। हालांकि आज हम यूट्यूब पर वीडियो के बारे में बात नहीं करने वाले हैं बल्कि हम यह बताने जा रहे हैं कि यूट्यूब पर आप वीडियो गेम कैसे खेल सकते हैं? बता दें कि यूट्यूब ने अपना नया फीचर लॉन्च किया है Playable जिसकी सहायता से आप यूट्यूब पर अपने मन पसंदीदा वीडियो गेम को आसानी से खेल सकते हैं।



**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रशिक्षु अधिकारियों ने की राष्ट्रपति से मुलाकात की



नई दिल्ली। अरुण जेटली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट में प्रोबेशनर्स ट्रेनिंग कोर्स के 31वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। ये अधिकारी भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय रक्षा लेखा सेवा और भारतीय पीएंडटी (वित्त और लेखा) सेवा से हैं। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि एक अच्छी सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली ही सुशासन का आधार है।

## कश्मीर में फिसलन भरी सड़कें और सर्द हवाओं से जनजीवन प्रभावित

**श्रीनगर।** बर्फ से ढके पहाड़ों से भीतरी इलाकों में ठंडी हवाएं चलने के कारण सोमवार को पूरे कश्मीर में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। सड़कें और गलियों पर फिसलन बरकरार रही। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट और शीत लहर तेज होने का अनुमान लगाया है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 0.4, गुलमर्ग में माइनस 10 और पहलगाम में माइनस 11.9 डिग्री सेलिस्यस रहा। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से 6.6 डिग्री नीचे और कारगिल में शून्य से 18.4 डिग्री सेलिस्यस नीचे दर्ज किया गया। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 5.2, कटरा में 4.2, बटोट में माइनस 0.4, भद्रवाह में माइनस 1.8 और बनिहाल में माइनस 3.2 डिग्री सेलिस्यस रहा।

## विवाह विच्छेद के बाद भी स्कूल रिकॉर्ड में दर्ज होगा पिता का नाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**




दिल्ली उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि विवाह विच्छेद से माता और पिता की उनके बच्चे के स्कूल रिकॉर्ड में अपना नाम दर्शाने की पैतृक स्थिति खत्म नहीं हो जाती है। एक व्यक्ति की याचिका को स्वीकार करते हुए अदालत ने कहा कि मां को बच्चे की मां के रूप में पहचाने जाने का अधिकार है, लेकिन यह उसे स्कूल के दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज कराने के पिता के अधिकार से इनकार करने का अधिकार नहीं देता है। अदालत ने स्कूल को माता-पिता दोनों के नाम दर्शाने और दो सप्ताह के भीतर सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया। उस व्यक्ति ने बच्चे के पिता के रूप में पहचाने जाने के अपने अधिकार का दावा करते हुए स्कूल को अपने रिकॉर्ड सही करने का निर्देश देने की मांग की थी। कुछ वैवाहिक विवादों के बावजूद जून 2015 में तलाक की डिक्री द्वारा उनकी शादी को रद्द कर दिया गया, अदालत ने कहा कि माता-पिता की स्थिति कायम है। कटु रिश्ते और उसके वर्तमान पति द्वारा बच्चे को स्वीकार करने पर आधारित मां की भावनात्मक आपत्तियां, याचिकाकर्ता को बच्चे के पिता के रूप में अधिकार से वंचित करने के लिए अपर्याप्त मानी गईं।

## दिल्लीः मुठभेड़ के बाद नीरज बवानिया गैंग का शार्पशूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कुख्यात नीरज बवानिया गिरोह के एक शार्पशूटर को दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज इलाके से गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान अंबेडकर नगर निवासी एहसान अली उर्फ उस्मान उर्फ लाल सिंह के रूप में हुई, जबकि उसका साथी पुल प्रहलादपुर इलाके का निवासी नीरज उर्फ प्रह्लादपुरिया मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने कहा कि शाम 6 बजे सूचना मिली कि नीरज बवानिया गिरोह के दो शार्पशूटर हथियार लेकर बाइक पर फरीदाबाद से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज रोड से एमबी रोड होते हुए किसी अपराध को अंजाम देने के लिए दक्षिण-पूर्व जिले में आएंगे। सूचना पर कार्रवाई करने के लिए एक टीम तैयार की गई, जिन्होंने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज के पास रात करीब साढ़े आठ बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों को रोका।

## एक नजर

### जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर यातायात फिर रुका

**जम्मू।** कुछ समय के लिए खुलने के बाद, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात फिर से रोक दिया गया है। लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के बाद दलवास में रखरखाव का काम चल रहा है, अधिकारियों ने सोमवार को ये जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर ट्रैफिक पुलिस ने कहा, ₹सड़क के रखरखाव के कारण श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर डलवास में दोनों तरफ से यातायात रोक दिया गया है।₹जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग कश्मीर घाटी की जीवन रेखा है और कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला मुख्य सड़क संपर्क है। आवश्यक आपूर्ति से लदे कश्मीर जाने वाले ट्रक और अन्य वाहन राजमार्ग से गुजरते हैं।

### कानपुर देहात में कार हादसा, छह की मौत दो घायल

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जनपद में देररात हुए कार हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और दो बच्चे घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी।पुलिस के अनुसार, जनपद के सिकन्दरा थानाक्षेत्र में सिकन्दरा-संदलपुर मार्ग पर जगन्नाथपुर गांव के पास यह हादसा हुआ। एक स्विफ्ट डिजायर अनियंत्रित होकर पलटने के बाद गहरे और चौड़े नाले में गिर गई। इस गाड़ी में सवार छह लोगों की मौत हो गई और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद सीएचसी सिकन्दरा पहुंचकर परिजनों से चर्चा की। घायल बच्चों के बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए।

### निजी व विदेशी विवि के लिए खोले दरवाजे

**तिरुवनंतपुरम।** कुछ समय पहले केरल में वामपंथियों ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निजीकरण का विरोध किया था, लेकिन सोमवार को राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अपना लगातार चौथा बजट पेश करते हुए कहा कि निजी और विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए अपने परिसर खोलने के दरवाजे खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए पहले कदम के तौर पर देश के बाहर चार अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। इसके लिए, केरल के विशेषज्ञों और विदेशों में उच्च शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को इस विचार को आगे बढ़ाने के लिए तैयार किया जाएगा।

# तेजस्वी के खिलाफ मानहानि का मामला रद्द करने पर आदेश सुरक्षित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' वाली टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि की कार्यवाही को रद्द करने पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने राजद नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की इस दलील पर ध्यान दिया कि यादव ने बिना शर्त अपनी टिप्पणी वापस लेते हुए एक विशिष्ट हलफनामा दायर किया है। शिकायतकर्ता हरेश मेहता की ओर से पेश वकील ने कहा, आपका आधिपत्य विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों में पार्टियों के बीच सहमति के बिना कार्यवाही को रद्द कर सकता है। पीठ ने कहा, आदेश सुरक्षित है, हम एक विस्तृत आदेश पारित करेंगे। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने संकेत दिया था कि वह संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए अहमदाबाद में एक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष यादव के खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि के मुकदमे को रद्द कर देगी। आरोप है कि यादव ने कहा कि 'आज के समय में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उन्हें इसके लिए माफ भी किया जाएगा।'अपनी शिकायत में, सामाजिक कार्यकर्ता और अखिल भारतीय भ्रष्टाचार विरोधी व अपराध निवारक परिषद नामक संगठन के उपाध्यक्ष मेहता ने आरोप लगाया कि ये टिप्पणियां गुजरातियों को सार्वजनिक रूप से बदनाम और अपमानित करती हैं।



### विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट करना समझ से परे

**पटना।** बिहार में कथित तौर पर टूट की आशंका को लेकर कांग्रेस के 19 में से 16 विधायकों को हैदराबाद ले जाया गया है। हैदराबाद नहीं गए कांग्रेस के विधायक सिद्धार्थ सौरव का मानना है कि अभी कोई कारण समझ में नहीं आता है कि विधायकों को क्यों ले जाया गया। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि हो सकता है सरकार बनी है, इसलिए घुमाने ले गए होंगे। सौरव ने साफ शब्दों में कहा कि अभी शादी ब्याह का मौसम है, प्रतिदिन कई जगह जाना पड़ता है। क्षेत्र में जो समस्याएं हैं, उसका निराकरण करवाना भी मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि उन्हें भी जाने के लिए कहा गया था, लेकिन साफ मना कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि मेरी समझ से अभी कोई कारण नहीं लगता है कि विधायकों को ले जाया जाए। विधायकों के टूटने की आशंका से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि टूट की संभावना या प्रयास तब होता है जब बहुमत नहीं हो। साफ है कि एनडीए के पास बहुमत है। और यह कोई अभी की बात नहीं है इससे पहले भी जदयू जिधर गई, उधर बहुमत हो गया।

# 12 के पहले अब बिहार में कांग्रेस ने शुरू की 'रिसॉर्ट राजनीति'

**एजेंसी। पटना**

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार विधानसभा में 12 फरवरी को बहुमत साबित करने वाली है। विधानसभा के आंकड़ों को देखें तो साफ लगता है कि सत्ताधारी गठबंधन बहुमत का आंकड़ा आसानी से पार कर लेगा। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि इस स्थिति में महागठबंधन में शामिल कांग्रेस को अपने अधिकांश विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट करने की जरूरत क्यों पड़ी? दरअसल, नीतीश कुमार के फिर से एनडीए में शामिल होने के बाद भाजपा ने दावा किया था कि कांग्रेस के 10 विधायक उनके संपर्क में हैं।

कुछ दिनों के बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। नीतीश कुमार के एनडीए में फिर से जाने के बाद महागठबंधन में शामिल दलों की सबसे बड़ी चुनौती न केवल गठबंधन में एकजुटता बनाए रखने की है, बल्कि, अपने दलों को बिखराव से रोकना भी है। बिहार की राजनीति को नजदीक से समझने वाले वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार सुरेंद्र किशोर भी कहते हैं कि कांग्रेस को अपने विधायकों के पाला बदलने का डर सता रहा होगा, इस कारण उन्हें अन्य जगहों पर भेज दिया गया। क्योंकि, कुछ ही समय के बाद लोकसभा चुनाव भी होने वाले हैं, ऐसी स्थिति में विधायकों का पाला बदलने का खतरा सबसे अधिक होता है। आज की राजनीति में विधायकों के पाला बदलने की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस स्थिति में कोई भी 'रिस्क' लेने से बच रही है और पार्टी में एकजुटता भी साबित कर रही है।

उल्लेखनीय है कि बिहार में कांग्रेस के 19 विधायक हैं, जिनमें से 16 विधायकों को रविवार को हैदराबाद शिफ्ट कर दिया गया है। हैदराबाद नहीं गए कांग्रेस के विधायक सिद्धार्थ सौरव का भी मानना है कि अभी कोई कारण समझ में नहीं आता है कि विधायकों को क्यों ले जाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि सरकार बनी है, इसलिए घुमाने ले गए होंगे। मेरी समझ से अभी कोई कारण नहीं लगता है कि विधायकों को ले जाया जाए। विधायकों के टूटने की आशंका से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि टूट की संभावना या प्रयास तब होता है, जब बहुमत नहीं हो।

## बजट पेश करते हुए केरल के वित्त मंत्री का केंद्र पर निशाना

**तिरुवनंतपुरम।** केंद्र द्वारा केरल के साथ वित्त के संबंध में किए जा रहे व्यवहार पर आपत्ति जताते हुए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिस पर कोर्ट सुनवाई कर रहा है। उधर, सोमवार को राज्य के वित्त मंत्री के. एन. बाल गोपाल ने विधानसभा में बजट पेश करने के दौरान केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। वित्त मंत्री ने कहा, केरल केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक मोर्चे पर किए जा रहे शत्रुतापूर्ण व्यवहार के मद्देनजर मूकदर्शक बना नहीं रह सकता। केंद्र अपने इस व्यवहार से राज्य को इतिहास के सबसे बुरे वित्तीय संकट की ओर धकेल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, "थकरिल्ला केरलम, थलारिल्ला केरलम, थकरक्कनविला केरलाथे (केरल नहीं टूटेगा, केरल नहीं थकेगा, केरल को नष्ट नहीं किया जा सकता)। उन्होंने आगे कहा, हमें इसी भावना के साथ आगे बढ़ना होगा। सरकार हमारी उपलब्धियों और प्रगति को आगे बढ़ाने में नेतृत्व प्रदान करेगी। साथ ही यह सुनिश्चित करेगी कि सभी केरलवासी एक नए केरलम (नवकेरलम) के निर्माण में एकजुट हों।



## कांग्रेस अपने विधायकों को बंधुआ मजदूर मानती है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी द्वारा बिहार के अपने विधायकों को हैदराबाद ले जाने की कड़ी आलोचना करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा है कि कांग्रेस अपने विधायकों के साथ बंधुआ मजदूरों की तरह व्यवहार कर रही है। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने सोमवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस के रवैये की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस की मानसिकता वंशवादी और जमींदारी प्रवत्ति की है ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने विधायकों को बंधुआ मजदूर समझती है और बंधुआ मजदूर के रूप में ही उनके साथ व्यवहार करती है। सिन्हा ने आगे कहा कि विधायक जनता के विश्वास और जनादेश को लेकर चुनकर आता है। उनका सम्मान के साथ रहने का और सम्मान से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी करने का पूर्ण अधिकार है और इस अधिकार का हनन नहीं करना चाहिए।



## टीडीपी विधायकों ने विधानसभा तक किया मार्च

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के विधायकों ने तख्तियां लेकर और 'बाय-बाय जगन' के नारे लगाते हुए सोमवार से शुरू हुए बजट सत्र के लिए विधानसभा भवन तक पहुंचने के लिए रैली निकाली। हाथों में बैनर और तख्तियां लिए टीडीपी विधायकों ने विधानसभा की ओर मार्च किया। नारे लगाने वाले विधायकों का नेतृत्व टीडीपी की राज्य इकाई के अध्यक्ष किंजरापु अचेन नायडू ने किया। तख्तियों के जरिए टीडीपी विधायकों ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार के अधूरे वादों को उजागर करने की कोशिश की. उन्होंने कहा, ह्विशेष श्रेणी का दर्जा कहां है? ₹क्या आपने पोलावरम पूरा कर लिया है?₹ ₹कडप्पा स्टील प्लांट कहां है?रैली जब विधानसभा गेट पर पहुंची, तो पुलिस ने रोक दिया। टीडीपी विधायकों ने पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताई, इससे तीखी बहस हुई। बाद में सत्र में विधायक शामिल हुए। विधायकों में अभिनेता एन. बालकृष्ण भी शामिल हैं, जो टीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के बहनोई हैं। विपक्ष के नेता नायडू 2021 से विधानसभा सत्र में भाग नहीं ले रहे हैं।



## ईडी ने एससी से कहा, कविता नहीं हो रही हैं पेश

**नई दिल्ली ।** ईडी ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि बीआरएस एमएलसी के. कविता दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग एजेंसी द्वारा उन्हें जारी किए गए समन से बच रही हैं। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ को अवगत कराया कि वह समन से बच रही है और पेश नहीं हो रही हैं।"इस पर, कविता की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि एएसजी राजू ने पहले शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि याचिकाकर्ता को 20 नवंबर, 2023 को समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर अगली सुनवाई होने तक ईडी के सामने पेश होने के लिए कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा। एएसजी राजू ने जवाब दिया,मैंने अगली तारीख तक कहा था। मेरा बयान हमेशा के लिए सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता।"गुण-दोष के आधार पर कुछ भी व्यक्त किए बिना, शीर्ष अदालत ने मामले को शुक्रवार को सुनवाई के लिए पोस्ट कर दिया।



# सिंधिया के गढ़ पर कांग्रेस की नजर

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है और उसकी पैनी नजर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के गढ़ ग्वालियर -चंबल पर है। पार्टी के दिग्गजों ने इस इलाके का न केवल दौरा करना शुरू कर दिया है, बल्कि वे उन दावेदारों को भी टटोल रहे हैं जो भाजपा को कड़ी टक्कर दे सके। ग्वालियर-चंबल इलाके में लोकसभा की चार सीटें आती हैं। इन सभी चारों सीटों -- भिंड, ग्वालियर, मुरैना और गुना पर भाजपा का कब्जा है। बीते साल हुए विधानसभा के चुनाव में इस इलाके की 34 सीटों में से 18 पर भाजपा ने जीत दर्ज की है, जबकि 16 पर कांग्रेस के प्रतिनिधि विधायक के तौर पर निर्वाचित हुए हैं। इस क्षेत्र में सिंधिया परिवार के प्रभाव का ही नतीजा रहा है कि कांग्रेस वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 26 सीटें जीतने में सफल हुई थी, मगर ज्योतिरादित्य सिंधिया के पाला बदलने के बाद भाजपा मजबूत स्थिति में आ गई। कांग्रेस ग्वालियर-चंबल इलाके में अपने जन आधार को फिर बढ़ाना चाहती है। प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह के अलावा प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने अन्य साथियों के साथ इस इलाके का दौरा करना शुरू कर दिया है। इन नेताओं ने जिला अध्यक्ष और तमाम दावेदारों से संभावित उम्मीदवारों का ब्यौरा मांगा है। पार्टी के सामने इस इलाके में प्रभावशाली, दमदार और जन आधार वाले नेताओं की कमी साफ तौर पर नजर आ रही है। ग्वालियर-चंबल वह इलाका है जो उत्तर प्रदेश की सीमा को छूता है। यहां भाजपा और कांग्रेस के अलावा बहुजन समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी का भी वोट बैंक है। विपक्षी दलों के आईएनडीआईए गठबंधन में आए बिखराव का असर इस इलाके पर भी नजर आना तय है। संभावना इस बात की है कि बसपा अपना उम्मीदवार मुरैना और भिंड संसदीय क्षेत्र में उतार सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस इलाके में सिंधिया बनाम दिग्विजय सिंह की अदावत लंबे समय से चली आ रही है और इसका असर कांग्रेस की राजनीति पर सीधे तौर पर पड़ा है।



## विपक्ष ने असम में विधानसभा सत्र को किया बाधित

**गुवाहाटी।** असम में बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन कर कार्यवाही बाधित की, इसके कारण राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को अपना भाषण छोटा करना पड़ा। कटारिया ने अपने 88 पन्नों के भाषण की कुछ पंक्तियां ही पढ़ी थीं कि सदन में अपने संबोधन के दौरान कांग्रेस, सीपीआई-एम और निर्दलीय विधायकों के लगातार विरोध के कारण उन्हें अंतिम पैराग्राफ पर जाना पड़ा। राज्यपाल ने जैसे ही अपना भाषण शुरू किया, कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ और विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने स्पीकर को ऑडियो सिस्टम के खराब होने की जानकारी दी। राज्यपाल के व्याख्यान के दौरान अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी ने विपक्षी सदस्यों को बिना हस्तक्षेप अपनी सीट पर बैठने के लिए कहा। इसी दौरान विपक्षी सदस्य खड़े हो गये और ऑडियो सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाते रहे। कुछ सदस्यों ने नागरिकता अधिनियम का विरोध, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे नारे लिखी तख्तियां प्रदर्शित कीं।

# श्रद्धालुओं को ले हिमाचल से अयोध्या के लिए ट्रेन रवाना



**एजेंसी। ऊना (हिमाचल प्रदेश)**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश से अयोध्या के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने तड़के अंब अंदौरा से अयोध्या धाम तक 'आस्था ट्रेन' का उद्घाटन किया, जो राम भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस अवसर पर हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने 1,074 श्रद्धालुओं के साथ ट्रेन के ऊना जिले के अंब अंदौरा से अपनी यात्रा शुरू करने पर खुशी व्यक्त की। उन-?होंने कहा, "वर्षों का सपना सच हो गया है। राम मंदिर का निर्माण हो गया है। देवभूमि हिमाचल प्रदेश से अयोध्या धाम के लिए पहली ट्रेन राम भक्तों के जत्थों को लेकर रवाना हो गई है। अनुराग ठाकुर के साथ प्रदेश पार्टी प्रमुख राजीव बिंदल भी मौजूद थे।

## इंदौर से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या रवाना हुई आस्था ट्रेन

**इंदौर।** अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है और इसी क्रम में मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद सहित 23 संगठनों के नौ सौ से ज्यादा कार्यकर्ता और कार सेवक आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुए। इंदौर का रेलवे स्टेशन रविवार की रात को पूरी तरह भगवा रंग में और राम के जय घोष से गुंजायमान था। यहां से रामलला के दर्शनों के लिए श्रद्धालु जा रहे थे। अनेक श्रद्धालुओं के हाथ में वाद्य यंत्र थे और वे राम गीत गा रहे थे। आस्था स्पेशल ट्रेन को विशेष तौर पर सजाया गया था और स्टेशन पर बड़ी संख्या में लोग इन श्रद्धालुओं को विदाई देने पहुंचे थे।

## यूपी का बजट

## बजट का आकार 7,36,437.71 करोड़ रुपये का

# 24,863.57 करोड़ की नई योजनाएं शामिल

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को वर्ष 2024-25 का बजट सदन में पेश किया। इस दौरान मुख्यमंत्री समेत अन्य विधानसभा के सदस्य मौजूद रहे। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रुपए) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863.57 करोड़ रुपए) की नई योजनाएं भी शामिल हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने बजट भाषण में कहा कि योगी सरकार के बजट में 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (6,06,802.40 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपये (1,14,531.42 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इसके अलावा राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 4 लाख 88 हजार 902 करोड़ 84 लाख रुपये (4,88,902.84 करोड़ रुपये) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 2 लाख 70 हजार 86 करोड रुपये (2,70,086 करोड़ रुपये) तथा केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 2 लाख 18 हजार 816 करोड़ 84 लाख रुपये (2.18,816.84 करोड़ रुपये) शामिल है। यूपी के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5.32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखा का व्यय है, जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपए (2.03.782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है। इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपये (9.603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारम्भिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुये अन्तिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है।

# विस अध्यक्ष के खिलाफ याचिका सूचीबद्ध करने पर होगा विचार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना-यूबीटी गुट द्वारा दायर याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा, जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनका खेमा ही असली शिव सेना है। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा,"हम इसे सूचीबद्ध करेंगे।"सिब्बल ने कहा,मिलॉर्ड्स, मामला आज सूचीबद्ध होना था। यदि इसे सूचीबद्ध किया जा सकता है, तो चुनाव होंगे। शीर्ष अदालत ने 22 जनवरी को शिवसेना यूबीटी नेता सुनील प्रभु द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया था और सीएम शिंदे और 38 अन्य विधायकों से दो सप्ताह की अवधि के भीतर जवाब मांगा था। पूर्व सीएम ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले पर सवाल उठाया है, जिसमें कहा गया था कि सीएम शिंदे के नेतृत्व वाला समूह ही असली शिवसेना है, क्योंकि इसके पास विधायिका और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी बहुमत है। याचिका में सीएम शिंदे और उनके खेमे के अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने को भी चुनौती दी।



## लगातार तीसरी बेटी होने से नाराज माता-पिता ने 4 महीने की बच्ची को पटक-पटक कर मार डाला

**कोलकाता।** बंगाल में एक दंपत्ति ने अपनी ही चार महीने की बच्ची को दीवार पर पटक-पटक कर मार डाला। बताया जा रहा है कि वह उनकी तीसरी लड़की थी। घटना पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल की है। पीड़िता की पहचान खदीजा खातून के रूप में की गई है। जबकि, माता-पिता की पहचान रिंटू मंडल और बेलुवारा बीबी के रूप में की गई है, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना पर सबसे पहले सोमवार की सुबह पीड़िता की दादी फिरोजा बीबी की नजर पड़ी। उसने तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों और पड़ोसियों का बुलाया। फिरोजा बीबी ने मीडियाकर्मियों को बताया, "घटना रविवार रात को हुई लेकिन माता-पिता ने यह सुनिश्चित करने के लिए इसे पूरी रात छिपाए रखा कि बच्ची की मौत हो जाए। मेरा बेटा हमेशा नशे में रहता है। तीसरी लड़की के जन्म के बाद से, मेरे बेटे और उसकी पत्नी के बीच रोजाना झगड़ा होता रहता था। लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि झगड़े का ऐसा अंत होगा।



# भारत ने इंग्लैंड को 106 रन से हराया पांच मैचों की श्रृंखला में की 1-1 से बराबरी

**विशाखापत्तनम टेस्ट**



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

भारत ने यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड को 106 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। जसप्रीत बुमराह (पहली पारी में 6 विकेट, दूसरी पारी में 3 विकेट) को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

इंग्लैंड ने पहला मैच 28 रन से जीता था। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यशस्वी जयसवाल (209) के दोहरे शतक की बदौलत पहली पारी में 396 रन बनाए थे, जवाब में इंग्लैंड ने जैक क्रॉली (76) के अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में 253 रन बनाए। पहली पारी के आधार पर भारत को 143 रन की बढ़त मिली। इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) के शतक की बदौलत 255 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने 399 रनों की लक्ष्य रखा। 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को जैक क्रॉली और बेन डकेट ने एक बार फिर सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। रविचंद्रन अश्विन ने डकेट को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। डकेट ने 28 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 95 के कुल स्कोर पर रेहान अहमद को एलबीडब्ल्यू कर इंग्लिश टीम को दूसरा झटका दिया। रेहान ने 23 रन बनाए। 132 के कुल स्कोर पर अश्विन ने ओली पोप को कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। पोप ने 23 रन बनाए। जो रूट कुछ खास नहीं कर सके और केवल 16 रन बनाकर अश्विन का शिकार बने।

कुलदीप यादव ने इसके बाद 194 के कुल स्कोर पर डटकर खेल रहे क्रॉली को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। क्रॉली ने 73 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसी स्कोर पर बुमहार ने जॉनी बेयरस्टो (26) को एलबीडब्ल्यू कर इंग्लैंड को छठा झटका दिया। 220 के कुल स्कोर पर श्रेयस अय्यर ने सीधे थ्रो पर बेन स्टोक्स को रन आउट कर भारत की जीत के द्वार खोल दिये। स्टोक्स ने 11 रन बनाए। बुमराह ने इसके बाद बेन फोक्स को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर इंग्लैंड की आखिरी उम्मीद भी खत्म कर दी। फोक्स ने 36 रन बनाए।

281 के कुल स्कोर पर मुकेश कुमार ने शोएब बसीर (00) को आउट कर इंग्लैंड को नौवां झटका दिया। बुमराह ने 292 के कुल स्कोर पर टॉम हार्टले को बोल्ड कर भारत को 106 रनों से जीत दिलाकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी दिला दी। हार्टले ने 36 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने 3-3 और मुकेश कुमार, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट लिया।

**भारत ने अपनी दूसरी पारी में बनाए 255 रन, शुभमन गिल का शतक :** इससे पहले भारत ने अपनी दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के बेहतरीन शतक की बदौलत 255 रन बनाए और 398 रनों की कुल बढ़त हासिल कर इंग्लैंड के सामने 399 रनों का लक्ष्य रखा।

गिल ने 147 गेंदों पर 11 चौके और 2 छक्के की बदौलत 104 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। गिल के अलावा अक्षर पटेल (45), श्रेयस अय्यर (29) और रविचंद्रन अश्विन (29) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में टॉम हर्टले ने 4, रेहान अहमद ने 3, जेम्स एंडरसन ने 2 और शोएब बसीर ने 1 विकेट लिया।

**इंग्लैंड की पहली पारी 253 रन पर सिमटी, बुमराह ने झटके 6 विकेट :** इससे पहले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (15.5 ओवर 45 रन देकर 6 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने यहां जारी दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 253 रनों पर समेट दी है। पहली पारी के आधार पर भारत को 143 रनों की बढ़त मिली। इंग्लैंड के लिए पहली पारी में जैक क्रॉली ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 76 रन बनाए। क्रॉली ने इस दौरान उन्होंने 78 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और 2 छक्के लगाए।

क्रॉली के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स ने 47 रन बनाए। वहीं, बेन डकेट (21), ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और टॉम हार्टले (21) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 6, कुलदीप यादव ने 3 और अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया।

**भारत ने अपनी पहली पारी में 396 रन बनाए, यशस्वी जयसवाल का दोहरा शतक :** इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल के बेहतरीन दोहरे शतक की बदौलत भारत ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी में 396 रन बनाए। जयसवाल ने 290 गेंदों का सामना किया और 19 चौके और सात छक्के लगाए। जयसवाल के अलावा शुभमन गिल (34), रजत पाटीदार (32), श्रेयस अय्यर (27), अक्षर पटेल (27) और रविचंद्रन अश्विन (20) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिये।

इंग्लैंड की तरफ से शोएब बसीर, रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन ने 3-3 व टॉम हार्टले ने 1 विकेट लिया।

## भुवनेश्वर पहुंची भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24**



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 अभियान की शुरूआत करने के लिए सोमवार को भुवनेश्वर पहुंची। टीम पिछले सीजन में पोडियम फिनिश से चूक गई थी और नीदरलैंड, ग्रेट ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) 10 फरवरी से 16 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाली है। इसके बाद लीग का दूसरा चरण राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 19 फरवरी से 25 फरवरी तक खेला जाएगा।

भारत सीजन के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा, उसके बाद 11 फरवरी को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड से भिड़ेगा। थोड़े समय के ब्रेक के बाद, वे 15 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे, और फिर वे 16 फरवरी को भुवनेश्वर चरण के आखिरी मैच में आयरलैंड का सामना करेंगे।

**पांच राष्ट्रीय टीमें :** आयरलैंड, नीदरलैंड, भारत, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया - एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) के भारत चरण में भाग लेंगी, सभी टीमें एक बार भुवनेश्वर में और एक बार राउरकेला में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एक आधिकारिक बयान में कहा हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं, जहां हमने प्रो लीग शुरू करने के लिए फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ खेला था। इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा। हरमनप्रीत ने कहा हम प्रो लीग को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं क्योंकि इसे जीतने का मतलब न केवल एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधी योग्यता होगी, बल्कि ये खेल पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी में भी महत्वपूर्ण होंगे।

## इन परिस्थितियों में टेस्ट जीतना आसान नहीं गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया : रोहित शर्मा



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 106 रनों की जीत हासिल करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गेंदबाजों के प्रदर्शन की सराहना की। चौथे दिन के खेल में डॉ वाइएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और तेज गेंदबाज जसप्रित बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए और 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को 292 रन पर ऑल आउट कर दिया। बुमराह, जिन्होंने पहली पारी में 45 रन देकर 6 विकेट लिए और भारत को पहली पारी में 143 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई, ने दूसरी पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने विशाखापत्तनम टेस्ट में 91 रन देकर 9 विकेट लिए जो इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर किसी भारतीय तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। अश्विन ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 72 रन देकर 3 विकेट लिए और अब वह 500 टेस्ट विकेट तक पहुंचने से सिर्फ एक विकेट दूर हैं। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार ने एक-एक विकेट लेकर भारत को हैदराबाद में 28 रन की हार से उबरते हुए विशाखापत्तनम में जोरदार जीत दिलाई। मैच खत्म होने के बाद रोहित ने कहा, बुमराह हमारे लिए एक चैंपियन खिलाड़ी है, उसने कुछ समय के लिए काम किया है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने बेहतर किया।

रोहित ने कहा यह जीत हमें काफी आत्मविश्वास देती है। ऐसी युवा टीम का मुकाबला करने पर मुझे बहुत गर्व है। हम चाहते हैं कि इन लोगों को बीच में समय मिले। यह एक अच्छी चुनौती है, इंग्लैंड अच्छा क्रिकेट खेल रहा है। आसान सीरीज नहीं होगी, अभी तीन और मैच बाकी हैं, हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम ज्यादातर चीजें सही करें।

## हमारे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है : सीन विलियम्स



**एजेंसी। दुबई**

शारजाह वॉरियर्स रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में डीपी वर्ल्ड आईएलटी 20 मुकाबले में गल्फ जाइंट्स से 79 रन से हार गया। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 187 रन बनाए थे, जवाब में वॉरियर्स की टीम 108 रनों पर सिमट गई।

मैच के बाद जिम्बाब्वे के हरफनमौला खिलाड़ी सीन विलियम्स ने फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में उन तीन विकेटों के बारे में बात की जो वह महंगे होने के बावजूद हासिल करने में कामयाब रहे, उन्होंने कहा, इन परिस्थितियों में अच्छी गेंदबाजी करना हमेशा अच्छा होता है, खासकर उन बल्लेबाजों पर दबाव बनाना जो गल्फ जाइंट्स के पास हैं। हमें अंत में गेंदबाजी करते समय कुछ जोखिम लेना पड़ा, लेकिन ये चीजें खेल के अंत में की जानी चाहिए। दुर्भाग्य से, मेरा निष्पादन पर्याप्त अच्छा नहीं था।

विलियम्स ने विशेष रूप से हेटमायर की बहुत प्रशंसा की, जब उनकी विस्फोटक जीत ने वॉरियर्स से मैच छीन लिया, शिमरोन हेटमायर ने वास्तव में अच्छा खेला। वह वेस्टइंडीज या जिस भी टीम के साथ खेलते हैं, उसके लिए मैच जीतने के लिए प्रसिद्ध हैं।

## चीन ने कलात्मक तैराकी टीम एक्रोबेटिक में जीता स्वर्ण



**एजेंसी। दोहा**

चीन ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को कलात्मक तैराकी टीम एक्रोबेटिक में 244.1767 अंकों के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

फाइनल में कांटे का मुकाबला देखने को मिला, जिसमें शीर्ष तीन टीमें खिताब के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। यूक्रेन ने चीन से महज 0.8600 अंकों से पिछड़ते हुए रजत पदक हासिल किया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 242.2300 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।

छठे स्थान पर फाइनल में प्रवेश करने के बावजूद, संयुक्त राज्य अमेरिका ने असाधारण प्रदर्शन किया, जिससे उनके प्रतिस्पर्धियों पर तीव्र दबाव बढ़ गया। 45 वर्षीय बिल में के नेतृत्व में अमेरिकी टीम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

जीत के बाद चीनी कोच झांग शियाओहुआन ने सिन्हुआ के हवाले से कहा उनके उत्कृष्ट स्कोर के बाद, हमारी टीम एक बार शांत हो गई। उस पल, मैंने उनसे कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका हमारा प्रतिद्वंद्वी नहीं है, और हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

यह खिताब फुकुओका 2023 के बाद से इस स्पर्धा में चीन का दूसरा स्वर्ण पदक है। कोच झांग ने विशेष रूप से जुड़वा, वांग कियानयी और वांग लियूई के प्रदर्शन की सराहना की।

झांग ने कहा हांग्जो एशियाई खेलों के बाद केवल तीन महीने की एकजुटता के बाद, उन्हें अपने युगल मुक्त प्रदर्शन के अलावा अतिरिक्त सामूहिक प्रशिक्षण भी करना पड़ा। यह आसान नहीं था।

मिश्रित युगल तकनीकी स्पर्धा में कजाकिस्तान की नर्गिजा बोलाटोवा और एडुआर्ड किम ने 228.0050 अंकों के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। चीन के चेंग वेंटाओ और शी हाओयू ने रजत पदक जीता, जबकि मेक्सिको के मिरांडा बरेर्रा जिमेनेज और डिएगो विलालोबोस कैरिलो ने पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया।

## हार के बावजूद अपनी टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं स्टोक्स

**विशाखापत्तनम।** भारत में दूसरी पारी के चौथे दिन 399 रन का पीछा करना कभी आसान नहीं होने वाला था। लेकिन, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का मानना है कि दूसरा टेस्ट 106 रनों से हारने के बावजूद उनके बल्लेबाजों ने खुद को भारतीय गेंदबाजों के सामने साबित किया। चौथे दिन के खेल में सोमवार को इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रुख को जारी रखा, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि वे 69.2 ओवर में 292 रन पर ही सिमट गए। जैक क्रॉली के 73 रनों के अलावा, कोई भी अन्य बल्लेबाज चौथी पारी में 50 रन का आंकड़ा नहीं छू सका। जिससे भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। स्टोक्स ने कहा आखिरी पारी में आते हुए हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम इस लक्ष्य का पीछा कर सकते हैं।

## जमशेदपुर एफसी से मिली हार के बाद नाखुश पेट्र क्रैटकी



**एजेंसी। मुंबई**

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में जमशेदपुर से मिली हार के बाद मुंबई सिटी के मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी अपनी टीम के प्रदर्शन से नाखुश थे। उनका मानना है कि उनके खिलाड़ियों ने पहले हॉफ में रणनीति के अनुसार खेला और अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन, दूसरे हॉफ में कुछ ऐसी गलतियां की, जिसके कारण टीम मजबूत स्थिति में रहने के बावजूद हार गई।

मुंबई सिटी एफसी के लिए ओपनर स्कोर जोस लुइस ने किया, जबकि अल्बर्टो नोगुएरा के हेड फ्लिक ने हाफटाइम में मेजबान टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। दो गोल से पिछड़ने के बावजूद खालिद जमील की टीम मजबूत रही और उन्होंने दमदार वापसी करते हुए सीजन की अपनी तीसरी जीत हासिल की। जमशेदपुर एफसी के लिए इमरान खान (55') ने पहला गोल किया। जेरेमी मंजोरो (59' और 87') की डबल स्ट्राइक ने मेहमान टीम को जीत दिला दी।

आईएसएल वेबसाइट ने क्रैटकी के हवाले से बताया मैंने इसे दो हिस्सों के खेल के रूप में देखा। पहले हाफ में हम हावी रहे। हमने अच्छा खेला। हमें दो गोल की बढ़त मिली और खिलाड़ियों ने शानदार काम किया। हमें यह सोचना होगा कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जिससे हम हार गए।

**16 स्टेडियम, 104 मैच**

## न्यू जर्सी होस्ट करेगा फीफा वर्ल्ड कप फाइनल

**नई दिल्ली।** विश्व फुटबॉल की शासी निकाय फीफा ने शोपीस इवेंट के पूरे कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। प्रतिष्ठित न्यूयॉर्क न्यू जर्सी स्टेडियम में 19 जुलाई, 2026 को फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। फुटबॉल फैंस के लिए फीफा वर्ल्ड कप का क्रेज शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। एक बार फिर इस मेगा-इवेंट का आयोजन होने वाला है। जिसकी शुरूआत हो चुकी है। विश्व फुटबॉल की शासी निकाय फीफा ने शोपीस इवेंट के पूरे कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। फीफा वर्ल्ड कप की शुरूआत 11 जून 2026 को होगी। ओपनिंग सेरिमनी मैक्सिको सिटी के एजटेका स्टेडियम में पहले मैच के साथ होगी।

## श्रीलंका सीरीज के लिए नैब की अफगानिस्तान वनडे टीम में वापसी, राशिद की रिकवरी जारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्टार स्पिनर राशिद खान श्रीलंका के खिलाफ अफगानिस्तान की तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए हैं, जो 9 फरवरी से पल्लेकेले में शुरू हो रही है।

अफगानिस्तान के शीर्ष स्पिनर की पिछले साल के अंत में पीठ की सर्जरी हुई थी और उन्होंने नवंबर में 2023 वनडे विश्व कप के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। कैस अहमद, जिन्होंने अब तक अफगानिस्तान के लिए सिर्फ एक वनडे खेला है, श्रीलंका में राशिद की जगह लेंगे। नूर अहमद जो एसए20 में डरबन के सुपर जाइंट्स के लिए खेल रहे हैं, राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होंगे और लीग के अंतिम चरण से चूक जाएंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) द्वारा रविवार को जारी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, नजीबुल्लाह जादरान, जो अफगानिस्तान की विश्व कप टीम का हिस्सा थे, को श्रीलंका वनडे के लिए बाहर रखा गया है, जबकि अब्दुल रहमान को केवल रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर होना पड़ा।

तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीमों के दांबुला जाने से पहले सभी तीन वनडे मैच पल्लेकेले में खेले जाएंगे। विश्व कप के बाद यह अफगानिस्तान का पहला वनडे मैच होगा।

**श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए अफगानिस्तान की टीम इस प्रकार है :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, कैस अहमद, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, नवीद जादरान, फरीद अहमद।

**रिजर्व :** शराफुद्दीन अशरफ, शाहिदुल्लाह, अब्दुल रहमान, बिलाल सामी।

## खबरें व्यापार जगत की

## सरकार ने पैन-आधार लिंकिंग में देरी पर वसूला 600 करोड़ जुर्माना



**एजेंसी। नई दिल्ली**


सरकार ने पैन-आधार लिंकिंग में देरी के लिए 600 करोड़ रुपये का जुर्माना प्राप्त किया है। सरकार ने संसद को सोमवार को सूचित किया कि लगभग 11.48 करोड़ स्थायी खाता संख्याएं अभी भी बायोमेट्रिक पहचान से जुड़ी नहीं हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि छूट वाली श्रेणियों को छोड़कर, आधार से लिंक नहीं किए गए पैन की संख्या 29 जनवरी, 2024 तक 11.48 करोड़ है। पैन को आधार से नहीं किया लिंकदरअसल, 30 जून, 2023 की अंतिम तिथि के बाद अपने पैन और आधार को लिंक नहीं करने वाले व्यक्तियों से 1,000 रुपये की लेट पेनल्टी के माध्यम से सरकार की कमाई के विवरण के संबंध में एक प्रश्न पूछा गया था। इसी का जवाब देते हुए वित्त राज्य मंत्री ने बताया कि जिन व्यक्तियों ने अपने पैन को आधार से लिंक नहीं किया है, उनसे 1 जुलाई 2023 से 31 जनवरी 2024 तक शुल्क का कुल संग्रह 601.97 करोड़ रुपये है। एक जुलाई 2023 से निष्क्रिय हो जाता पैन कार्ड बता दें कि पैन को बायोमेट्रिक आधार से लिंक करने की आखिरी तारीख 30 जून, 2023 थी। आयकर विभाग ने कहा था कि जो करदाता अपना आधार बताने में विफल रहे हैं उनका पैन 1 जुलाई, 2023 से निष्क्रिय हो जाएगा और ऐसे पैन के खिलाफ कोई रिफंड नहीं किया जाएगा। साथ ही, टीडीएस और टीसीएस उच्च दर पर काटा/संग्रह किया जाएगा। इसके अलावा 1,000 रुपये की विलंब शुल्क का भुगतान करके पैन को दोबारा चालू कराया जा सकता है।

## जुनिपर होटल्स समेत चार कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव को सेबी की मंजूरी




**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जुनिपर होटल्स और रियल एस्टेट कंपनी आर्केड डेवलपर्स समेत चार कंपनियों को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी दे दी है। बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को दी जानकारी में बताया कि हयात ब्रांड के तहत होटल श्रृंखला चलाने वाली जुनिपर होटल्स, रियल एस्टेट कंपनी आर्केड डेवलपर्स, लॉजिस्टिक फर्म सीजे डार्कल और लॉजिस्टिक्स एवं कृषि उपकरण विनिमार्ता इंडो फार्म इक्विपमेंट को अपना आईपीओ लाने की मंजूरी दी गई है। इन फर्मों ने सितंबर-अक्टूबर, 2023 के बीच बाजार नियामक के समक्ष अपना आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे हालांकि बाजार नियामक ने क्रोनॉक्स लैब साइंसेज और श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी के आईपीओ प्रस्तावों को लौटा दिया है। सेबी ने इन दस्तावेजों को लौटाने की कोई वजह नहीं बताई है। आईपीओ दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक जुनिपर होटल्स के प्रस्तावित आईपीओ में 1,800 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयरों की बिक्री पेशकश की जाएगी। सेबी के मुताबिक आर्केड डेवलपर्स के आईपीओ में 430 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयरों की पेशकश होगी। इसी तरह सीजे डार्कल लॉजिस्टिक्स के निर्गम में 340 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयरों के साथ प्रवर्तकों के पास मौजूद 54.31 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी जबकि इंडो फार्म इक्विपमेंट के आईपीओ में 1.05 करोड़ नए इक्विटी शेयर और प्रवर्तक के पास मौजूद 35 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है।

## गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार




**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 354.21 अंक यानी 0.49 फीसदी की गिरावट के साथ 71,731.42 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्ससचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 82.10 अंक यानी 0.38 फीसदी लुढ़कर 21,771.70 के स्तर पर बंद हुआ है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 7 शेयरों में तेजी देखने को मिली है। आज कारोबारी सत्र के दौरान एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच बीएसई सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी में बिकवाली से शेयर बाजार नीचे आया। हालांकि, टाटा मोटर्स के शेयर में 5.80 फीसदी की तेजी रही। पिछले हफ्ते अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 440.33 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 156.35 अंक चढ़कर बंद हुआ था।

## आरईसी को मिला सर्वश्रेष्ठ ग्रीन बॉन्ड कॉर्पोरेट पुरस्कार



**नई दिल्ली।** विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और अग्रणी एनबीएफसी, आरईसी लिमिटेड को द एसेट ट्रिपल ए अवाड्र्स फॉर सस्टेनेबल फाइनेंस 2024 में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ ग्रीन बॉन्ड - कॉर्पोरेट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आरईसी प्रवक्ता के मुताबिक आरईसी को अप्रैल 2023 में 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ग्रीन बांड जारी करने के लिए पुरस्कार मिला है। इस मौके पर आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विवेक कुमार देवांगन ने कहा हमें यह पुरस्कार पाकर खुशी हो रही है। यह पुरस्कार टिकाऊ वित्त के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और प्रतिस्पर्धी लागत पर हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर संक्रमण में तेजी लाने के हमारे प्रयासों को रेखांकित करता है।

## तीसरी तिमाही में एयरटेल का शुद्ध लाभ 54 प्रतिशत बढ़कर 2,442 करोड़ रुपए हुआ




**नई दिल्ली।** टेलीकॉम प्रमुख भारती एयरटेल लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कुल शुद्ध लाभ 54 प्रतिशत बढ़कर 2,442 करोड़ रुपए हो गया। तिमाही के दौरान परिचालन से कंपनी का समेकित राजस्व 6 प्रतिशत बढ़कर 37,900 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 35,804 करोड़ रुपए था। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि 4जी और 5जी दोनों सेगमेंट में डेटा ग्राहक 24.5 करोड़ हो गए, जो 74 लाख क्यूओक्यू और 2.82 करोड़ साल दर साल बढ़ रहे हैं।

# हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बताएं, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं : अमर बावरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता अमर बावरी ने कहा कि हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बताएं, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं है। हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों की वजह से गयी है। उन्होंने कहा कि क्या इन्हें नहीं पता है कि राज्यपाल का अभिभाषण केंद्र सरकार लिखकर नहीं देती है, राज्य सरकार लिखकर देती है। केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद कहीं भी राष्ट्रपति शासन नहीं लगा। राज्यपाल के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों की हूटिंग सही नहीं है। हेमंत सोरेन आदिवासी लीडर हो सकते हैं, लेकिन आदिवासियों, दलित और पिछड़े वर्ग के लीडर नहीं हो सकते हैं। विपक्ष के नेता अमर बावरी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग की बात करें तो कांग्रेस के शासनकाल में विभिन्न राज्यों में करीब 90 बार से अधिक राष्ट्रपति शासन लगाया गया। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में सबसे अधिक 50 बार लगाया गया।



## भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाने का काम किया

अमर बावरी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाने का काम किया। शिबू सोरेन को पहली बार बाबूलाल मरांडी ने राज्यसभा भेजा। एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति भाजपा ने बनाया। बावरी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का आदिवासी प्रेम केवल ढोंग है। उसने मधुकोड़ा को मुख्यमंत्री बनाकर जेल भेजने का काम किया। शिबू सोरेन को भी जेल भेजने का काम कांग्रेस ने किया। कांग्रेस की सरकार रहती तो हेमंत बाबू इतने दिन तक मुख्यमंत्री नहीं रहते। कांग्रेस कभी नहीं चाहती है कि यहां के आदिवासी, दलित और पिछड़ों का विकास हो। उन्होंने कहा कि इनका सरकार पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि कई आदिवासियों को पद्मश्री किसने दिया। गौरव दिवस मना कर आदिवासियों को किसने पहचान दिलाई। यह सभी काम भाजपा ने किए। कांग्रेस जिसके साथ रही है उसे दीमक की तरह खाने का कम करती हैं। इसके कई उदाहरण हैं।

## रघुवर कार्यकाल में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए : विनोद सिंह



माले के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि आज पूरा सदन भाजपा के खिलाफ खड़ा है। इसमें कोई शक नहीं है कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा गया। प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल सहित कई ऐसे उदाहरण हैं। भ्रष्टाचार की बात अगर झारखंड में आयी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी नहीं बच सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रघुवर दास भी जमीन घोटाले की आरोपित रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो पूरे देश में की जाये। भाजपा शासित राज्यों में भी जांच एजेंसियां जाएं और जांच करें।

## भाजपा पर बरसे आलमगीर आलम, कहा
# विधायकों को बाहर ले जाने की परंपरा 2005 में आपने शुरू की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि आप लोग अपने बाप-दादा के कामों को भूलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हवाई जहाज से लेकर रेल तक, आज देश में जो भी है, वह कांग्रेस के कामों के कारण है। आलमगीर आलम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सबसे पहले 2005 में आपने यहां विधायकों को बाहर ले जाने का काम किया। यह परंपरा आपने शुरू की है।

कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद किया। भाजपा के एक नेता ने भी देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। ये लोग पूरे देश में ऑपरेशन लोटस चला रहे हैं, जो भाजपा के साथ नहीं जायेगा, वो जेल जायेगा। कांग्रेस विधायक ने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। कोरोना महामारी आयी। अखबार, मीडिया उस समय का देख लें कि उन्होंने क्या-क्या कर दिखाया। जनता ने हमें पांच सालों के लिए चुना है। भाजपा अपने गिरेबान में झांकें। हेमंत सरकार गरीबों के लिए सर्वजन पेंशन लायी, इसमें क्या गलत किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने कई बार केंद्र से आवास के लिए मदद मांगी। अंततः हम लोगों ने अबुआ आवास योजना शुरू की। इसके लिए 30 लाख आवेदन आए। हम भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले दिनों में सभी 30 लाख आवेदकों को अबुआ आवास का लाभ देंगे।

## अपने विधायकों की रखवाली करनी पड़ रही है : बाबूलाल मरांडी

भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह कैसी सरकार है, जिसे अपने विधायकों की रखवाली करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने विधायकों पर ही भरोसा नहीं है। अब देखिए सदन में क्या होता है। फ्लोर टेस्ट में क्या होता है।अपने विधायकों पर ही भरोसा नहीं : राज सिन्हाविधानसभा के बाहर भाजपा विधायक राज सिन्हा ने कहा कि सत्ता पक्ष के विधायक अंतरात्मा पर वोट करेंगे क्योंकि यह सरकार अपना बहुमत खो चुकी है। उन्होंने जेएमएम सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि उनको अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है। इसलिए उन्हें हैदराबाद ले जाया गया। आखिर खरीद फरोख्त का डर क्यों है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि फ्लोर में नयी चंपई सरकार गिर जायेगी।

## आप गलत नहीं हैं तो सामना करें, भागे क्यों रहे थे : सुदेश महतो

सदन में आजसू विधायक सुदेश कुमार महतो ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि परिस्थिति कुछ भी हो लेकिन वर्तमान और झारखंड के आंदोलनकारी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि इस बात की खुशी है कि आज एक झारखंड आंदोलनकारी चंपाई दा मुख्यमंत्री बने हैं। व्यक्तिगत तौर पर हेमंत सोरेन के प्रति मेरी संवेदना है, मगर हेमंत जी ने झारखंड आंदोलन में प्रत्यक्ष तौर पर हिस्सा नहीं लिया। इसलिए वो झारखंड आंदोलन की बात न करे। सुदेश महतो ने कहा कि जब आप गलत नहीं हैं तो सामना करें। भागे क्यों रहे थे। देश के प्रधानमंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता भी एजेंसी के पास गये हैं। मगर इसके लिए किसी पार्टी को दोष देना या किसी सरकार को दोष देना उचित नहीं है।

## रिवर्स में : आंखों देखी विश्वास प्रस्ताव
# हेमंत के आते ही उमड़ी भीड़

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के रिमांड के दौरान विशेष सत्र पर शामिल हुए। वे भारत सरकार वित्र मंत्रालय की गाड़ी पर सवार हो कर आये थे। इस दौरान विस मुख्य द्वार पर संवाददाताओं की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। जिस पर वे काफी गुस्सा होते भी दिखे। हेमंत के जाते ही लगे नारेविधान सभी के पहले दिन के आयोजित विशेष सत्र के समापन पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के निकलने पर जेएमएम के विधायको ने जम कर नारेबाजी की। हेमंत सोरेन जिंदाबाद, हेमंत भईया जिंदाबाद आदि के नारे लगाये गये।

## हेमंत पर भ्रष्टाचार के आरोप निराधार : अकेला यादव

हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार के लगे सभी आरोप निराधार सबित होंगे क्योंकि बीजेपी को तिल का ताड़ करना है। जहां तक बात हैदराबाद जाने और वहां रहने की है तो उसका जवाब बीजेपी के पास ही है। कोई भी राजनीति पार्टी नहीं चाहेगी कि उसके विधायक को तोड़ा जाए। इन दिनों बीजेपी इस तरह के कार्यो को अंजाम देने में लगे हैं। ऐसे में अपने विधायकों की सुरक्षा पार्टी हित के लिए जरुरी हो जाता है।

## यह पूरी तरह राजनीतिक लड़ाई : हेमलाल मुर्मू

अब यह पूरी तरह से राजनीतिक लड़ाई बन चुकी है। ईडी के माध्यम से हेमंत सोरेन को बदनाम करने की साजिश बहुत पहले शुरु हो गई थी। इसी का यह परिणाम है जो अब सबके सामने आया है। जिस तरह से हेमंत सोरेन को प्रताड़ित किया जा रहा है जनता सब देख रही हैं और हम लोग जनता के समक्ष सभी बातों को ले जाएंगे।

## भाजपा राष्ट्रपति शासन नहीं लगवा सकी : महुआ माजी

बीजेपी बार-बार प्रयास के बाद भी राज्य में राष्ट्रपति शासन लगवाने में नाकाम रही। हलांकि वे दूसरे राज्यों में सफल जरूर रहे हैं। लेकिन यहां पर उनकी मनसा पूरी नहीं हो सकी। अब हमारी पार्टी और भी अधिक मजबूती के साथ उभरेगी और लंबे समय तक राज्यभार का वहन करेगी।

## पूर्व की गलतियां न दोहराएं चंपाई : सरयू राय

हेमंत सोरेन ने अपनी इस्तीफा स्वच्छा से राज्यपाल को सौंपा है ना कि उन पर किसी प्रकार का दबाव दिया गया। वे अपनी बातें कोर्ट में रखेंगे ना कि विधानसभा में। विधानसभा इस तरह की बातों के लिए नहीं होता। यदि कांग्रेस दगा नहीं देती है तो चंपाई की सरकार सुचारू रूप से चलेगी। लेकिन पूर्व के सीएम से जो भी गलतियां हुई है उसी को यह सरकार दोहराती है तो उन्हें भी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## राज्यपाल के अभिभाषण के समय सत्ता पक्ष के विधायकों का हंगामा

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार के फ्लोर टेस्ट के पहले दिन सोमवार को विशेष सत्र की शुरूआत राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण से हुई। अभिभाषण के दौरान सदन में शोर-गुल होता रहा। राज्यपाल विधानसभा में अभिभाषण के दौरान हंगामा मचाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सत्ता पक्ष के द्वारा तैयार रहता है, जिसे समझना चाहिए। राजभवन अपनी भूमिका का निर्वाहन करते रहेंगे। राज्यपाल ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना की।

## सीएम चंपाई सोरेन से स्पीकर, मंत्री सहित अन्य अधिकारियों ने की मुलाकात



**रांची।** झारखंड विधानसभा कक्ष में सोमवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम सहित अन्य अधिकारियों ने मुलाकात की। इसके अलावा मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा सैयद जावेद हैदर ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामले में ईडी से नौ तक मांगा जवाब



[illegible] से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखते हुए मामले की सुनवाई जल्द करने का आग्रह किया गया। कोर्ट ने मामले में ईडी को नौ फरवरी तक जवाब दाखिल करने का समय प्रदान करते हुए अगली सुनवाई 12 फरवरी निर्धारित की। हालांकि ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास ने जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग की। हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन द्वारा उनकी गिरफ्तारी एवं रिमांड को हस्तक्षेप याचिका को स्वीकार करते हुए उसे सुनने की अनुमति दे दी। इससे पहले ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास की ओर से कहा गया कि नए तथ्य आने के बाद उन्हें सप्ताह का समय जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया जाए। इस पर हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी बेंच ने अगली सुनवाई 12 फरवरी तय की।

## बड़गाई के राजस्व निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद चार दिनों की ईडी रिमांड पर

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को रिमांड पर लेने के ईडी के आग्रह पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी की ओर से पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड देने का आग्रह कोर्ट से किया गया। कोर्ट ने भानु प्रताप से पूछताछ के लिए चार दिनों की रिमांड ईडी को प्रदान की। रिमांड की अवधि मंगलवार से शुरू होगी। भानु प्रताप पहले से ही बरियातू की सेना की जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। शनिवार को ईडी ने उन्हें इस मामले में भी गिरफ्तार किया था। ईडी हेमंत सोरेन और भानु प्रताप को आमने-सामने बैठा कर पूछताछ करना चाहता है। क्योंकि भानु प्रताप के आवास से ही बरामद दस्तावेज और उसके मोबाइल से मिली जानकारी के आधार पर ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6 /2023 दर्ज किया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**चंपाई सरकार ने जीता...**

और विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका दिया। इस दौरान हेमंत सोरेन ने बेहद इमोशनल भाषण दिया। कहा आदिवासी होने के कारण उन्हें षड्यंत्र के तहत भाजपा फंसा रही है। सोरेन ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इनमें आदिवासी और दलितों के प्रति गुस्सा है। यह कहते हैं कि ये जंगल के हैं तो इन्हें जंगल में ही रहना चाहिए। यह हमें अछूत मानते हैं। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी होने मात्र से हम कानून से ऊपर नहीं हो जाते हैं। गलग करने पर परिणाम भुगतना ही पड़ेगा। दोनों तरफ की बहस सुनने के बाद फ्लोर टेस्ट हुआ, जिसमें सत्ता पक्ष को 47 तो विपक्ष को 29 वोट मिले। वोटों की गिनती के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने पहले सत्ता पक्ष को हां कहते हुए अपनी जगह पर खड़े होने को कहा। विपक्ष के लिए भी यही तरीका अपनाया गया। विधानसभा कर्मियों ने दोनों पक्षों की उपस्थितियों की गिनती की, जिसके बाद सत्ता पक्ष फ्लोर टेस्ट में पास हो गया। अब सारी राजनीतिक गतिविधियों पर विराम लग गया। चंपाई सोरेन अब पूर्ण रूप से सरकार को चलाएंगे।

**कड़ी सुरक्षा में वोट देने आए...**

कुर्सी पर नहीं बैठे। उन्हें सत्ता पक्ष की तरफ वाली आगे की कतार में बैठने की जगह मिली। अपने कुछ साथियों से उन्होंने बात भी की। लेकिन कोर्ट की मनाही की वजह से उन्होंने मीडिया में किसी तरह का कोई बयान नहीं दिया।

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सात फरवरी को...**

कराएंगे और मंत्री परिषद का विस्तार करेंगे। उसी दिन देर शाम तक मंत्रालय का भी बंटवारा कर दिए जाने की संभावना है। जानकारी के अनुसार चार वर्षों से रिक्त पद 12वां बर्थ भी इस बार भरा जाएगा। राजद को छोड़ दिया जाए तो जेएमएम और कांग्रेस में काफी बदलाव देखने को मिल सकता है। सोरेन परिवार की सीता सोरेन और बसंत सोरेन दोनों को मंत्रिमंडल में एडजस्ट किया जा सकता है। वहीं और भी कुछ चेहरे बदल सकते हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से भी कई नाम सामने आ रहे हैं। इसमें प्रदीप यादव, दीपिका पांडे और जयमंगल उर्फ अनुप सिंह का नाम चल रहा है।

**भाजपा ने 2019 से ही सरकार को...**

पढ़ने का हक नहीं है। हेमंत बाबू ने गरीब बच्चों को विदेश भेजा। राज्य बनने के बाद यहां विपक्ष की सरकार बनी। झारखंड के खनिज और माइंस को लूटा गया। आदिवासी मूलवासी को क्या मिला? उन्होंने कहा कि जब-जब यहां आदिवासी मूलवासी की सरकार बनती है, इन्हें दर्द होने लगता है। एक ऐसे मामले में हेमंत बाबू को जेल भेजा गया, जिसका न खाता है और न बही। हेमंत बाबू जनता के दिल में दिया जलाकर आये हैं, भाजपा के लोग उसे कैसे मिटा पायेंगे।

**हां हम कहते हैं कि हम...**

में देर है, अंधेर नहीं। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य अमीर लेकिन यहां के आदिवासी मूलवासी काफी गरीब हैं। यहां के गरीबों के पैर में चप्पल तक नहीं है। आखिर ऐसा क्यों है। इसी को सुधारने का काम शुरू किया। उन्होंने कहा कि जिस गांव में डीसी, डीडीसी और तमाम अधिकारी नहीं पहुंचे थे वहां आपकी योजना आपकी सरकार योजना की वजह से सरकार पहुंची। क्या ऐसा करना गुनाह है।

**53 साल बाद आया फैसला...**

बरनावा में लाक्षागृह की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मामला अदालत में चल रहा था। मुस्लिम पक्ष इस जमीन को सूफी संत शेख बदरुद्दीन की मजार बता रहे थे। जबकि, हिंदू पक्ष का दावा था कि यह महाभारत कालीन लाक्षागृह है। जहां पांडवों को कौरवों द्वारा जलाकर मारने की कोशिश की गई थी। इस पूरे मामले में 53 साल बाद बागपत कोर्ट ने हिंदू पक्ष के हक में बड़ा फैसला दे दिया है। 1970 से इस मामले में अदालत में सुनवाई चल रही थी। पिछले साल इस मामले की सुनवाई में तेजी आई थी। अदालत के फैसले पर हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों की नजर टिकी हुई थी। 1970 में इस मामले को लेकर बरनावा निवासी मुकीम खान ने वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी की हैसियत से मेरठ के सरधना की कोर्ट में एक केस दायर कराया था। जिसमें जानकारी दी थी कि इस लाक्षागृह टीले पर शेख बदरुद्दीन की मजार और एक बड़ा कब्रिस्तान मौजूद है। जिस पर वक्फ बोर्ड का अधिकार है। लाक्षागृह गुरुकुल के संस्थापक ब्रह्मचारी कृष्णदत्त महाराज को इस मामले में मुकीम खान ने प्रतिवादी बनाया था और मामले में लिखा था कि कृष्णदत्त महाराज जो बाहर के रहने वाले हैं, इस कब्रिस्तान को समाप्त कर यहां हिंदुओं का तीर्थ स्थान बनाना चाहते हैं। हालांकि, 53 साल के अंतराल में इस मामले के वादी और प्रतिवादी दोनों की मौत हो चुकी है। फिर भी यह मामला दोनों पक्ष के अन्य लोगों के बीच दालत में चल रहा था। जिस 108 बीघे जमीन को लेकर यह मामला अदालत में चल रहा था वहां एक तरफ मुस्लिम पक्ष शेख बदरुद्दीन के मजार होने का दावा कर रहे थे, वहीं, दूसरी तरफ हिंदू पक्ष यहां पांडव कालीन सुरंग होने का दावा कर रहा था। जिसके जरिए लाक्षागृह में आग लगने के बाद बचकर पांडव निकले थे। यहां हुई खुदाई में इतिहासकारों की मानें तो हजारों साल पुराने जो साक्ष्य मिले, वह बता रहे थे कि यह जगह हिंदू सभ्यता के ज्यादा करीब थी। यहां की खुदाई 1952 में एएसआई की देखरेख में शुरू हुई थी। इस टीले के नीचे एक सुरंग भी मौजूद है। यहां खुदाई में जो चीजें मिली थी, वह भी महाभारत काल के समकालीन बताई गई थी।

**अगर मुझ पर घोटाले साबित हुए तो...**

पर हमला बोलते हुए कहा कि इनमें आदिवासी और दलितों के प्रति काफी गुस्सा है। यह कहते हैं कि यह जंगल के हैं तो इन्हें जंगल में ही रहना चाहिए। यह हमें अछूत मानते हैं। बगल में बैठ जाने से इनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। इसी को पाटने का एक प्रयास किया गया था। यही बात इन्हें नहीं पची। यह हमें अभी भी जंगल में भेज देना चाहते हैं। मुझे इस बात का आभास था। इनके अंदर छिपी जो कुंठा है वो आए दिन बयां होती थी। अगर ये सोच रहे हैं कि मुझे जेल में डालकर इनके मंसूबे पूरे हो गये तो ये लोग भूल रहे हैं, ये झारखंड है।

**मैं आंसू नहीं बहाऊंगा :** हेमंत ने कहा कि मैं आंसू नहीं बहाऊंगा। भाजपा ने ना अपने आदिवासी मुख्यमंत्री को पांच साल पूरा करने दिया और न मुझे पूरा करने दिया। इनकी मानसिकता यही है। इन्हें साल 2019 से ही भ्रष्टाचार नजर आने लगा। इनको 2000 से भ्रष्टाचार नजर नहीं आया। सोरेन ने कहा कि यहां के हर जिले के आदिवासी ने अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ी है। आजादी की लड़ाई लड़ी है। सोरेन ने कहा कि हमने सर झुका कर चलना नहीं सीखा। इसी का नतीजा भुगत रहा हूं। जब सरसों में ही भूत है तो भूत भागेगा कहां से। मेरे हवाई जहाज में चलने, पांच सितारा होटल में ठहरने और मेरे बीएमडब्ल्यू कार में घूमने से इन्हें दिक्कत होती थी। पूरे देश में आदिवासी-दलित सुरक्षित नहीं हैं। विशेष कर झारखंड में वो सुरक्षित नहीं हैं। उनकी नजर यहां के खनिज संपदा पर है। मेरे रहते इन्हें फूंक-फूंक कर कदम रखना पड़ता था।

**फिर से समय लौटेगा, मैं फिर आऊंगा, इंतजार करें :** सोरेन ने कहा कि झारखंड का इतिहास इन्हें कभी माफ नहीं करेगा। षड्यंत्र का जो पैमाने ऐसा है कि कानूनी रूप से कैसे गैरकानूनी काम करना है कोई इनसे सीखे। जिसे तरीके से बंधू तिर्की की सदस्यता गयी। मेरी भी चली जाए। लेकिन जेएमएम का उदय राज्य का मान-सम्मान बचाने के लिए हुआ है और इसके लिए जो लड़ाई लड़नी होगी मैं लड़ने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि फिर से समय लौटेगा। मैं फिर आऊंगा। इंतजार करें।

**भाजपा अकेले जीतेगी 370...**

कामकाज और उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि हमने अपने पहले कार्यकाल में यूपीए सरकार के समय के जो गड्ढे थे, उन गड्ढों को भरने में काफी समय और शक्ति लगाई और दूसरे कार्यकाल में नए भारत की नींव रखी और अब तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था को दुनिया सराह रही है। पूरी दुनिया प्रभावित है। आज की मजबूत अर्थव्यवस्था को देखते हुए, हमने कहा है कि हमारे तीसरे टर्म में भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा और ये मोदी की गारंटी है। अयोध्या में बने भगवान राम के भव्य मंदिर का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान राम न सिर्फ अपने घर लौटे, बल्कि एक ऐसे मंदिर का निर्माण हुआ, जो भारत की महान संस्कृति-परंपरा को नई ऊर्जा देता रहेगा। नेहरू गांधी परिवार और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जो मानसिकता है, उसके कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने देश के सामर्थ्य पर कभी विश्वास नहीं किया, वो अपने आप को शासक मानते रहे और जनता-जनार्दन को कमतर आंकते गए। 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा था कि हिंदुस्तान में लोगों को काफी मेहनत करने की आदत आमतौर पर नहीं है, हम इतना काम नहीं करते जितना यूरोप, जापान, चीन, रुस और अमेरिका वाले करते हैं। यह न समझिए कि वो कौमें कोई जादू से खुशहाल हो गईं, वो मेहनत से और अक्ल से हुई हैं।


**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**
**PR No. -308061 dated 30.09.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 286/2023-24 — दिनांक :- 03.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-PAL-02/2023-24 | हुसैनाबाद | 1 | जपला देवरी मेन रोड से कुसवा भाया ए०के० सिंह डिग्री कॉलेज तक पथ की विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.450 कि०मी०) | 1710.579 | सतरह करोड़ दस लाख संतावन हजार नौ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | हुसैनाबाद | 2 | दुवरा देवी मंदिर से झरहा पिच रोड भाया बरहियाडीह झरहा गाँव तक पथ की विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.550 कि०मी०) | | | |
| | | हुसैनाबाद | 3 | जपला छत्तरपुर पथ कचरा पुल से रक्सही बैराव भाया तीनमुहान तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.100 कि०मी०) | | | |
| | | हुसैनाबाद | 4 | जपला सबानो छत्तरपुर मेन रोड से सरहू झरगाड़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 6.600 कि०मी०) | | | |
| | | हुसैनाबाद | 5 | जपला छत्तरपुर रोड कुर्मीपुर मोड़ से चौवा चट्टान घाघरा जमुवा पर भाया कुर्मीपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.700 कि०मी०) | | | |
| | | हुसैनाबाद | 6 | जपला छत्तरपुर मेन रोड से बैराव तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.950 कि०मी०) | | | |
| | | हुसैनाबाद | 7 | सामुडीह पी०डब्लू०डी० रोड से बनसप्ति भाया पतराकला, चारकोल, झरगड़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 6.200 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–20.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–21.02.2024 ,अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 317906 (Rural Work Department) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–03.02.2024

1. कार्य का नाम :


| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/15/23-24 | सतबरवा | 1 | ग्राम बकोरिया एन0एच0–75 हुरहरी मोड़ से प्राईमरी स्कूल चरवाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.20कि0मी0) | 1449.221 | चौदह करोड़ उन्नचास लाख बाईस हजार एक सौ रूपये मात्र | 15 माह | प्रथम |
| | | डालटनगंज सदर | 2 | चियांकी एन0एच0 से सुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.65कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 3 | विपिन पाठक मोड़ से लोहरी बस्ती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.50कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 4 | एन0एच0–75 से कसियाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (6.10कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 5 | रबदा से ठेमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.70कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 6 | रेवारातु से घुटुवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (9.16कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 7 | हलुमाड़ सिवाना बी0टी0 रोड से लेदवाखांड भाया मानासोती मेन रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.50कि0मी0) | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.02.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 23.02.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 317876 Rural Development(23-24).D




## एक नजर

### संजय जाजू ने सूचना एवं प्रसारण सचिव का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** आईएएस अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव का पदभार संभाल लिया। संजय जाजू वर्ष 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जो वर्तमान में अपने कैडर राज्य तेलंगाना में कार्यरत थे। इस पद पर पहले कार्यरत अपूर्व चंद्रा को स्वास्थ्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। अपूर्व चंद्रा महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी आज गोवा का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री आज गोवा का दौरा करेंगे। वह वहां भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वह सार्वजनिक कार्यक्रम में 1330 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएमओ ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री सुबह लगभग 10:30 बजे ओएनजीसी सी सर्वाइवल सेंटर का उद्घाटन करेंगे।

### म्यांमार से दागे गए मोर्टार के गोले बांग्लादेश में गिरे, दो की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के बंदरबन में घुमदम सीमा पर म्यांमार से कथित रूप से दागे गए मोर्टार के गोलों से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई है। यह गोले सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे नाइखोंगचारी उपजिला में एक निमार्णाधीन घर पर गिरे। नाइखोंगचारी पुलिस स्टेशन प्रभारी (ओसी) अब्दुल मन्नान ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की। घटना के तुरंत बाद रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के सदस्यों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। मृतकों की पहचान होसनेरा बेगम (50) और एक रोहिंग्या मजदूर के रूप में हुई है। यह मजदूर इस निमार्णाधीन घर पर काम कर रहे थे। दोनों शव कॉक्स बाजार सदर अस्पताल भेजे गए हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में भारत ने बिखेरी चमक, पांच भारतीयों ने जीते पुरस्कार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। 'शक्ति' का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम 'दिस मूमेंट' जून 2023 में रिलीज किया गया था। संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन करने वाली रिकॉर्डिंग एकेडमी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पेज पर यह घोषणा की। पोस्ट में कहा गया है, सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम विजेता 'दिस मूमेंट'शक्ति को बधाई। महादेवन, राजगोपालन और सेल्वागणेश पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए जबकि मैकलॉघलिन समारोह में शामिल नहीं हुए और हुसैन एक और ग्रैमी पुरस्कार जीतने के बाद मंच के पीछे थे। महादेवन ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी संगीता को देते हुए कहा, हम आपको याद कर रहे हैं जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्होंने आज एक और ग्रैमी पुरस्कार जीता है। ब्वॉयज, ईश्वर, परिवार, दोस्तों और भारत का शुक्रिया। हमें भारत पर गर्व है। हुसैन ने 'पश्तो' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ 'एज वी स्पीक' के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का ग्रैमी पुरस्कार भी जीता। इस एल्बम में महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे और भारतीय बांसुरी वादक राकेश चौरसिया भी हैं। पुरस्कार समारोह में शामिल हुए दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी केज ने 2024 को ग्रैमी में भारत का वर्ष बताया।



उन्होंने कहा, वाह...यह ग्रैमी में पूरी तरह से भारत का वर्ष है। वाह..राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश विनायकराम और उस्ताद जाकिर हुसैन...भारत सही में चमकता सितारा है!! रोमांचक!! एक ही साल में पांच भारतीय ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं। केज ने एक अलग पोस्ट में कहा, ...और उस्ताद जाकिर हुसैन ने एक ही रात में तीन ग्रैमी पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते हैं। यह ग्रैमी में भारत के लिए बड़ा साल है...और मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे यह देखने का अवसर मिला। ब्रिटिश गिटारवादक मैकलॉघलिन ने हुसैन, भारतीय वायलिन वादक एल. शंकर और तालवादक टी एच 'विक्कू' विनायकराम (सेल्वागणेश विनायकराम के पिता) के साथ मिलकर 1973 में 'शक्ति' बनाया था। मृदंग वादक रामनाद वी राघवन के साथ इस संगीत बैंड ने 1975 में पहला एल्बम 'शक्ति' जारी किया। इस संगीत बैंड की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा गया है कि 'अभूतपूर्व अंतरमहाद्वीपीय सहयोग' कहे जाने वाला शक्ति पूर्वी और पश्चिमी संगीतकारों को जोड़ता है।

इस साल के ग्रैमी पुरस्कार का आयोजन रविवार रात को लॉस एंजिलिस में किया गया। अमेरिकी गायिका मारिया कैरी ने संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े ग्रैमी पुरस्कार समारोह का पहला पुरस्कार माइली सायरस को 'फ्लावर्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ 'पॉप सोलो' प्रस्तुति की श्रेणी में दिया। दुआ लीपा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समारोह का आगाज किया। सर्वश्रेष्ठ रैप प्रस्तुति का पुरस्कार किलर माइक को दिया गया। इसके तुरंत बाद माइक ने 'माइकल' के लिए सर्वश्रेष्ठ रैप एल्बम का पुरस्कार भी जीता।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रैमीज में 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत' पुरस्कार जीतने के लिए उस्ताद जाकिर हुसैन और अन्य को बधाई दी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत' के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर संगीतकार उस्ताद जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, सेल्वगणेश वी और गणेश राजगोपालन को बधाई दी। उनके बैंड 'शक्ति', एक फ्यूजन म्यूजिक ग्रुप ने 'दिस मोमेंट' के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी असाधारण प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीता है, जिससे भारत गौरवान्वित हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, सेल्वगनेश वी और गणेश राजगोपालन को ग्रैमीज में आपकी अभूतपूर्व सफलता पर बधाई। आपकी असाधारण प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीत लिया है। भारत को गर्व है! ये उपलब्धियां आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत का प्रमाण हैं यह नई पीढ़ी के कलाकारों को बड़े सपने देखने और संगीत में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए भी प्रेरित करेगा।

## विपक्ष ने सत्तापक्ष पर धार्मिक विभाजन का लगाया आरोप, भाजपा बोली

# देश में हुआ चौतरफा विकास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में सोमवार को विपक्षी सदस्यों ने सत्तापक्ष के विकास के दावों पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी चुनावी लाभ के लिए धार्मिक विभाजन का सहारा ले रही है। दूसरी तरफ, भाजपा ने कांग्रेस पर 70 वर्षों में देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का 'पाप करने' का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ चौतरफा विकास कर रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर शुक्रवार को अधूरी रही चर्चा को आगे बढ़ाते हुए शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्णे ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि पिछले 10 वर्षों से तेजी से निरंतर विकास हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के सत्यपाल सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने धर्म के नाम पर बंटवारा किया, भाषा के नाम पर राज्य बनाए और जातियों के नाम पर समाज को बांट दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ये पाप किए हैं। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस ने अंग्रेजों की नीतियों को अपनाया। सिंह ने कहा, देश का 'इंडिया' नाम खत्म किया जाना चाहिए। इस देश का नाम भारत है। इसमें बदलाव



होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। कांग्रेस सांसद बेनी बेहनन ने दावा किया कि पिछले संसद सत्र में करीब 150 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया और विपक्ष की गैरमौजूदगी में कई विधेयकों को पारित करवाया गया। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार संसद को नजरअंदाज करती है। उन्होंने दावा किया कि कृषि क्षेत्र में बजट आवंटन को लगातार कम किया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री लगातार 'मोदी की गारंटी' की बात करते हैं। लेकिन आज रोजगार की गारंटी क्या है?...मणिपुर के लोगों के लिए मोदी की गारंटी क्या है? बेहनन ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के शामिल होने का उल्लेख करते हुए दावा किया कि धर्म और सरकार को आपस में जोड़ा जा रहा है। न्होंने कहा, राजनीति और धर्म अलग-अलग होने चाहिए। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी लाभ के लिए धार्मिक विभाजन कर रही है। जनता दल (यूनाइटेड) के आलोक कुमार सुमन ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को 'भारत रत्न' दिए जाने के फैसले के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने अनुरोध किया कि 'आउटसोर्सिंग' नौकरियों में भी आरक्षण की व्यवस्था की जाए। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की शताब्दी रॉय ने कहा कि सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन सच्चाई इसके उलट है। उन्होंने कहा कि आज महिला, युवा और गरीब सबसे ज्यादा परेशान हैं। रॉय ने कहा, सरकार को बताना चाहिए कि उज्ज्वला योजना के तहत कितने लोगों ने सिलेंडर को फिर से भरवाया है? उन्होंने दावा किया, सत्तापक्ष के लोग भगवान राम की बात करते हैं। यह अच्छी बात है।

### महाराष्ट्र में 5 लोस सीट पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही एआईएमआईएम

**ठाणे।** एआईएमआईएम आगामी लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की कुल 48 लोकसभा सीट में से पांच पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी। रविवार को यहां भिवंडी में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम की महाराष्ट्र इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अब्दुल गफ्फार कादरी ने कहा कि पार्टी राज्य की उत्तरी मुंबई, धुले, नांदेड़, भिवंडी और छत्रपति संभाजीनगर सीट पर अपने उम्मीदवारों को उतारने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी नीत पार्टी प्रभावी चुनावी रणनीति तैयार करने के लिए फिलहाल इन सीट पर सर्वेक्षण कर रही है। इसके साथ ही कादरी ने विपक्षी कांग्रेस और राकांपापर खुद को धर्मनिरपेक्ष बताने के लिए निशाना साधा और कहा कि दोनों दल एआईएमआईएम को 'अछूत' मानते हैं।

## लोकसभा चुनाव 2024 : अब चुनाव-प्रचार में नहीं कर पाएंगे ये काम

# निर्वाचन आयोग ने जारी की सख्त गाइडलाइन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राजनीतिक दलों से कहा कि वे पोस्टर एवं पर्चों सहित प्रचार की किसी भी सामग्री में बच्चों का इस्तेमाल 'किसी भी रूप में' न करें। राजनीतिक दलों को भेजे परामर्श में निर्वाचन आयोग ने दलों और उम्मीदवारों द्वारा चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरीके से बच्चों का इस्तेमाल किए जाने के प्रति अपनी 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति से अवगत कराया। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को साफ-साफ निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव प्रचार के काम में बच्चों का इस्तेमाल न करें। आयोग ने कहा कि नेताओं और उम्मीदवारों को प्रचार गतिविधियों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी तरीके से नहीं करना चाहिए, चाहे वे बच्चे को गोद में उठा रहे हों या वाहन में या फिर रैलियों में बच्चे को ले जाना हों। आयोग ने एक बयान में कहा, किसी भी तरीके से राजनीतिक प्रचार अभियान चलाने के लिए बच्चों के इस्तेमाल पर भी यह प्रतिबंध लागू है, जिसमें कविता, गीत, बोले गए शब्द, राजनीतिक दल या उम्मीदवार के प्रतीक चिह्न का प्रदर्शन शामिल है। आयोग ने कहा कि लेकिन यदि कोई नेता जो किसी भी राजनीतिक दल की चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है और कोई बच्चा अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ उसके समीप केवल मौजूद होता है तो इस परिस्थिति में यह दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन आयोग के प्रमुख हितधारकों के रूप में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर लगातार जोर दिया है। उन्होंने खासकर, आगामी संसदीय चुनावों के मद्देनजर लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में उनसे सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयोग के इन दिशा-निर्देशों में मुंबई उच्च न्यायालय का चेनत रामलाल भुटाडा बनाम महाराष्ट्र राज्य सरकार एवं अन्य के मामले में 04 अगस्त 2014 के उस आदेश का विशेष रूप से उल्लेख किया है जिसमें राजनीतिक दलों को चुनाव संबंधी कामों में बच्चों को लगाने को कड़ाई से मना किया गया है। आयोग ने सरकारी चुनाव मशीनरी को भी इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है और ऐसा न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### आयोग ने चुनाव कार्य में बच्चों को न लगाने के निर्देश




निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को साफ-साफ निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव प्रचार के काम में बच्चों का इस्तेमाल न करें। आयोग ने कहा कि इस मामले में कोई भी अवहेलना रत्ती भर भी स्वीकार्य नहीं होगी। आयोग ने सोमवार को इस बारे में राजनीतिक दलों, चुनाव में प्रत्याशियों और निर्वाचन मशीनरी को कड़े निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों में कहा गया है कि इस मामले में लोगों को बाल श्रमिक (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 और इसमें 2016 में किए गए संशोधनों का कड़ाई से पालन करना होगा। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयोग के इन दिशा-निर्देशों में मुंबई उच्च न्यायालय का चेनत रामलाल भुटाडा बनाम महाराष्ट्र राज्य सरकार एवं अन्य के मामले में 04 अगस्त 2014 के उस आदेश का विशेष रूप से उल्लेख किया है जिसमें राजनीतिक दलों को चुनाव संबंधी कामों में बच्चों को लगाने को कड़ाई से मना किया गया है। आयोग ने सरकारी चुनाव मशीनरी को भी इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है और ऐसा न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# पाकिस्तान में थाने पर आतंकी हमला, 10 पुलिसकर्मी मारे गए




**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक थाने पर आज (सोमवार) तड़के करीब तीन बजे हुए आतंकी हमले में 10 पुलिसकर्मी मारे गए। यह आतंकी हमला डेरा इस्माइल खान जिले के तहसील दरबान के चोडवान पुलिस स्टेशन पर हुआ। इस हमले में छह अन्य घायल हो गए। डॉन समाचार पत्र और जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले हुई इस वारदात की प्रांत सरकार ने कड़ी निंदा की है। क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) नासिर महमूद ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की। इस हमले ने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सुरक्षा चिंता बढ़ा दी है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरशद हुसैन शाह ने हमले की निंदा की है। उन्होंने शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। शाह ने कहा है कि सरकार शोक संतप्त लोगों की हर संभव तरीके से मदद करेगी। पुलिस ने कहा है कि आतंकवादियों ने तड़के तीन बजे पुलिस थाने पर घातक हथियारों से हमला कर दिया। घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आतंकियों ने पुलिस स्टेशन को चारों तरफ से घेरकर ग्रेनेड फेंके और गोलीबारी की। पुलिस के अनुसार, सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। शहीद पुलिसकर्मियों का अंतिम संस्कार पुलिस लाइन में किया जाएगा।

# पीएम सुनक के लिए नई मुसीबत, व्यापार मंत्री पर इंफोसिस को 'वीआईपी एक्सेस' देने का आरोप

**एजेंसी। लंदन**

प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को हितों के नए टकराव का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल अप्रैल में भारत के व्यापार मिशन पर आए एक कंजर्वेटिव मंत्री ने कहा है कि उन्हें ब्रिटेन में आईटी कंपनी इंफोसिस को आगे बढ़ने में मदद करके खुशी होगी। यह कंपनी सुनक के ससुर की है। डेली मिरर की जांच के अनुसार, व्यापार मंत्री डोमिनिक जॉनसन ने कहा कि वह ब्रिटेन में इंफोसिस की बड़ी उपस्थिति देखना चाहते हैं और इसे सुविधाजनक बनाने के लिए वह जो भी कर सकते हैं उसे करने में खुशी होगी।

उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब अक्षता मूर्ति के पिता द्वारा स्थापित बेंगलुरु स्थित कंपनी ब्रिटेन में 75 करोड़ पाउंड के अनुबंध के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही है और अपने दूसरे सबसे बड़े बाजार में कर्मचारियों की संख्या को 20 प्रतिशत बढ़ाकर छह हजार करने की योजना बना रही है। 50 करोड़ पाउंड से अधिक मूल्य की कंपनी में सुनक और उनकी पत्नी की भी



0.91 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पिछले वित्तीय वर्ष में उन्हें 1.3 करोड़ पाउंड का लाभांश मिला है और उनके द्वारा जमा की गई भारी संपत्ति का अधिकांश हिस्सा इसी आईटी फर्म से आता है।

कंपनी के कार्यालय में एक बैठक में, जिसका विवरण द मिरर द्वारा सूचना की स्वतंत्रता के अनुरोधों का उपयोग करके प्राप्त किया गया था, जॉनसन ने इन्फोसिस को अपने कर्मचारियों के लिए ब्रिटेन का वीजा प्राप्त करने का तरीका बताया था। जॉनसन ने उपलब्ध गतिशीलता योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जिसका इंफोसिस लाभ उठा सकता है, विशेष रूप से उच्च क्षमता वाली व्यक्तिगत वीजा योजना, जो धारकों को दो साल तक देश में रहने की अनुमति देती है। अप्रैल 2023 की बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से इंफोसिस को कैसे फायदा होगा। जॉनसन के ब्रीफिंग नोट्स में उल्लिखित बिंदुओं में से एक में कहा गया है, आश्वस्त करें कि एफटीए व्यापार वृद्धि को समर्थन देने के लिए नए अवसर और निवेशक-अनुकूल नीतियां बनाएगा। पिछले साल सितंबर में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए सुनक की भारत यात्रा से पहले, व्यापार विशेषज्ञों और सांसदों ने चिंता जताते हुए आरोप लगाया था कि ब्रेक्सिट के बाद के व्यापार सौदे से इंफोसिस को वित्तीय लाभ होगा। इंफोसिस, जो जॉनसन की समरसेट कैपिटल में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है, को मंत्री ने 'आश्वस्त' किया, जिन्होंने कहाः 'हम इंफोसिस के साथ संबंधों को महत्व देते हैं और हमारे अनुरोध पर मंत्री स्तर पर जुड़ना जारी रखेंगे।' उजागर किए गए दस्तावेजों को 'नुकसानदेह' बताते हुए विपक्षी लेबर पार्टी ने कहा कि सरकार को एक व्यवसाय को 'वीआईपी पहुंच' देने के बारे में जवाब देने के लिए गंभीर सवालों का सामना करना पड़ा, इसलिए व्यक्तिगत रूप से सुनक और लिबरल डेमोक्रेट के करीबी ने पूर्ण पारदर्शिता की मांग की। लिबरल डेमोक्रेट उप नेता डेजी कूपर ने द मिरर को बताया, ऐसा लगता है कि यह सरकार राजनीति में जनता के भरोसे को खत्म करने पर आमादा है। जनता को यह जानने का अधिकार है कि सरकार क्या कर रही है। हमें प्रधानमंत्री से इतनी करीबी तौर पर जुड़ी कंपनी के साथ सभी सरकारी लेनदेन में पूरी पारदर्शिता रखनी चाहिए।

## फिल्म जगत

# अपने बच्चों के साथ मैंने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं : सुष्मिता



**मुंबई।** एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने एक मां और बच्चे के बीच के बॉन्ड को बनाए रखने के संघर्ष पर विचार किया और अपने बच्चों के साथ उतार-चढ़ाव के बारे में खुलासा किया। थ्रिलर सीरीज 'आर्या' में मुख्य भूमिका निभाने वाली सुष्मिता ने कहा, अपने बच्चों को अपने खिलाफ जाते देखना हर मां के लिए सबसे बुरा सपना होता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किससे पूछते हैं, यह कुछ ऐसा है जो हम सभी को एकजुट करता है। हममें से कोई नहीं चाहता कि हमारे बच्चे खतरे में हों, डरें या असुरक्षित महसूस करें। हम कभी नहीं चाहते कि वे हमारे खिलाफ हों। आर्या, जैसा कि आपने इस सीजन के पहले पार्ट में देखा है, उस हार्टब्रेकिंग प्वाइंट तक पहुंच जाती है।" सेन, जो दो गोद ली हुई बेटियों रेनी और अलीसा की मां हैं, ने कहाः हालांकि मैं इस बात के लिए आभारी हूं कि मुझे आर्या जितना अनुभव नहीं हुआ, लेकिन किसी भी मां की तरह मुझे भी अपने बच्चों के साथ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा है। मैंने उन भावनाओं को स्क्रीन पर मेरे किरदार द्वारा महसूस किए गए दर्द को चित्रित करने में उपयोग किया है।" 'आर्या अंतिम वार' 9 फरवरी से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी।